संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 08 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 157 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीजेपी के वरिष्ठ नेता भारत रत्न से सम्मानित लाल कृष्ण आडवाणी से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

# एनडीए ने पेश किया सरकार बनाने का दावा

● मोदी फिर बनेंगे पीएम, 9 जून को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री व अन्य मंत्री पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे, राष्ट्रपति द्रौपदी से मिले पीएम मोदी

**फिर मोदी सरकार**

**एनडीए ने राष्ट्रपति के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। 9 जून को मोदी व अन्य मंत्री पद की शपथ लेंगे**


**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः लोकस**भा चुनाव 2024 में भाजपा पूर्ण बहुमत से चूक गई। हालांकि, एनडीए ने कुल 293 सीटें हासिल करके 272 सीटों (बहुमत) का आंकड़ा प्राप्त किया है। इसी के साथ पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है और एक बार फिर से पीएम पद की शपथ लेने वाले है। इसके पहले एनडीए की एक बैठक बुलाई गई। जिसमें सभी दलों के शीर्ष नेता, सीएम, सांसदों ने भाग लिया। बैठक के बाद पीएम के नाम पर फाइनल मुहर लग गई है। एनडीए ने राष्ट्रपति के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। 9 जून को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री व अन्य मंत्री पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे। जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी 15 वर्ष (तीसरे कार्यकाल) के लिए पीएम बनने जा रहे हैं। आप जब तक पीएम है कोई भी भारत की ओर आंख उठाकर नहीं देख सकता है। संविधान सदन (पुरानी संसद) के सेंट्रल हॉल में एनडीए के संसदीय दल की बैठक शुरू हो चुकी है। एनडीए के सहयोगी दलों के पार्टी प्रमुखों का स्वागत किया जा रहा है। मीटिंग में अमित शाह, जेपी नड्डा, नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, नरेंद्र मोदी उपस्थित हैं। पीएम ने नवनिर्वाचित सांसदों का स्वागत किया और पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम का जिक्र करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। पीएम ने एनडीए को तीसरी बार बहुमत मिलने पर सहयोगियों का धन्यवाद दिया।

पीएम मोदी ने कहा, "एनडीए का यह कार्यकाल तेज फैसलों और विकास का है। अब देश को पांचवीं से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है।" पीएम ने इस दौरान जी-20 समिट का भी जिक्र किया। कहा कि हम चाहते तो एक ही जगह पर कार्यक्रम आयोजति पूरा कर फोटो खिंचवा लेते, लेकिन हमने अलग-अलग राज्यों में 200 जगहों पर यह कार्यक्रम आयोजित किए। विदेशों में लोग अब जाकर भारत की विशालता और विविधता की चर्चा कर रहे हैं।

**न हम हारे थे, न हारे हैंः मोदी**

न हम हारे थे, न हारे हैं; हम विजय को पचाना जानते हैं। कहा कि पहले भी (2014 में) एनडीए था, कल (2019 में) भी एनडीए था और आज (2024 में) भी एनडीए है। 10 साल बाद भी कांग्रेस 100 सीटों का आंकड़ा नहीं छू पाई। पीएम ने ईवीएम पर उठाए गए सवालों को लेकर विपक्ष पर जमकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने 4 जून को परिणाम वाले दिन का एक वाकया साझा करते हुए कहा कि ईवीएम जिंदा है या मर गया...। उन्होंने कहा कि शाम होते-होते ईवीएम पर सवाल उठाने वाले विपक्षियों के मुंह पर ताला लग गया। ये लोग ईवीएम के खिलाफ झूठ का षडयंत्र लेकर बैठे थे। मोदी बोले- किसी भी पार्टी का सांसद हो मेरे लिए सभी समान होंगे। कहा कि विकसित भारत के अपने सपने को साकार करके रहेंगे। मोदी ने दक्षिण के राज्यों में एनडीए को मिली बढ़त का जिक्र किया। इस दौरान विशेष रूप से केरल का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां हमारी विचारधारा को लेकर हमारे कार्यकताओं पर जुल्म किया गया। इतना तो जम्मू-कश्मीर में भी नहीं हुआ था। आज पहली बार केरल से हमारा प्रतिनिधि सदन में होगा। इस दौरान उन्होंने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बड़ी जीत पर भी बयान दिया।





## सहयोगी दलों ने प्रस्ताव किया अनुमोदित

**अपना** दल प्रमुख अनुप्रिया पटेल ने भी पीएम के लिए नरेंद्र मोदी के नाम के प्रस्ताव को समर्थन दिया। लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने भी प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। अपने वक्तव्य में उन्होंने नरेंद्र मोदी के पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियों पर धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्यूलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने कहा कि वे एनडीए के साथ बने रहेंगे। उन्होंने भी प्रस्ताव का समर्थन किया।

**शिंदे ने पढ़ी कविताः** एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने भी पीएम पद के लिए नरेंद्र मोदी के नाम को समर्थन दिया है। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे ने भी पीएम पद के लिए मोदी के नाम का समर्थन किया और कहा कि उनका भाजपा के साथ गठबंधन फेविकोल के जोड़ की तरह मजबूत है, यह टूटने वाला नहीं है। इस दौरान उन्होंने पीएम के लिए 'मैं उस माटी का वृक्ष नहीं...' कविता की कुछ पक्तियां पढ़ीं।

## नीतीश कुमार ने दिया समर्थन

**जदयू** प्रमुख नीतीश कुमार ने भी नरेंद्र मोदी के नाम के प्रस्ताव को समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मोदी 10 साल पीएम रहने के बाद एक बार फिर पीएम बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार पूरे समय वे सरकार के साथ बने रहेंगे। इधर उधर कोई करना चाहता है उसका कोई मतलब नहीं है। अगली बार एनडीए फिर एक साथ बिहार में चुनाव लड़ेगा और सभी सीटें जीतेगा।

## एक तरफ लोगों के सपने, तो दूसरी तरफ एनडीए...मैं एनडीए को ही चुनूंगाः मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत न मिलने के बावजूद नरेंद्र मोदी के पीएम बनने का रास्ता साफ हो गया है। चुनाव में एनडीए को बहुमत मिला है, जिसके बूते आज मोदी को एक बार फिर संसदीय दल का नेता चुन लिया गया। एनडीए की बैठक में सर्वसम्मति से मोदी को पीएम पद के लिए अपना नेता चुना गया। संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद मोदी ने सैंट्रल हॉल में भाषण भी दिया। मोदी ने अपने एनडीए नेताओं की खूब तारिफ भी की।

**मैं एनडीए को ही चुनूंगा...**

अपने भाषण के दौरान मोदी ने एक खास बात भी कही। मोदी ने कहा कि अगर मैं एक तरफ एनडीए रखूं और दूसरी तरफ भारत के लोगों के सपने और संकल्पों को रखूं तो मैं कहूंगा... एनडीए पीएम ने इसी के साथ एनडीए का मतलब भी बताया।

**एन- न्यू इंडिया**

**डी- डेवलप इंडिया**

**ए- एस्पिरेशनल इंडिया**

पीएम ने कहा कि इन सपनों और संकल्पों को पूरा करना, ये हम सबका संकल्प भी है, कमिटमेंट भी है और इसको लेकर हमारे पास रोडमैप भी है।

**देश को एनडीए पर भरोसाः** पीएम ने आगे कहा कि आज के वातावरण में देश को सिर्फ एनडीए पर ही भरोसा है और जब इतना अटूट विश्वास और भरोसा है तो स्वाभाविक है कि देश की अपेक्षाएं भी बढ़ेंगी और मैं इसे अच्छा मानता हूं। मैंने पहले भी कहा था कि पिछले 10 साल का कार्य तो सिर्फ ट्रेलर है। और ये मेरा कमिटमेंट है, हमें और तेजी से और विश्वास देश की आकांक्षाओं को पूरा करने में रत्तीभर भी विलंब नहीं करना है।

## मोदी 'सही समय पर सही नेता' हैं देश के : चंद्रबाबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) नेता चंद्रबाबू नायडु ने संसदीय दल के नेता के तौर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का गर्मजोशी से अनुमोदन किया। (शुक्रवार) को संसद भवन की पुरानी इमारत के संविधान सदन में अपने अभिभाषण के दौरान चंद्रबाबू नायडु ने कहा कि जिस दृष्टिकोण और उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन वर्षों में काम किया है उसके मुताबिक वे देश के लिए 'सही समय पर सही नेता' नेता हैं। लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद शुक्रवार को दिल्ली में संसदीय दल की बैठक हुई और इसमें सभी ने नरेन्द्र मोदी के नाम पर मुहर लगाई। इस बीच टीडीपी के नेता चंद्रबाबू नायडु ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का अनुमोदन करते हुए उन्हें पूरा समर्थन की बात कही। उन्होंने मोदी सरकार के बीते 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए बड़ा दावा किया। चंद्रबाबू नायडु ने कहा कि देश दुनिया में तीसरी बड़ी इकॉनामी बननेवाला है। चंद्रबाबू नायडु ने अपने अभिभाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास और विकसित भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए तीसरी बार बन रही एनडीए के सरकार को देश के लिए बेहतर अवसर बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत के विकास के लिए यह बेहतर अवसर है इस तरह का अवसर कभी नहीं मिलेगा।

## जब तक मोदी पीएम बने रहेंगे, देश नहीं झुकेगाः पवन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि जब तक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने रहेंगे, तब तक देश किसी के सामने नहीं झुकेगा। पवन कल्याण ने शुक्रवार को संसद में एनडीए के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, "मोदी जी आप वास्तव में देश को प्रेरित करते हैं, जब तक आप इस देश के प्रधानमंत्री हैं, हमारा देश कभी किसी के सामने नहीं झुकेगा।" वहीं, तेलुगु देशम पार्टी



(टीडीपी) के सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत के लिए "सही समय पर सही नेता" हैं, क्योंकि उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को टीडीपी के समर्थन की

**प्रेरणास्त्रोत**

**मोदी जी आप वास्तव में देश को प्रेरित करते हैं, आप इस देश के पीएम हैं, देश कभी किसी के सामने नहीं झुकेगा**

पुष्टि की। नायडू ने प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा और उनके सबका साथ, सबका विकास और विकसित भारत के विजन को रेखांकित किया। उन्होंने आग्रह किया कि भारत के लिए यह अच्छा अवसर कभी न चूकें। नायडू ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कई पहल की हैं। नरेंद्र मोदी के पास एक विजन और जोश है, उनका क्रियान्वयन बहुत बढ़िया है। वे अपनी सभी नीतियों को सच्ची भावना से क्रियान्वित कर रहे हैं। आज भारत के पास सही समय पर सही नेता है और वह नरेंद्र मोदी हैं। यह भारत के लिए बहुत अच्छा अवसर है, अगर आप इसे अभी चूक गए तो हम हमेशा के लिए चूक जाएंगे। यहीं पर हमें एक शानदार अवसर मिल रहा है।"

**आदर्श विचार**



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"

-स्वामी विवेकानंद

## विपक्षी गठबंधन ने कोई काम नहीं किया: नीतीश कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक में शुक्रवार को नीतीश कुमार ने अपनी पार्टी जेडीयू की ओर से प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी का समर्थन किया। साथ ही विपक्षी इंडिया गठबंधन पर हमलावर भी दिखाई दिए। नीतीश कुमार ने कहा कि नरेन्द्र मोदी 10 साल से प्रधानमंत्री हैं और आगे भी बनने जा रहे है। पिछली दो सरकारों में बचे हुए कार्य वे इस काल में पूरा कर देंगे। जदयू सब दिन इनके साथ है और वे जो कहेंगे, हम करेंगे।नीतीश ने कहा कि अगली बार विपक्षी गठबंधन फिर हारेगा। यह गठबंधन बिना मतलब की बातें कर रहा हैं। इन्होंने कोई काम नहीं किया है। विपक्षी गठबंधन ने देश की कोई सेवा नहीं की है। मोदी ने देश की सेवा की है। फिर मौका मिला है। आगे विपक्ष के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।

## रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति का अनुमान 4.50 फीसदी पर रखा




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मानसून सामान्य रहने के अनुमान को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति (महंगाई) के अनुमान को 4.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 5.40 फीसदी के अनुमान से कम है। हालांकि, आरबीआई ने इसके साथ ही खाद्य कीमतों के परिदृश्य पर करीबी नजर रखने की जरूरत पर बल दिया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यहां द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद फैसलों की जानकारी दी। दास ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 फीसदी पर बरकरार रखा गया है।

**मौद्रिक नीति**

**उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च-अप्रैल पहली तिमाही में नरम पड़ी है**

उन्होंने बताया कि पहली तिमाही में मुद्रास्फीति के 4.9 फीसदी, दूसरी तिमाही में 3.8 फीसदी, तीसरी तिमाही में 4.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.5 फीसदी रहने की संभावना है। शक्तिकांत दास ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च-अप्रैल पहली तिमाही में नरम पड़ी है लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति पर लगातार दबाव की वजह से आम आदमी को इसका लाभ नहीं मिल पाया है।

## कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में धांधली का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (स्नातक) में धांधली का आरोप लगाते हुए कहा है कि इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए ताकि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिल सके। नीट का परिणाम गत चार जून को घोषित किया गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के युवाओं को ठगा है। आज (शुक्रवार) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स




पर प्रतिक्रिया देने के साथ ही कहा कि उनकी मांग है कि उच्चतम न्यायालय की देखरेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए, जिससे नीट व अन्य परीक्षाओं में भाग लेने वाले हमारे

**मांग**

**उच्चतम न्यायालय की देखरेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए: जयराम**

प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिले। मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा , "पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार नीट समेत कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गया है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के लिए भर्ती परीक्षाओं में भाग लेना, फिर अनेक अनियमितताओं से जूझना, पेपर लीक के चक्रव्यूह में फंसना- उनके भविष्य से खिलवाड़ है।"

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, "पहले नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ और अब छात्रों का आरोप है कि इसके परिणाम में भी भ्रष्टाचार हुआ है। एक ही सेंटर के 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिलने पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं और कई तरह की अनियमितताओं की बातें सामने आ रही हैं। बच्चों के आत्महत्या करने की खबरें झकझोरने वाली हैं।"

## एनडीए की बैठक में जयंत चौधरी को नहीं मिला मंच

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** चुनाव खत्म होने के बाद अठारहवीं लोकसभा के गठन को लेकर शुक्रवार को एनडीए की बैठक दिल्ली में बुलाई गई, जिसमें भाजपा और उसके सहयोगी दलों के नेताओं को आमंत्रित किया गया। बैठक में यूपी में भाजपा के सहयोगी दल रहे रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी भी पहुंचे। इस पर समाजवादी पार्टी ने जयंत पर तंज कसा और भाजपा को झूठा करार दिया। समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल ने एक ट्वीट में कहा, रालोद के मुखिया जयंत चौधरी को मंच पर स्थान तक नहीं दिया गया, जबकि उनकी 2 सीटें हैं। वहीं 1-1 सीट वाले दलों के नेताओं को मंच पर साथ में बिठाया गया। भाजपा की जाट समाज से नफरत और स्व. चौधरी चरण सिंह जी एवं चौधरी अजीत सिंह के प्रति नाटकीय झूठे सम्मान का भंडाफोड़ हो गया है। जयंत चौधरी जी अगर सच में किसान हितैषी हैं तो उन्हें एनडीए से दूरी बनानी चाहिए।

## अरुणाचल में खांडू सरकार को समर्थन देगी एनपीपी

**टीम एक्शन इंडिया**


**ईटानगरः** अरुणाचल प्रदेश में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) खांडू सरकार को समर्थन देगी। मेघालय के मुख्यमंत्री कानरेड संगमा के नेतृत्व वाली एनपीपी ने विधानसभा चुनाव में 20 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे और पांच सीटों पर जीत दर्ज की है। एनपीपी के प्रदेशाध्यक्ष थांगबांग वांगम ने कहा कि पार्टी ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में लोगों के जनादेश को स्वीकार किया है और हम खांडू सरकार को समर्थन देंगे। लोंगडिंग-पुमाओ सीट से जीत दर्ज करने वाले वांगम ने कहा कि पार्टी का राज्य, क्षेत्र और देश के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण है।

**फिर गगन में..** सुनीता विलियम्स ने साल 2007 और साल 2012 में भी अंतरिक्ष की यात्रा की थी, यह उनकी तीसरी यात्रा है

## स्पेस स्टेशन पहुंचते ही खुशी से झूम उठीं सुनीता विलियम्स

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सोशल मीडिया पर डांस के वीडियो आना आम बात है। लेकिन हम आपको एक महिला के अंतरिक्ष में डांस करने के बारे में बताते हैं। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्हें स्पेस स्टेशन पर डांस करते देखा जा सकता है। महिला की उम्र 59 साल बताई जा रही है। सुनीता विलियम्स ने साल 2007 और साल 2012 में भी अंतरिक्ष की यात्रा की थी। यह उनकी तीसरी यात्रा है। सुनीता विलियम्स और मिस्टर विलमोर स्टारलाइनर



उड़ाने वाले पहले दल हैं। फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से लॉन्च करने के लगभग 26 घंटे बाद उन्होंने बोइंग अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक आईएसएस तक पहुंचा दिया। बता दें कि मामूली हीलियम लीक जैसी तकनीकी गड़बड़ियों के कारण डॉकिंग में लगभग एक घंटे की देरी हुई।

**अंतरिक्ष में डांस**

**सुनीता विलियम्स और मिस्टर विलमोर स्टारलाइनर उड़ाने वाले पहले दल हैं**

**स्पेस स्टेशन पर मनाया जश्नः** स्पेस स्टेशन पहुंचकर उन्होंने इस उपलब्धि का जश्न मनाया। उन्होंने थोड़ा डांस किया और आईएसएस पर सवार सात अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को गले लगाया। सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में लगभग एक हफ्ता बिताएंगी सुनीत विलियम्स विभिन्न परीक्षणों में सहायता करेंगे और कई एक्सपेरिमेंट भी करेंगी। स्टारलाइनर से लौटते वक्त उनका समुद्र में नहीं बल्कि जमीन पर लैंड होने का कार्यक्रम है। सुनीता विलियम्स ने उड़ान भरने से पहले अपना अनुभव भी शेयर किया था। उन्होंने कहा, वह थोड़ी घबराई हुई थी। उन्होंने बताया, जब मैं अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंची, तो लग रहा था की घर वापस जाया जाए।

# कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक

**बैठक**

**वभिन्न स्तर के सुरक्षा अधिकारियों तथा कर्मचारियो के स्थायी तौर पर पद सृजित करने का प्रस्ताव है**



**चमन शर्मा**

**शिमला:** गत दिवस को पूर्वाह्न 11:30 बजे विधान सभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश विधान सभा कुलदीप सिंह पठानियां की अध्यक्षता में हि.प्र. विधान सभा परिसर के अन्दर की आन्तरिक सुरक्षा सम्बन्धि समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, हि.प्र. सरकार औंकार शर्मा, पुलिस महानिदेशक, हि.प्र. अतुल वर्मा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था अभिषेक त्रिवेदी, विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा, पुलिस महानिरिक्षक सर्तकता संतोष पटियाल तथा पुलिस अधीक्षक जिला शिमला श्री संजीव गांधी मौजूद थे। हि.प्र. विधानसभा की आन्तरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए यह बैठक काफ ी अहम थी। इस बैठक में सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विधान सभा अध्यक्ष द्वारा दिए गए आदेशों की पूर्णतयाः अक्षरक्षः परिपालना व विधानसभा के संचालन के दौरान दिए गए आदेशों को तत्काल प्रभाव से लागू करने हेतु गहन चर्चा करने उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि विधान सभा की आन्तरिक सुरक्षा हेतु स्थाई सुरक्षा बल का गठन किया जाए जैसा कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा तथा पंजाब विधान सभाओं में भी इस प्रकार की व्यवस्था मौजूद है। इसमें विभिन्न स्तर के सुरक्षा अधिकारियों तथा कर्मचारियो के स्थायी तौर पर पद सृजित करने का प्रस्ताव है तथा ये सभी अधिकारी तथा कर्मचारी विधान सभा सचिवालय के स्थाई कर्मी होंगे व सत्र के दौरान कार्य के अतिरिक्त यह सुरक्षा बल दोनों विधान सभा परिसरों की सुरक्षा को भी सुनिश्चित करेगा।

इस तरह की व्यवस्थाएं देश के लगभग सभी राज्य विधान सभाओं में मौजूद है तथा हि.प्र. विधान सभा सचिवालय भी इसी तरह का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश, हरियाणा तथा पंजाब विधान सभाओं की तर्ज पर हि.प्र. सरकार को अध्यक्ष की स्वीकृति उपरान्त प्रेषित कर रही है।

इसके अतिरिक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सत्र के दौरान विधान सभा की आन्तरिक सुरक्षा के लिए हि.प्र. सरकार द्वारा तैनात सभी सुरक्षा अधिकारियों व कर्मचारियों की सेवाएं प्रशासनिक तौर पर पूर्णतयाः विधान सभा अध्यक्ष के अधीन रहेंगी ताकि वे विधान सभा अध्यक्ष के निर्देश पर जारी किए गए आदेशों की पूर्णतयारू परिपालना कर सकें। बैठक के अन्त में अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए पठानियां ने कहा कि दोनों विधानसभा परिसरों की सुरक्षा चाकचौबंध होनी चाहिए तथा सत्र के दौरान अनुशासन तथा सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न हो यह सुनिश्चित किया जाए ।

# जयराम ठाकुर दिव्य स्वपन दोष नामक बीमारी से ग्रस्त : प्रेम कौशल

## जयराम ठाकुर दिव्य स्वपन दोष नामक बीमारी से ग्रस्तः प्रेम कौशल

**निशाने पर**

**जय राम ठाकुर दिव्य स्वपन दोष नामक बीमारी से ग्रस्त हैं जिसके चलते सरकार टूटने की उम्मीद है**



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** जयराम ठाकुर द्वारा प्रदेश सरकार के विषय में दिए गए वक्तव्य पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने जारी ब्यान में कहा कि जय राम ठाकुर दिव्य स्वपन दोष नामक बीमारी से ग्रस्त हैं जिसके चलते सरकार टूटने की उम्मीद और मुख्यमंत्री बनने के सपनों की दुनियां में खोए रहते हैं। कौशल ने कहा कि फ्लाप डायरेक्टर मुख्यमंत्री नहीं अपितु जय राम ठाकुर ही हैं। क्योंकि उनके द्वारा अंजाम दिया गया सरकार गिराने का षड्यंत्र पूरी तरह असफ ल हो चुका है और उप चुनावों के नतीजों ने मुख्यमंत्री तथा कांग्रेस सरकार को न केवल मजबूती प्रदान की अपितु पुनः एक प्रकार का जनादेश दे कर विपक्षी नेताओं को सबक सिखाने का कार्य भी किया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री से त्यागपत्र देने की बात करने पर जयराम ठाकुर पर पलट बार करते हुए कहा कि पराजित तो 400 पार का नारा देने वाले हुए हैं इसलिए जनभावनाओं का सम्मान करते हुए पद की लालसा तो मोदी जी को त्यागनी चाहिए। जय राम ठाकुर के बयानों को खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे की संज्ञा देते हुए कहा कि उनके मुख्यमंत्री और सरकार विरोध ब्यान मात्र अपनी भड़ास निकालने का जरिया हैं।

# जनता को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं : खन्ना

## एक बार फि र मोदी सरकार बन रही है इस बात से राहुल गांधी बहुत परेशान नजर आ रहे हैं



**चमन शर्मा**

**शिमलाः भारत** के अर्थव्यवस्था की उपलब्धि साधारण उपलब्धि नहीं है। पूरा विश्व इसे गंभीरता से देख रहा है और समझ रहा है। भारत का विकास पीएम मोदी के नेतृत्व में होने जा रहा है। एक बार फि र मोदी सरकार बन रही है इस बात से राहुल गांधी बहुत परेशान नजर आ रहे हैं। ऐसे में वे अपने बयान से निवेशकों को हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं। इक्विटी मार्केट में चुनाव के हिसाब से अलग-अलग तरीके से बदलाव होते रहते हैं। ये बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता अविनाश राय खन्ना ने राहुल गांधी के शेयर बाजार में घोटालों के आरोपों के पलटवार में कही है। खन्ना ने यह भी कहा कि देश की जनता को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं है। खन्ना ने कहा, दुनिया भर में इस तरह से इक्विटी मार्केट चलती है। देखना यह है कि लंबे अरसे में इक्विटी मार्केट में क्या हुआ है। देश के निवेशक जानते हैं कि पिछले दस वर्ष के सफलतापूर्वक मोदी सरकार के कार्यकाल में हमारा मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ का कीर्तिमान हासिल किया है। पीएसयू का मार्केट कैप भी चार गुना मोदी सरकार के कार्यकाल में बढ़ा है। यूपीए काल में भारत का मार्केट कैप मात्र 67 लाख करोड़ रुपये था। आज यह बढकर 415 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह 348 लाख करोड़ रुपये की बढ़त पिछले दस वर्षों में हुई है। अविनाश राय खन्ना ने कहा, पिछले 60 वर्षों में भारतीय बाजार ने जो मार्केट कैप हासिल किया उससे पांच गुना मोदी सरकार के कार्यकाल में हासिल किया गया। इसका सबसे बड़ा लाभ भारतीय निवेशकों विशेषकर खुदरा निवेशकों को इसका लाभ हुआ। आज वो सिर्फ मार्केट को दूर से नहीं देखते।

आज वो निवेश करने उसका सीधा लाभ लेते हैं। एफ पीआई की होल्डिंग यूपीए काल में 21ः थी वो आज घटकर 16ः हो गई है। विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी कम हुई है और भारतीय निवेशकों की बढ़ी है। यह 79 प्रतिशत से बढकर 84ः हो गई है।

# फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 जुलाई

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** कृषि उप निदेशक कुल्लू ने बताया कि कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा खरीफ सीजन 2024-2025 में फ सलों के बीमा के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है जिसके तहत मक्का तथा धान की फ सल पर बीमा राशि 60000 रुपये प्रति हेक्टेयर तथा प्रीमियम राशि 96 रुपये प्रति बीघा रहेगी, बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2024 है। उन्होंने कहा कि टमाटर फ सल पर बीमा राशि 2 लाख प्रति हेक्टेयर तथा प्रीमियम राशि 800 रुपये प्रति बीघा है, बीमा करवाने की अंतिम तिथि 14 जून, 2024 है। बंद गोभी तथा फू ल गोभी की फ सल पर बीमा राशि 1.5 लाख प्रति हेक्टेयर तथा प्रीमियम राशि 600 रुपये प्रति बीघा है तथा बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 जून, 2024 है। उन्होने कहा कि इच्छुक किसान फ सलों के बीमा करने के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि मोबाइल नंबर-70188-06168 एवं 86298-02474 पर संपर्क कर सकते हैं।

# उपायुक्त ने मानसून मौसम की तैयारियों को लेकर की बैठक



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** उपायुक्त ने मानसून के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सभी विभागों को आवश्यक कदम उठाने के दिशा निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि वर्षा ऋ तु के आने से पहले सभी ड्रेन तथा जल प्रवाह के चैनल को साफ करने के लिए तत्परता से कार्य करें। उन्होंने लोक निर्माण, पंचायती राज संस्थान, नगर परिषद, एनएचएआई के अधिकारियों को इस संबंध में कार्य करके 20 जून तक रिपोर्ट प्रेषित कर सूचित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अर्ली वार्निंग सिस्टम को मानसून के दौरान विशेष रूप से प्रभावी एवं मजबूत बनाने के लिए तथा बांधों से नियमानुसार पानी छोड ? के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी आपदा को प्रभावित रूप से निपटने के लिए सचेत एप जैसे पटलो को भी मजबूत बनाना सुनिश्चित करें इसके साथ-साथ ही मौसम विभाग की एडवाइजरी तथा बांध सुरक्षा के सभी नियमों के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने आपदा संभावित क्षेत्रों को समय रहते चिन्हित करने तथा बाढ़, भूस्खलन इत्यादि संभावित आबादी वाले क्षेत्रों को खाली करने की तैयारी रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने हिमाचल पथ परिवहन निगम को आवश्यक ईंधन का पूरा भंडारण, स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाइयां तथा सर्पदंश के इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में भंडारण रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने उपभोक्ता एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को आवश्यक ईंधन, रसोई गैस तथा राशन का भडारण समय रहते करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने सेना, अर्ध सैन्य बलों, वायु सेना के साथ समन्वय स्थापित करने तथा आपदा मित्रों के साथ समन्वय तथा पूर्व अभ्यास करके आपदा के समय के लिए तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिला में एक एनडीआरएफ की टीम की तैनाती की जाएगी।

# गेहूं की कम खरीददारी होने से किसान मायूस

**फसल बर्बाद हुई**

**सग्गी ने पांवटा कृषि मंडी का दौरा किया तो पाया कि यहां पर गेहूं की खरीदारी बहुत कम हुई है**


**एसपी जैरथ**

**नाहनः जिला** सिरमौर में गेहूं की खरीदारी कम होने से किसान मायूस हो गए हैं। दरअसल भारतीय किसान यूनियन चढूनी हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष तरसेम सिंह सग्गी ने पांवटा कृषि मंडी का दौरा किया तो पाया कि यहां पर गेहूं की खरीदारी बहुत कम हुई हैएमात्र 10 हजार क्विंटल गेहूं की खरीददारी हुई है। तरसेम सिंह सग्गी ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा यहां पर दो गेहूं केंद्र खोले गए थे, जो कि पांवटा कृषि उपज मंडी और दूसरा धौलाकुआं में है। 15 अप्रैल से गेहूं की खरीदारी भी लगभग शुरू हो गई थी, लेकिन ओलावृष्टि से दून क्षेत्र की 100ः फ सल तबाह हो गई थी। जबकि पहाड़ी इलाकों में देरी से बारिश शुरू होने के कारण फ सल बर्बाद हुई है। सबसे बड़ा कारण तो फ सल खरीदने का यही है। इसके अलावा ऑनलाइन टोकन में परेशानी आने की वजह से कई किसानों ने हरियाणा मंडी का फ सलों कों बेचने के लिए रुख किया है।

# विधायक प्रकाश राणा ने मतदाताओं का जताया आभार

**आभार**

**जो विश्वास क्षेत्र की जनता ने उन पर जताया है उसके लिए भी वे उनका आभार प्रकट करते हैं**



**संगराय**

**जोगिंद्रनगरः मंडी** संसदीय सीट पर लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत को भारी बहुमत से जीत हासिल करवाने में अपना अहम योगदान देने के लिए विधायक प्रकाश राणा ने समूचे जोगिंदर नगर विधानसभा क्षेत्र की प्रबुद्ध जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत को 17 विधानसभा क्षेत्रों के मुकाबले सबसे अधिक 19402 मतों की लीड जोगिंदर नगर से यहां की जनता ने दिलाई है। जिसके लिए वे क्षेत्र की जनता को बधाई देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने न तो खुद को कभी भी विधायक समझा और न विधायक मानते हैं। वे तो खुद को क्षेत्र की जनता का बेटाएभाई व सेवक मानते आए हैं और सदैव निस्वार्थ भाव से क्षेत्र की जनता की सेवा करते आए हैं और करते भी रहेंगे। उन्होंने कहा की वे क्षेत्र की जनता के साथ साथ भाजपा मंडल जोगिंदर नगर, सभी मोर्चे, समस्त भाजपा कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों का भी इस ऐतिहासिक जीत के लिए आभार व्यक्त करते हैं और उन्हें बधाई देते हैं।

उन्होंने कहा कि जो विश्वास क्षेत्र की जनता ने उन पर जताया है उसके लिए भी वे उनका आभार प्रकट करते हैं और उम्मीद करते हैं कि जनता का ये आशीर्वाद और प्यार उन पर सदैव बना रहेगा।

# तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित




**हामिद**

**चंबा :** शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा की ओर से विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अंतर्गत एक जागरूकता शिविर का आयोजन गवर्नमेंट बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल चम्बा में किया गया जिस की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ रोहित नड्डा ने की। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य जितेंदर जंदरोटिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य, समाज, और वातावरण इन सब के लिए हानिकारक है। विश्व भर में रोकी जा सकने वाली मत्यु और बीमारियों का एकमात्र सबसे बड़ा कारण तंबाकू का सेवन हैं। उन्होंने बताया कि धूम्रपान और तंबाकू युक्त पद्धार्थ का सेवन जानलेवा है। इस लिए जीवन का चयन करे तंबाकू का नहीं।

उन्होंने इस साल की थीम की के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष की थीम प्रोटेक्टिंग चिल्ड्रन फ्रॉम टोबैको इंडस्ट्री इंटरफ्रें सस उन्होंने कहा कि तम्बाकूँ के इस्तेमाल को छोड ?ा, हमे अपने घर से करते हुए पुरे समाज से तम्बाकू को जड़ से खत्म करना है उन्होंने विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाली गंभीर बीमारिया जैसे कैंसर, मुहँ का कैंसर, गले का कैंसर, हृदय रोग, खाने की नाली, मूत्रा शय, गुर्दा रोग फेफड़ों का रोग आदि रोगों के बारे में बताया जिन के होने का प्रमुख कारण तंबाकू हैं। उन्होंने तंबाकू को छोडने के नुस्खे और तंबाकू नियंत्रण कानून कोटपा ऐक्ट 2003, तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थानों का सर्टिफि केशन की भी जानकारी दी।

# बच्चों से मारपीट का आरोपी अधीक्षक बर्खास्त

**कार्रवाई**

**आरोपियों को पूरा संरक्षण दिया और बच्चों के साथ मारपीट का सिलसिला कई गुना बढ़ गया**

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः शिमला के** हीरानगर में स्थित बाल सुधार गृह के अधीक्षक कौशल गुलेरिया को आवासी बच्चों की पिटाई एवं अन्य दुर्व्यवहार के आरोपों के बाद सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उमंग फ ाउंडेशन के अध्यक्ष प्रोण अजय श्रीवास्तव ने बाल सुधार गृह में बच्चों के मानव अधिकारों के गंभीर उल्लंघन पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिखा था जिसे आपराधिक जनहित याचिका मानकर अदालत ने 17 मई को सरकार को नोटिस जारी किए थे। सोलन के जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में कुछ बच्चों ने अधीक्षक एवं अन्य स्टाफ के खिलाफ मारपीट की शिकायत भी दर्ज कराई थी। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बाल सुधार गृह में आपराधिक मामलों में विचाराधीन एवं सजा प्राप्त बच्चों को रखा जाता है। इसका उद्देश्य अपराधों में लिप्त बच्चों को सुधरने का अवसर देकर एक अच्छा नागरिक बनाना है।

लेकिन इसके विपरीत यहां बच्चों के साथ बुरी तरह मारपीट के अलावा मानसिक प्रताड ?ा दी जाती है। इससे बचने के लिए बच्चे कई बार सुधार गृह से भाग चुके हैं। विभाग इसकी निष्पक्ष जांच नहीं करता है और पकड़े जाने के बाद बच्चों के साथ यातनाएं और बढ़ा दी जाती हैं। हैरानी की बात यह है कि पीड़ित बच्चे महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर मौखिक और लिखित शिकायतें करते रहे हैं। लेकिन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बजाय अधिकारी विभाग को कथित बदनामी से बचाने के नाम पर इन मामलों को दबा देते हैं। यह सिलसिला लंबे अरसे से चल रहा है। अजय श्रीवास्तव के अनुसार राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की सदस्य प्रीति भारद्वाज दलाल ने पिछले वर्ष 17 मई को बाल सुधार गृह जाकर हालात का जायजा लिया था और अधिकारियों को लताड़ लगाई थी। इसके बावजूद अधिकारियों ने सुधार करने की बजाय आरोपियों को पूरा संरक्षण दिया और बच्चों के साथ मारपीट का सिलसिला कई गुना बढ़ गया।

# उपचुनाव कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने का चाल का नतीजा है : दिनेश कुमार

**साधा निशाना**

**एक सीट पर बीजेपी उम्मीदवार की जमानत तक जब्त हो जाना पूरे भारत वर्ष मे स्वच्छ राजनीति के लिए जनादेश है**



**हामिद**

**चंबा :** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल द्वारा आगामी तीन सीटों पर विधान सभा के उपचुनाव पर 35 करोड रूपए की फिजूल खर्ची के आरोप प्रदेश के मुख्यमन्त्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु पर लगाने के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता डाक्टर दिनेश कुमार ने कहा कि यह उपचुनाव डेढ वर्ष पूर्व पूर्ण बहुमत से बनी कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने का भारतीय जनता पार्टी की घिनौनी चाल का नतीजा है और हिमाचल की जनता ने इस धनबल को जनबल से करारी शिकस्त देकर छः मे से चार सीट कांग्रेस को देकर जिसमे भी एक सीट पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार की जमानत तक जब्त हो जाना पूरे भारत वर्ष मे स्वच्छ राजनीति के लिए जनादेश है ।

आगामी तीन उपचुनाव जो कि आजाद चुने गए विधायको के इस्तीफ ा देने के बाद भारतीय जनता पार्टी मे शामिल होने के कारण हो रहे है और जनता को गुमराह करने के लिए अब इन उपचुनाव के लिए भाजपा मुख्यमन्त्री को दोषी ठहरा रही है जबकि हिमाचल की प्रबुद्ध जनता भारतीय जनता पार्टी का सता लोलुप का पूरा खेल समझती है किसने इन तीनों आजाद उम्मीदवारों को हेलीकॉप्टर की सैर कराई तथा शानदार होटल में इनकी मेहमान नवाजी की। पांच साल के लिए आजाद प्रत्याशी के तौर पर विधानसभा का चुनाव जीते हुए इन माननीय तीन सदस्यों की वक्त से पहले डेढ वर्ष मे ही इस्तीफा देने के तुरंत बाद भाजपा मे शामिल होकर भाजपा उम्मीदवार भी बन जाना भारतीय राजनीति का अनूठा उदाहरण है ।उन्होने बताया कि अब तो यह आलम है कि इस्तीफ ा दिए हुए यह तीनों विधान सभा उम्मीदवार भी नए उपचुनाव जनादेश को देखकर डरे हुए है कि उन्हें भी करारी हार का सामना करना पडेगा और जमानत राशि भी गवानी पड सकती है। कांग्रेस प्रवक्ता डाक्टर दिनेश कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह व प्रदेश के जननायक मुख्य मन्त्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सूक्खू के नेतृत्व मे यह तीनो उपचुनाव मे भी एतिहासिक जीत दर्ज करेगी जिसके लिए कांग्रेस कार्य कर्ता पूरी तरह तैयार है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आजाद विधायकों ने लोकसभा के साथ चुनाव करवाने को लेकर जोर दिया तथा कहा कि इससे फिजूल खर्ची बच जाएगी तो उक्त पूर्व विधायक बताएं कि अगर उन्हें फि जूल खर्ची की इतनी चिंता थी तो उन्होंने डेढ़ साल के भीतरी त्यागपत्र क्यों दे दिए क्यों नहीं उन्होंने जनता द्वारा दिए गए जनादेश को समझा तथा 5 साल विधायक रहते उन्हें किसने रोका था।

# भाजपा की लोकसभा में प्रचंड जीत पर युवा मोर्चा ने निकाली मोटरसाइकिल रैली : रणबीर ठाकुर



**एसपी जैरथ**

**नाहनः** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बाद प्रदेश के लोगों का आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से सिरमौर जिला भाजपा युवा मोर्चा द्वारा धौला कुआं से नाहन तक एक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणवीर ठाकुर ने की। जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणवीर ठाकुर ने बताया कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य सिरमौर जिला की जनता और विशेष कर युवा शक्ति का आभार व्यक्त करना था जिनके अथक प्रयासों से सिरमौर जिला की पांचो विधानसभा चुनाव क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सुरेश कश्यप को भारी मतों से लीड प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि इस मोटरसाइकिल रैली में जिला भर से लगभग 200 युवाओं ने भाग लिया और यह रैली लगभग 30 किलोमीटर की लंबी यात्रा तय करके जिला मुख्यालय नाहन में भाजपा कार्यालय के सामने खत्म हुई।

अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

# आगामी सेब सीजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें: जगत सिंह नेगी

**चमन शर्मा**

**शिमला: राज्य** सरकार आगामी सेब सीजन के दौरान फ ल उत्पादकों को लाभ पहुंचाने के लिए यूनिवर्सल कार्टन की शुरूआत सुनिश्चित करेगी। यह बात बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने गत दिवस को विभिन्न हितधारकों के साथ सेब सीजन की तैयारियों के तैयारियों के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सेब उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। सेब सीजन के महत्व को देखते हुए राज्य सरकार सेब सीजन को सफ ल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सभी



हितधारकों के लाभ के लिए राज्य में यूनिवर्सल कार्टन का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सेब उत्पादकों से किए गए वायदे को पूरा करने के लिए पिछले साल वजन (किलोग्राम) के हिसाब से सेब की बिक्री शुरू की गई थी। उन्होंने फ ल व्यापारियों के पंजीकरण और उनको लाइसेंस देने तथा फ ल उत्पादकों को समय पर भुगतान करने पर भी बल दिया। जगत सिंह नेगी ने शिमला जिला प्रशासन को मांग के अनुसार फ लों की पेटियों के परिवहन के लिए ट्रकों और पिकअप वाहनों की उपलब्धता

**निर्देश**

**▶▶ भारी बारिश और भूस्खलन से बाधित सडकों को समय पर बहाल करने के निर्देश दिए गए**

सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा किलोग्राम और किलोमीटर के आधार पर सेब के परिवहन के लिए माल ढुलाई शुल्क निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने फागू में मुख्य नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को सेब सीजन के दौरान यातायात प्रबंधन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग को फल उत्पादक क्षेत्रों को टर्मिनल मंडियों से जोडने वाली सडकों के उचित रखरखाव और भारी बारिश और भूस्खलन से बाधित सडकों को समय पर बहाल करने के निर्देश दिए गए।

हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन और प्रसंस्करण निगम लिमिटेड (एचपीएमसी) के प्रबंध निदेशक सुदेश कुमार मोखटा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और आश्वासन दिया कि सेब उत्पादकों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

एसएमल-11

# मुख्यमंत्री ने अंशुल कपूर का गीत श्रीखंड महादेवा जारी किया



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**शिमला: मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वीरवार देर शाम यहां अभिज्ञा द बैंड के बैनर तले अंशुल कपूर द्वारा गाया गया गीत श्रीखंड महादेवा जारी किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण की दिशा में अभिज्ञा द बैंड के प्रयासों की सराहना की और आशा व्यक्त की कि यह बैंड हिमाचल प्रदेश के लोक संगीत को दुनिया भर में बढ़ावा देने के लिए अपने प्रयास जारी रखेगा। इस अवसर पर बैंड के प्रतिनिधि गौरव शर्मा, गौरव कनौजिया, रोहित राज और कैनेडी शॉ भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रतिबंध के बावजूद रूकमणी कुंड में नहा रहे हैं लोग, प्रशासन लें संज्ञानः देश राज



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** ऐतिहासिक रूकमणि कुंड में रोक के बावजूद भी श्रद्धालु नहा कर पानी को गंदला कर रहे हैं। जिससे कभी संबंधित कुंड के अधीन बनी पेयजल योजना से लाभान्वित होने वाले लोग जल जनित रोग की चपेट में आ सकते हैं। ऐतिहासिक रूकमणि कुंड से पेयजल योजनाओं का निर्माण किया गया है। इस कुंड के पानी से करीब पांच-छह पंचायतों को पेयजल उपलब्ध करवाया जाता है। जिस कारण कुंड में नहाने पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगाया है तथा श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए यहां पर पुरुष व महिलाओं के लिए अलग-अलग स्नानागारों का निर्माण किया गया है। बावजूद इसके कुछ श्रद्धालु कुंड में नहाने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिससे इस कुंड का पानी गंदा हो रहा है। इससे जहां जल जनित रोगों के फेलने की संभावना बनी रहती है। वहीं कुंड का पानी गहरा होने के कारण यहां पर कभी भी अप्रिय घटना घटने का अंदेशा बना रहता है। लेकिन इसके बावजूद अभी तक न तो स्थानीय प्रशासन और न ही जल शक्ति विभाग ने श्रद्धालुओं को रोकने के कोई प्रयास किए हैं। जिससे प्रशासन व जल शक्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगना शुरू हो गए हैं। औहर पंचायत के पूर्व प्रधान देश राज शर्मा ने बताया कि प्रशासन व संबंधित विभाग को इस ओर उचित कदम उठाने चाहिए ताकि पानी गंदा होने से बच सके। अन्यथा गर्मी के इस मौसम में जल जनित रोग फेलने की संभावना बनी रहेगी। साथ ही यहां पर किसी भी समय अप्रिय घटना होने का अंदेशा बना रहता है। कुछेक लोग आस्था के नाम पर कुंड के एक छोर पर पहाड़ी से कुंड में छलांगे लगाते रहते हैं।प्रशासन से रूकमणि कुंड में पुलिस तैनात करने की मांग की है।

### गुलाब सिंह ठाकुर बने एसएमसी अध्यक्ष



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः उपमंडल** कोटली में पीएमश्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटली में एसएमसी की बैठक का प्रधानाचार्य अल्पनाशर्मा अध्यक्षता मेंआयोजित की गई इस बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भांग किया गया तथा नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में गुलाब सिंह ठाकुर को अध्यक्ष, हल्या देवी उपाध्यक्ष व जयदेव ठाकुर को मुख्य सलाहकार की कमान सौंपी गई हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य अलपना शर्मा ने बताया कि स्कूल की एसएमसी की 21 सदस्यों वाली कार्यकारिणी का सर्वसमति से गठन किया गया हैं। उन्होनें शांतिपूर्वक कार्यकारिणी के गठन पर खुशी जाहिर की। उन्होनें कहा कि यह खुशी की बात हैं कि अभिभावक बच्चों के लिए अपना योगदान दे रहे हैं। पूर्व में रही एसएमसी कार्यकारिणी ने भी बेहतर कार्य किया हैं जिससे विद्यालय पीएमश्री विद्यालय बना हैं उन्होनें कहा कि उन्हें भी खुशी हैं कि वह पीएमश्री विद्यालय में बतौर प्रधानाचार्य अपनी सेवाएं दे रही हैं। एसएमसी के नवनियुक्त अध्यक्ष गुलाब सिंह ठाकुर व उपाध्यक्ष हल्या देवी ने कहा कि विद्यालय की बहेतरी की लिए वह अपना भरपूर सहयोग देगें। इस अवसर पर बीडीसी मेंबर कोटली अरुण कुमार, सेवानिवृत्ति प्रिंसिपल व शिक्षाविद ठाकुर सिंह, जयदेव ठाकुर, पूर्व प्रधान चमन ठाकुर्र राजकुमारी, चंपादेवी, सुमन देवी सहित अन्य कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

# दिल्ली से घूमने आए छात्र की सिर पर पत्थर लगने से मौत

**मनीष**

**सोलनः** सोलन में दिल्ली से घूमने आए एक युवक की सिर पर पत्थर लगने से मौत हो हो गई। जानकारी के अनुसार नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के 13 विद्यार्थियों का एक ग्रुप घूमने के लिए हेरिटेज पार्क अश्विनी खड्ड व रेवा वॉटरफ ॉल आया था। जब सभी छात्र शाम करीब चार से पांच बजे रेवा वॉटरफ ॉल में नहाने के लिए कपड़े उतार रहे थे तो उस समय अचानक पहाड़ी से एक पत्थर गिरकर नीचे खड़े छात्र अक्षत देव (19) पुत्र अलोक कुमार मीणा, निवासी, 9 जेपी कॉलोनी टोंक फ ाटक, वीटीसी जयपुर के सिर पर लग गया। सिर में चोट लगने के कारण छात्र मौके पर ही अचेत होकर गिर गया और उसके सिर से भारी रक्तस्त्राव होने लगा। इसके बाद उसके सार्थियों व वहां पर मौजूद लोगों की ओर से घायल छात्र को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन लाया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने अस्पताल व रेवा वॉटरफ ॉल पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस के अनुसार मामले में अभी तक की जांच से यह प्रतीत हो रहा है कि छात्र की मौत पहाड़ी से अचानक पत्थर गिरने के कारण सिर में लगी चोट से अत्यधिक रक्त बहने के कारण हुई है।

# पांवटा पुलिस की विशेष टीम ने जंगल में 2300 लीटर लाहन की नष्ट

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** जिला सिरमौर पुलिस की पांवटा पुलिस की विशेष टीम ने पांवटा साहिब के गांव गुलाबगढ़ के जंगल में गश्त के दौरान भट्टियों में बन रही करीब 2300 लीटर लाहन को नष्ट किया। जानकारी के मुताबिकए पांवटा पुलिस को कई दिनों से सुचना मिल रही थी कि गुलाबगढ़ के जंगलों में भट्टियों में अवैध शराब बनाई जा रही है जिसके बाद पांवटा पुलिस की टीम ने एसडीपीओ आईपीएस अदिति सिंह की अगुवाई में कल रात गश्त के दौरान गुलाबगढ़ के जंगलों में छापेमारी कर जंगल में दो भट्टियों में बन रही 2300 लीटर लाहन नष्ट की। इससे



पहले भी पुलिस द्वारा पिछले महीने खारा कलगांव के समीप जंगल से कच्ची शराब निकालने वाली 3 भट्टियों व दो ड्रम में करीब 160 लीटर लाहन को नष्ट किया था। उपमंडल पांवटा साहिब की पुलिस सराहनीय कार्य कर रही है तथा अवैध शराब का कारोबार करने वालों के विरुद्ध लगातार नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। इस दौरान एसडीपीओ पांवटा आईपीएस अदिति सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस नशे के खिलाफ चलाये गए अभियान को जारी रखेगी।

# वार्ड चार में दुकानदार से अवैध शराब बरामद

**राजन पुरी**

**ऊनाः** शहर के वार्ड नंबर चार स्थित एक दुकान से पुलिस ने अवैध शराब बरामद हुई है। पुलिस ने अवैध शराब रखने पर दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस ने वीरवार रात्रि को गुप्त सूचना के आधार पर शहर के वार्ड नंबर चार स्थित गणेश कुमार की दुकान पर दबिश दी। जहां से पुलिस ने आठ बोतल शराब देसी व पांच बोतल शराब इंग्लिश बरामद की गई। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने अवैध शराब रखने पर गणेश कुमार के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोहर में विश्व महासागर दिवस आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर**

**गोहरः** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोहर में आज एनसीसी कैडटस के सौजन्य से विश्व महासागर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स चंचल एंजेल हेमंत वह लीसा ने महासागरों की पृष्ठभूमि महासागरों का महत्व को महासागरों की आवश्यकता पर विस्तृत प्रकाश डाला जिसमें। कैडेट्स ने महासागरों में पाए जाने जीव जंतु बारे महासागरों का मनुष्य जीवन में क्या महत्व है महासागरों द्वारा किए जाने वाली ट्रांसपोर्टेशन के बारे में वह महासागरों से दुनिया की आर्थिकता के ऊपर भी विशेष




प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें नारा लेखन भाषण प्रतियोगिता वह स्लोगन लेखन का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य कश्मीर सिंह ठाकुर ने इस अवसर पर बच्चों को विश्व महासागर दिवस के महत्व और आवश्यकता पर असम विस्तृत जानकारी दी।

# पीजी कॉलेज में बी-वॉक के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**राजन पुरी**

**ऊनाः** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में रोजगारपरक व्यवसायिक पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू है। यह जानकारी कॉलेज प्राचार्य डा. मीता शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में रिटेल मैनेजमेंट तथा हॉस्पिटैलिटी व टूरिज्म में डिग्री करवाई जाती है। इन दोनों ही कोर्सों में 40-40 सीट्स उपलब्ध है। दोनों ही कोर्स में तीन वर्ष की डिग्री का पाठ्यकर्म पढ़ाया जाएगा। व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2017 से यह कोर्स महाविद्यालय में शुरू किया गया है। डा. मीता शर्मा ने बताया कि इन व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी कॉलेज की वेबसाइट पर 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

# बरसात से निपटने की तैयारियां शुरू



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः पिछले** वर्ष बरसात में मंडी जिला में हुए भारी नुकसान को देखते हुए इससे निपटने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शुक्रवार डीआरडीए हॉल मंडी में एसडीएम मंडी ओम कांत ठाकुर की अध्यक्षता में उपमंडल स्तर की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण, जल शक्ति, वन, परिवहन, स्वास्थ्य, विद्युत, राजस्व सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आपदा के दौरान त्वरित कार्यवाही के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी अधिकारियों के मोबाईल नम्बरों की सूची बनाई जाएगी और इसे सभी अधिकारियों को भी शेयर किया जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई के अधिकारियों को सदर उपमण्डल के अन्तर्गत आने वाली मंडी-जोगिन्द्रनगर, मंडी-रिवालसर, मंडी-कोटली, मंडी-पंडोह सडकों के किनारे पड़े मिट्टी के ढेरों को बरसात से पहले हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर कहीं सडक को चौड़ा करने का कार्य किया जाना है उसे भी बरसात से पहले पूरा कर लिया जाए। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को 6 मील से लेकर 9 मील के बीच पड़ी मिट्टी को 10 दिन के भीतर ही हटाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को बरसात के दौरान सडकों पर गिरे पेड़ों को हटाने के लिए निश्चित स्थानों पर कटर मशीनें रखने के निर्देश दिए।

**तैयारियां**

**▶▶ अधिकारियों से कहा कि आपदा के दौरान त्वरित कार्यवाही के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें**

# 17 जून को पैंशनर्ज मनाएंगे स्थापना दिवस

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** पैंशनर्ज वेलफेयर एसोशिएशन सदर खंड व शहरी इकाई की संयुक्त बैठक खंड प्रधान दौलत राम चैहान की अध्यक्षता में एनजीओ भवन बिलासपुर में संपन्न हुई। बैठक के शुरू में दिवंगत पैंशनर्ज की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इसके उपरांत नगर अराध्य देव बाबा नाहर सिंह मंदिर में 17 जून 2024 को स्थापना दिवस को मनाने को लेकर चर्चा हुई। इस अवसर पर सुशील पुंडीर परींदा ने भीषण गर्मी के चलते इस स्थापना दिवस को स्थगित करने का निर्णय लिया लेकिन बाद में सर्व सम्मति से निर्णय



लिया गया कि इस दिवस को 17 जून को ही बाबा नाहर सिंह मंदिर परिसर में ही मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में खंड की सभी इकाईयों के प्रधान, सचिवों से आग्रह किया गया कि 75 बसंत देख चुके पैंशनर्ज जो पूर्व में सम्मानित न किए गए हो,

कि सूचना जल्द व्हाटसप नंबर-9418215779 पर दें ताकि सम्मानित किए जाने वाला मेटेरियल समय रहते खरीदा जा सके। बैठक को सुशील पुंडीर, एसआर कश्यप, प्रेम सिंह चंदेल, ओपी गर्ग, बाबू राम गौतम, एसआर कौंडल, रविंद्र नाथ भट्टा, सीआर वर्मा, जेके नड्डा तथा खंड प्रधान दौलत राम चैहान ने संबोधित किया।

# पर्यावर संरक्ष ण: चित्रकला में नेहा प्रथम व साक्षी द्वितीय




**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नम्होल में पर्यावरण संरक्षण को लेकर बहादुरपुर इको क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के बच्चों ने स्थानीय बाजार तक रैली निकाली तथा इस रैली के माध्यम से समाज को या संदेश देने का प्रयास किया कि हमें पर्यावरण की रक्षा करनी है अधिक से अधिक पेड़ लगाने हैं पेड़ों को काटने से बचाना है। जंगलों को आग से बचाना है, क्योंकि पेड़ है तो जीवन है पाठशाला में इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता तथा नारा लेखन तथा चित्रकला का आयोजन भी किया गया भाषण प्रतियोगिता में के नीस्ट वर्ग में प्रथम अंशिका, द्वितीय रीना तथा तृतीय अंकिता स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग में प्रथम वनीत, द्वितीय प्रकृति तथा तृतीय स्थान पर शिवानी रही। इसी तरह चित्र लेखन में प्रथम दिव्य द्वितीय भावना तथा तृतीय स्थान पर जानवी रहे। इसके अलावा पेंटिंग में नेहा प्रथम द्वितीय साक्षी और जानवी तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर इको क्लब प्रभारी पूनम वर्मा तथा राष्ट्रीय सेवा प्रभारी कमल शर्मा ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में अवगत करवाया। प्रधानाचार्य प्रीत लाल शर्मा ने बच्चों को यह संदेश दिया कि पढ़े लिखे नागरिक होने के नाते हमें खुद भी समझना है और समाज को भी या समझने में आगे आना है। प्रधानाचार्य ने बच्चों से अपील की कि हम सभी अगर अपने जन्मदिन के अवसर पर एक पेड़ लगाने और उस पेड़ का संरक्षण करने का प्रण ले तो हमारा यह कदम पर्यावरण संरक्षण के प्रति बहुत प्रभावित होगा।

**संदेश**

**▶▶ संरक्षण करने का प्रण ले तो हमारा यह कदम पर्यावरण संरक्षण के प्रति बहुत प्रभावित होगा**

# शूलिनी यूनिवर्सिटी को क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग 2025 में देश की नंबर-1 प्राइवेट यूनिवर्सिटी का दर्जा मिला

**मनीष**

**सोलनः एक** शानदार उपलब्धि में, 14 वर्षीय शूलिनी यूनिवर्सिटी को प्रतिष्ठित रैंकिंग एजेंसी, क्वाक्वेरेली साइमंड्स क्यूएस द्वारा वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में देश की नंबर 1 प्राइवेट यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया गया है, जबकि कुछ ही समय पहले यह टाइम्स हायर एजुकेशन टीएचई रैंकिंग में भी इसी स्थान पर रहा था।केमिस्ट्री, फि जिक्स और एस्ट्रोनॉमी में एससीआईएमएजीओ रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के अलावा देश के सर्वश्रेष्ठ यंग प्राइवेट यूनिवर्सिटी के रूप में स्थान प्राप्त करने के बाद यह दोहरी मान्यता एक गौरव की



बात है। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित यूनिवर्सिटी को 587 की ग्लोबल रैंक पर रखा गया है, जो पिछले साल 771-780 के बैंड से एक बड़ी छलांग है। इसे पिछले साल 20वें स्थान के मुकाबले देश में 14वें स्थान पर रखा गया है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बॉम्बे देश में समग्र रैंकिंग में शीर्ष पर रहा, उसके बाद इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली का स्थान रहा। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ग्लोबल स्तर पर अव्वल रहा, उसके बाद इंपीरियल कॉलेज, लंदन का स्थान रहा। शूलिनी यूनिवर्सिटी ने इस बार 5.9 अंकों की छलांग लगाई। पिछली बार के 15.2 अंकों के मुकाबले इस बार इसने 21.1 अंक हासिल किए।

यूनिवर्सिटी ने साइटेशन पर फैकल्टी में अपनी रैंकिंग में 319 से 224 और एम्प्लॉयर रेपुटेशन में 600 से 561 तक सुधार किया है।

# जिला शिमला में 14 जून को होगा मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन

**चमन शर्मा**

**शिमलाः 8वीं** मेगा मॉक एक्सरसाइज के संदर्भ में राज्य स्तरीय अभिविन्यास एवं समन्वय समिति की बैठक का आयोजन आज वीडियो कांफ्रें सिंग के माध्यम से किया गया, जिसकी अध्यक्षता निदेशक-सह-विशेष सचिव राजस्व आपदा प्रबंधन हिमाचल प्रदेश डीसी राणा ने की। बैठक में जिला शिमला के अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ उपस्थित रहे। डीसी राणा ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के जिलों में आपदा प्रबंधन योजना की समीक्षा करना तथा उनकी



जिम्मेदारियों से अवगत करवाना है ताकि आपदा के समय हर जिला आपदा से निपटने में सक्षम हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा, जिसके तहत आज प्रथम चरण में अभिविन्यास एवं समन्वय समिति की बैठक का आयोजन कर सभी जिला को मेगा मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों से अवगत करवाया जा रहा है। वही दूसरे चरण में 12 जून को टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा तथा तीसरे चरण में प्रत्येक जिला में मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिला के 5 स्थानों पर मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन सुनिश्चित किया जाए, जिसके लिए सभी को आज से तैयारियां सुनिश्चित करनी होंगी।

बैठक में मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) सुधीर बहल, प्रमुख सलाहकार एनडीएमए, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने आपदा प्रबंधन पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत बात रखी तथा राज्य स्तरीय मेगा मॉक एक्सरसाइज के बारे में जानकारी दी। अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा ने कहा कि सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारी आपदा प्रबंधन से जुड़े विषय पर समन्वय स्थापित कर कार्य करे। उन्होंने अधिकारीयों को कहा कि 12 जून, 2024 को प्रातः 11 बजे राज्य सचिवालय में टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए जिला प्रशासन की ओर से आपदा प्रबंधन पर प्रेजेंटेशन भी तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि 14 जून, 2024 को राज्य स्तरीय मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन होगा। इस मॉक एक्सरसाइज के तहत जिला के 5 स्थान चिन्हित किये जायेंगे जहाँ पर मॉक एक्सरसाइज का आयोजन होगा।

# कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक संगोष्ठी होम स्टे में संपन्न हुई

**चर्चा**

**▶▶ कुमारी पूजा ने सुंदर गीत सुनाया उच्चेआं पहाडां रा देखी लेणा असां नजारा, अजय सौरभ नें सुनाया हम देश का भाग्य हैं**




**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक संगोष्ठी बामटा के गांव बध्यात के साकेत होम स्टे में संपन्न हुई। संगोष्ठी की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जीत राम सुमन ने की जबकि बीना वर्धन और रविंद्र कुमार शर्मा विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल हुए। मंच संचालन राकेश मिन्हास ने किया। सर्वप्रथम कैप्टन बीरी सिंह चंदेल ने सुनाया। जिन्दे लकडी मरदे लकड़ी, देख तमाशा लकड़ी दा, इसके बाद अमरनाथ धीमान ने जाहण सूरज चमकणा चिलकदीये धुप्पे, तौंदीया देख्या केहर मचाणी, सुशील कुमार परिंदा ने जंगल जंगल आग लगी है, मैं तो परिंदा हूं जल गया, आशा कुमारी ने सारे अपनी दुनिया में मस्त हैं, उधर पापा खांसते रह जाते हैं, रविंद्र कमल चंदेल ने पन्यांदां बाईं री ख्वाजे री करां थे पूजा, दलिया बन्डदे थे सारे, गायित्री देवी ने सुन्दर भजन-मेरा श्याम बिन्दरा बणा ते नठी गया, दस्स माई से हुण किती गया। सुरेन्द्र मिन्हास ने सुनाया शिखर ध्याडे असें कजो खेतां गये थे, कजो नी असें पक्खे थल्ले सये थे,

कुमारी पूजा ने सुंदर गीत सुनाया उच्चेआं पहाडां रा देखी लेणा असां नजारा, अजय सौरभ नें सुनाया हम देश का भाग्य हैं हम हैं देश के कर्णधार आज रहे पुकार, तब मंच संचालक राकेश मिन्हास ने ऐरे गैरे नत्थू खैरे पढने लगे हैं सभी, तुम्हें अखबार होना चाहिये।

## ढलियारा से भरवाई विद्युत लाइन की सप्लाई 10 जून को होगी शुरू

**राजन पुरी**

**ऊना:** विद्युत उपमंडल भरवाई के अंतर्गत ढलियारा से 33 केवी विद्युत उपकेंद्र भरवाई (अमोकला प्रीतम) के लिए नई 33 केवी लाइन निकाली गई है। इस लाइन की सप्लाई 10 जून को सुबह 10 बजे शुरू हो जाएगी। यह सूचना बिजली विभाग उपमंडल भरवाई के सहायक अभियंता रविंद्र शर्मा ने दी। उन्होंने जिला कांगड़ा की ग्राम पंचायत ढलियारा, बगली, चलाली और जिला ऊना की ग्राम पंचायत अप्पर लोहारा, डुहल बंगवाला और डुएल बटवाला के ग्राम वासियों से अपील की है कि इस लाइन के नीचे व पोल के साथ पशु बांधने और मकान बनाने आदि की किसी भी प्रकार की गतिविधि न करें, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# प्रदेश में 14 जून को सभी जिलों में आयोजित होगी मॉकड्रिल

**अभ्यास**

**▶▶इस मॉकड्रिल में केंद्र सरकार, राज्य सरकार और जिला प्रशासन का त्रिस्तरीय समन्वय होगा**



**चमन शर्मा**

**शिमलाः प्र**देश के सभी जिलों में 14 जून को होने जा रही आठवीं मॉकड्रिल को लेकर शिमला में आज राज्य आपदा प्रबंधन के निदेशक व विशेष सचिव डीसी राणा की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि व सभी जिलों के उपायुक्त शामिल हुए। प्रदेश भर के सभी जिलों में 12 जून को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा टेबल टॉप अभ्यास किया जाएगा। टेबल टॉप अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में जमीनी स्तर पर की गई तैयारियों का मूल्याकंन करना है। 14 जून को बाढ़, भू-स्खलन, हिम-स्खलन और औद्योगिक आपदा से निपटने के लिए सभी जिलों में मॉकड्रिल की जाएगी, जिसमें विशेषकर स्कूलो, महाविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में आपदा में फ ंसे छात्रों को सुरक्षित बाहर निकालने को लेकर अभ्यास किया जाएगा।

डीसी राणा ने कहा कि मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य जीवन और संपत्ति के नुकसान को कम करना और आपदा से निपटने के लिए सभी विभागों के प्रतिनिधियों, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, केन्द्रीय सशस्त्र बलों, पुलिस, होमगार्ड आदि में समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में राहत कैंप न बनाए जाए जिससे कि शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि नदियों, झीलों और ग्लेशियर के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को समय से पहले ही मॉकड्रिल को लेकर की जा रही तैयारी की जानकारी दी जाए ताकि मौके पर अभ्यास के दौरान लोगों में भय का माहौल न उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल के लिए गैर सरकारी संगठनों के साथ भी समन्वय स्थापित कर कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में भी बेहद संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। ऐसे स्थानों में त्रासदी से पूर्व घटना के संबंध में जानकारी मिले इसके लिए पूर्व चेतावनी प्रणाली की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खतरनाक झीलों के किनारे रह रही आबादी के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने पर भी बल दिया जाए। आपात स्थिति में किसी भी त्रासदी की जानकारी मिलने पर मौके पर जमीनी स्तर पर अपनी कार्य योजना को भी लागू करने के लिए विकल्प रखें। उन्होंने कहा कि इस मॉकड्रिल में केंद्र सरकार, राज्य सरकार और जिला प्रशासन का त्रिस्तरीय समन्वय होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### डसको की आम सभा रविवार को पडयालग में

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** घुमारवी उपमण्डल के तहत आने वाली दी दधोल कृषि सेवा सहकारी समिति दधोल की आम सभा रविवार 9 जून 2024 को सभा के मुख्य कार्यालय पडयालग में होगी। सभा सचिव हेमराज निखिल ने बताया कि आम सभा में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। वहीं सभा के उत्थान के लिए सभा सदस्यों से चर्चा की जाएगी। हेमराज निखिल ने बताया कि रविवार को 11 बजे होने वाली आम सभा की बैठक में पिछली आम सभा की पुष्टि व स्वीकृति बारे, नए सदस्यों के प्रवेश व हिस्सा हस्तांतरण की स्वीकृति बारेए समिति के वर्ष 2023-24 के अंतिम लेखों की स्वीकृति बारे, समिति की अधिकतम ऋण सीमा के निर्धारण बारे, समिती की ब्याज दरों की स्वीकृति के निर्धारण बारे, समिति की दुग्ध परियोजना बारे, समिति के वर्ष 2024-25 के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षक नियुक्त करने बारे, समिति की वर्ष 2024-25 की व्यापारिक विकास योजना की स्वीकृति बारे चर्चा होगीं। वहीं इसके अलावा अन्य मुद्दों पर अध्यक्ष की अनुमति से चर्चा की जाएगी। सभा सचिव ने समिति के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि रविवार सुबह 11 बजे समिति के मुख्य कार्यालय पडयालग के सामुदायिक हाल में पहुंचकर अपनी भागीदारी देते हुए समिति के सभी सदस्यों को आर्थिक व सामाजिक तोर पर मजबूत करने में अपना योगदान दें।

जरूरी खबर

### राठौर ने इंडिया गठबंधन की बैठक से पूर्व राहुल को विपक्ष में बड़ी जिम्मेदारी देने की उठाई मांग

**चमन शर्मा**

**शिमला:** एनडीए ने नरेंद्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुन लिया है। इसको लेकर नई दिल्ली में गठबंधन दलों की संयुक्त बैठक में प्रस्ताव पारित किया गयाण। इसी बीच एआईसीसी प्रवक्ता और हिमाचल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर ने बड़ा बयान दिया है। कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि एनडीए भले ही सरकार बनाने जा रही है लेकिन इसकी शुरूआत परस्पर विरोधाभास और आंतरिक गतिरोध से हुई है। गठबंधन के दलों में शुरूआत से ही बिखराव की स्थिति नजर आ रही है ऐसे में सरकार के 5 वर्षों तक चलने पर संदेह है। कुलदीप सिंह राठौर ने इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी विपक्ष में बड़ी जिम्मेदारी देने की भी मांग की।

### टाटा स्टारबक्स ने मनाली में खोला अपना सबसे ऊंचाई पर स्थित स्टोर जहां ग्राहकों को कॉफी के संग खूबसूरत नजारों भी मिलेंगे

**मनाली: टाटा स्टारबक्स ने मनाली में अपने पहले स्टोर का लॉन्च किया है जो देश में ब्रैंड का सबसे** ऊंचाई वाली लोकेशन पर खुलने वाला स्टोर है। समुद्र तट से 7697 फीट की ऊंचाई पर खुला यह स्टोर कॉफी का लुत्फ उठाने के लिए बेहद शानदार नजारे पेश करेगा। स्टोर मनाली के स्थानीय बाशिन्दों के अलावा टूरिस्टों को भी कॉफी के प्याले के संग सुस्ताने का मौका देगा ।आप चाहे ट्रेक से लौटे एडवेंचर प्रेमी हैं या मनाली के स्थानीय निवासी स्टारबक्स आपके लिए कॉफी का कभी न भूलने वाला अनुभव लेकर आया है ।स्टोर में कॉपर से तैयार किए गए कॉफी के हैंडक्रॉफ्टेड फूलों की सज्जा



यहां पहुंचने वाले मेहमानों का मन मोह लेगी और उन्हें फ्लेवर के एक नए सफर पर चलने के लिए आमंत्रित करेगी। आकर्षक इंटीरियर के अलावा स्टोर में आउटडोर सीटिंग की भी व्यवस्था है जहां से आप हिमाचल प्रदेश के दिल फरेब लैंडस्केप का जी भरकर लुत्फ ले सकते हैं। आइकॉनिक स्टारबक्स सायरन के आर्टवर्क से सजा यह स्टोर दरअसल कम्युनिटी के प्रति ब्रैंड के समर्पण का प्रतीक है। स्टारबक्स सायरन भी मनाली के शांत मगर बेहद खास जज़्बे को दशार्ता है और साथ ही स्टारबक्स की समावेशी और सस्टेनेबिलिटी के प्रति प्रतिबद्धता का भी सूचक है ।स्टारबक्स मनाली ने बीन से कप तक के सफर को प्रदर्शित कर हर घूंट के पीछे किसानों की मेहनत के साथ साथ कॉफी उगाने की सदियों पुरानी कला को भी सलाम किया है ।स्टोर में ग्राहकों के लिए बेहतरीन ग्लोबल और लोकल फेवरेट्स को मेन्यू में शामिल किया गया है जैसे जावा चिप फ्रैपूचिनो,कैफे मोका,सिग्नेचर हॉट चॉकलेट,और कैरेमल मचियातो फिल्टर कॉफी,मसाला चाय,इलायची चाय के साथ साथ खाने की बेहद स्वादिष्ट चीजें शामिल हैं ।खास तौर पर एग व्हाइट और चिकन इन मल्टीग्रेन क्रोसॉ,क्लासिक न्यू यॉर्क चीजकेक,बटर क्रोसॉ वगैरह ।यह पेशकश ग्राहकों को आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य को निहारते हुए लज्जतदार स्वाद का लुत्फ उठाने का मौका देगी। नए स्टोर में कंपनी स्टारबक्स रिवॉर्ड्स और लॉयल्टी प्रोग्राम भी उपलब्ध कराएगी ताकि मनाली के कॉफी प्रेमियों को लगातार बढ़ती स्टारबक्स इंडिया कम्यूनिटी का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया जा सके।

# पेंशन नहीं मिलने से परिवहन निगम के पेंशनर्स ने जताया ऐतराज



**राजन पुरी**

**ऊनाः हिमाचल** पथ परिवहन निगम सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण संगठन की जिला स्तरीय बैठक शुक्रवार को जिला मुख्यालय के पुराना बस अड्डा परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष किशोरी लाल ने की। जबकि संगठन के महामंत्री सतपाल भी इस मौके पर मौजूद रहे। इस मौके पर हिमाचल पथ परिवहन निगम सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण संगठन ने मई माह की पेंशन का भुगतान न मिलने पर कड़ा एतराज जताया। जिला अध्यक्ष किशोरी लाल ने कहा कि सरकार सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन समय पर देने में नाकाम रही है। जिसके चलते उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम से सेवानिवृत हो चुके इन बुजुर्गों के मेडिकल बिल भी करीब दो-दो साल से निगम के दफ्तर में धूल फांक रहे हैं। जबकि मेडिकल बिलों का भुगतान हर 3 महीने के बाद सुनिश्चित किया जाना चाहिए, जिससे इन बुजुर्गों को अपना इलाज करवाने में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि 5 ,10 और 15 प्रतिशत की पेंशन वृद्धि के मामले को लेकर भी सरकार के समक्ष लंबे समय से आवाज उठाई जा रही है, लेकिन इसे भी अनसुना किया जा रहा है। किशोरी लाल ने कहा कि सरकार की अनदेखी के चलते सेवानिवृत कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ रहा है। जबकि प्रदेश कार्यकारिणी के नेतृत्व में इस मसले को लेकर जल्द प्रभावी तरीके से आवाज भी उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि उम्र के इस पड़ाव में सरकार इस पेंशन को देने में जिस तरह से आनाकानी कर रही है, उस उम्र दराज हो चुके इन बुजुर्गों को भयंकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नए वेतनमान की 50,000 रुपए की किशत का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि राज्य सरकार के कर्मचारियों को किशत दे दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य कर्मचारियों की बैठक की जाए, जिसमें ठोस निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर सहदेव सिंह, सतपाल शर्मा, रामनाथ, बृज कुमार, कश्मीर सिंह, सुरजीत सिंह, भगवंत किशोर, दिलावर सिंह, सूरत राम, भागमल, विनोद कुमार, अभिनाश खुल्लर, अर्जुन सिंह, बलदेव सिंह, राम चंद, रमेश कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रतापनगर ने महिला की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत

**राजन पुरी**

ऊनाः थाना अंब के तहत प्रतापनगर में 32 वर्षीय महिला की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान ज्योति वाला पत्नी अमरीक सिंह निवासी प्रतापनगर, अंब के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक प्रतापनगर की ज्योति वाला ने वीरवार रात्रि को घर में कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ती देख परिजन ज्योति वाला को सिविल अस्पताल अंब लेकर पहुंचे, जहां पर उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। डीएसपी अंब वसूधा सुद ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच शुरू कर रही है।

# सोलन जिला के पांचों उपमंडलों में 14 जून को किया जाएगा मैगा मॉक अभ्यास

**मनीष**

**सेलनः** अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने गत दिवस को ऑरियनटेशन एण्ड कॉर्डिनेशन विषय पर आयोजित कार्यशाला में वर्चुअल माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। कार्यशाला राज्य आपदा प्रबंधन के निदेशक व विशेष सचिव डीसी राणा की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निदेर्शानुसार 14 जून, 2024 को सोलन जिला के पाँचों उपमण्डलों में बाढ़ व भूस्खलन विषय पर मॉक



ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। मॉक ड्रिल में जिला के समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल होकर आपदा से बचाव के गुर सिखेंगे। उन्होंने कार्यशाला में 14 जून को आयोजित की जाने वाली मैगा मॉक अभ्यास के लिए उचित दिशा-निर्देश एवं सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि मैगा मॉक ड्रिल में अस्थाई राहत शिविर अस्पताल तैयार किए जाएंगे तथा भूस्खलन व बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए त्वरित एक्शन प्लान के बारे में जागरूक किया जाएगा ताकि आपदा के समय नुकसान को न्यून से न्यून किया जा सके।

# विधार्थियों ने समझे इन्वेस्ट के खतरे और नुकसान: मंजू

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छड़ोल में रिडयूस ई-वेस्ट विषय पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूल के प्रधानाचार्य संजय कुमार शर्मा ने इस विषय पर प्रार्थना सभा में बच्चों को को जागरूक किया। यह जानकारी पाठशाला की इको क्लब प्रभारी मंजू शर्मा ने दी। कार्यक्रम के तहत स्कूल के बच्चे अपने घरों से ई-वेस्ट इक्ा कर के लाए थे, जिसमें पुराने सेल, बैटरी, पुराने फोन आदि शामिल हैं। बच्चों ने पाठशाला के आसपास के क्षेत्र में जाकर भी लोगों को ई-वेस्ट के बारे में जागरूक किया। पाठशाला की इको क्लब प्रभारी मंजू शर्मा



ने आसपास के क्षेत्र में लोगों को ई वेस्ट के खतरे के बारे में जानकारी प्रदान की और भविष्य में ई-वेस्ट को अलग से इक्ा करने के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान यह फीडबैक मिली कि बहुत से लोगों को यह जानकारी नहीं है कि ई-वेस्ट भी किसी प्रकार का कचरा होता हैं इसलिए इस कार्यक्रम को और गति प्रदान करने का निर्णय लिया ताकि अधिक से अधिक लोगों को इन्वेस्ट के बारे जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान बच्चे अपने शिक्षकों के साथ नजदीकी बैंक में गए और वहां आए लोगों को जागरूक किया।

**जागरू किया**

**▶▶गति प्रदान करने का निर्णय लिया ताकि अधिक से अधिक लोगों को इन्वेस्ट के बारे जागरूक किया जा सके**

इस दौरान स्कूल के प्रवक्ता अर्थशास्त्र मुनीष, प्रवक्ता राजनीतिक विज्ञान मदन गोपाल एवं शारीरिक शिक्षा अध्यापक देव राज उपस्थित रहे।

# बारिश-बाढ़-भूस्खलन को लेकर प्रबंधन की तैयारी परखेगा प्रशासन

**राजन पुरी**

**ऊनाः** अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने कहा कि आगामी मानसून सीजन के दृष्टिगत आपदा प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए ऊना जिले में 14 जून को मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस दिन जिले में निर्धारित स्थलों तथा संस्थानों में बारिश-बाढ़-भूस्खलन से प्रतीकात्मक नुकसान मानकर मॉक ड्रिल की जाएगी। इसमें आपदा प्रबंधन को लेकर प्रतिक्रिया योजना की प्रभावकारिता को परखा जाएगा तथा योजना की समीक्षा और कमियों का विश्लेषण कर उन्हें सुधारने का काम किया जाएगा। इससे जिला आपदा प्रबंधन योजना को और पुख्ता बनाने में मदद मिलेगी।मॉक




ड्रिल के आयोजन को लेकर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने शक्रवार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से ओरिएंटेशन कार्यशाला लगाई। इसमें उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर के साथ विभिन्न हितधारक विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसे लेकर आगे 12 जून को समन्वय बैठक एवं टेबल टॉप एक्सरसाइज की जाएगी तथा 14 को राज्यस्तरीय मॉक ड्रिल होगी।

महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि 14 जून को पूरे प्रदेश में मेगा मॉक ड्रिल होगी, इसी क्रम में ऊना जिले में भी इसका आयोजन किया जाएगा। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपदा में रिस्पॉस प्लान की प्रभावकारिता को परखना है, ताकि कमियों का पता लगा कर उन्हें समय से सुधारा जा सके। साथ ही इसका एक उद्देश्य सभी हितधारक विभागों व अधिकारियों को आपदा प्रबंधन को लेकर अद्यतन मानक संचालन प्रक्रियाओं और दिशा निर्देशों से परिचित कराना है। इसी प्रकार इसका एक मकसद जन जागरूकता बढ़ाना और सभी हितधारक विभागों में बेहतर तालमेल सुनिश्चित बनाना भी है। ऑनलाइन बैठक में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आला अधिकारियों ने मॉक ड्रिल के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा आपदा प्रबंधन योजना और इसके सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। वहीं शिमला से बैठक में जुड़े राज्य आपदा

प्रबंधन प्राधिकरण के निदेशक डीसी राणा ने मॉक ड्रिल को पूरी गंभीरता से करने को कहा ताकि आपदा प्रबंधन की तैयारियों व क्षमताओं के साथ प्रतिक्रिया योजना की प्रभावकारिता का सही आकलन किया जा सके।

बैठक में एएसपी सुरेंद्र शर्मा, एसडीएम अंब विवेक महाजन, एसडीएम ऊना विश्वमोहन देव चौहान, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम, डीएफओ सुशील, सीएमओ संजीव वर्मा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# थ्रो बाल में हिमाचल ने मुंबई व केरला को हरा अगले दौर में किया प्रवेश

**राजन पुरी**

**ऊनाः** हैदराबाद में चल रही 47वीं राष्ट्रीय नैशनल बाल चैंपियनशिप खेलकूद प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश टीम के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता के दुसरे दिन शुक्रवार को पहले मैच में हिमाचल की लड़कियों की टीम ने राज्यस्थान के साथ बढि?ा प्रदर्शन करने के उपरांत क्वार्टर फाइनल मैच में मुंबई को हराया। वहीं लडकों की टीम ने गुजरात की टीम से बढि?ा प्रदर्शन करने के उपरांत क्वाटर फाइनल मैच में केरला को हरा कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। हिमाचल प्रदेश थ्रो बाल




ऐसोसिएशन के महासचिव जोगिंद्र देव ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश की टीमें अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मुकाबले में हिमाचल के लडकों व लड़कियों की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना है। इस अवसर पर थ्रो बाल फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव रमन साहनी, थ्रो बॉल तेलंगाना प्रदेश के अध्यक्ष कृष्णा रेड्डी, रैफरी बोर्ड के अध्यक्ष श्रीकांत, संजीव कुमार, गौतम सुमन, जमील, राष्ट्रीय कोच यशवीर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# वृक्ष धरती पर ईश्वर के प्रतिनिधि

दुनिया के ताकतवर मुल्क अमेरिका में पर्यावरण और जीव विज्ञानियों ने बहुत बार शोध करके यह सिद्ध किया है, वृक्षों में भी महसूस करने और समझने की क्षमता होती है। जैन धर्म भी मानता है, वृक्ष में भी आत्मा होती है, क्योंकि यह संपूर्ण जगत आत्मा का ही खेल है। वृक्ष को काटना अर्थात उसकी हत्या करना है। हरित क्रांति की बात चलती है तो मुझे बरबस भगवान तीर्थंकर महावीर का भावपूर्ण स्मरण आता है। पर्यावरण प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में भगवान महावीर की प्रासंगिकता बढ़ गई है। इसीलिए भगवान महावीर को पर्यावरण पुरुष भी कहा जाता है। अहिंसा विज्ञान को पर्यावरण का विज्ञान भी कहा जाता है। भगवान महावीर मानते थे कि जीव और अजीव की सृष्टि में जो अजीव तत्व है अर्थात मिट्टी, जल, अग्नि, वायु और वनस्पति उन सभी में भी जीव है, अतः इनके अस्तित्व को अस्वीकार मत करो। इनके अस्तित्व को नामंजूर करने का मतलब है, अपनी मौजूदगी को अस्वीकार करना। दृश्य और अदृश्य सभी जीवों का अस्तित्व स्वीकारने वाला ही पर्यावरण और मानव जाति की रक्षा के बारे में सोच सकता है। जैन धर्म में वनस्थली की परम्परा रही है। चेतना जागरण में पीपल, अशोक, बरगद आदि वृक्षों का विशेष योगदान रहा है। ये वृक्ष भरपूर ऑक्सीजन देकर व्यक्ति की चेतना को जागृत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जैन धर्म ने सर्वाधिक पौधों को अपनाए जाने का संदेश दिया है। सभी 24 तीर्थंकरों के अलग-अलग 24 पौधे हैं। भगवान महावीर और भगवान बुद्ध समेत अनेक महापुरुषों ने इन वृक्षों के नीचे बैठकर ही निर्वाण या मोक्ष को पाया है, इसीलिए वृक्ष धरती पर ईश्वर के प्रतिनिधि हैं। अंधाधुंध वृक्षों के कटान से हमारे जंगल कंक्रीट जंगल में तब्दील होते जा रहे हैं। यदि कटान की यह रफ्तार न थमी तो एक दिन ऐसा भी होगा, जब मानव को रेगिस्तान की चिलचिलाती धूप में प्यासा मरना होगा। जंगल से हमारा मौसम नियंत्रित और संचालित होता है। जंगल की ठंडी आबोहवा नहीं होगी तो सोचो धरती आग की तरह जलने लगेगी। इसमें कोई शक नहीं, मनुष्य के मन में लालच की सीमा बढ़ने लगी है। अधिकतम लाभ और धन पाने की इच्छा के वशीभूत होकर वह इन वृक्षों को काटकर इमारती लकड़ियों आदि के रूप में प्रयोग करने लगा है। वृक्षों के बेरोकटोक काटे जाने से पृथ्वी के दुर्लभ जीव-जंतु भी समाप्त हो रहे हैं। कुछ तो संख्या में गिनने लायक ही रह गए हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो ये दुर्लभ जीव-जंतु बिल्कुल समाप्त हो जाएंगे। वृक्षों के कटान से वायु में कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है, जबकि ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है। इससे वायु प्रदूषित होकर प्रकृति की स्वाभाविक क्रिया में असंतुलन पैदा कर देती है। परिणामस्वरूप प्रदूषित वातावरण के चलते पर्यावरणीय असंतुलन हो जाता है। इसका मानव स्वास्थ्य पर भी घातक असर पड़ रहा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि ऑक्सीजन के बिना जीवन असंभव है। भगवान महावीर का आदर्श वाक्य है-मित्ती में सव्व भूएसु। अर्थात सब प्राणियों से मेरी मैत्री है। क्लीन टीएमयू-ग्रीन टीएमयू के अपने संकल्प के प्रति तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी प्रतिबद्ध है। प्रदूषण की चुनौतियों से निपटने के लिए 140 एकड़ में आच्छादित यूनिवर्सिटी कैंपस में बीस हजार से अधिक छायादार-फलदार वृक्षों के संग-संग सुगंधित फूलों के पौधे इसके साक्षी हैं।

# महासागरों में बढ़ते प्रदूषण को रोकना होगा



रमेश सर्राफ धमोरा

"एक अनुमान के अनुसार केवल महासागर के अंदर करीब दस लाख प्रजातियां उपस्थित हो सकती हैं। हम सांस लेने के लिए जिस ऑक्सीजन का प्रयोग करते हैं। उसकी दस फीसद मात्रा हमें समुद्र से ही प्राप्त होती है। समुद्र में मौजूद सूक्ष्म वैक्टीरिया ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं जो पृथ्वी पर मौजूद जीवन के लिए बेहद जरूरी है। समुद्र में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण की वजह से ये वैक्टीरिया पनप नहीं पा रहे हैं। जिसके कारण समुद्र में ऑक्सीजन की मात्रा भी लगातार घट रही है। यदि हम समय रहते नहीं चेते तो यह पशु-पक्षियों के साथ-साथ इंसानों के लिए भी बहुत बड़ा खतरा बन सकता है।"

**महासागर** इस दुनिया में मनुष्य के जीवित रहने का एक प्रमुख कारण है। महासागर हमें पीने के लिए पानी और सांस लेने के लिए ताजी हवा प्रदान करता है। इसलिए महासागर प्रदूषण का मुद्दा महत्वपूर्ण है। हम अपने जीवन में बहुत कुछ महासागर पर निर्भर हैं। महासागर प्रदूषण एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। हमारे महासागरों में कचरा जमा हो रहा है लेकिन सवाल यह है कि कचरा कहाँ से आ रहा हैं। आज जब विश्व की कुल जनसंख्या का 30 प्रतिशत तटीय क्षेत्रों में निवास करता है तो ऐसी स्थिति में महासागर उनके लिए खाद्य पदार्थों का प्रमुख स्रोत साबित हो सकते हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण होने के कारण महासागर अत्यंत उपयोगी हैं। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व यहां उपस्थित वायुमंडल और महासागरों जैसे कुछ विशेष कारकों के कारण ही संभव हो पाया है। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ ही महासागर अपने अंदर व आसपास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रों को पनाह देते हैं। जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु व वनस्पतियां पनपती हैं। वर्तमान में मानवीय गतिविधियों का प्रभाव समुद्रों पर भी दिखाई देने लगा है। महासागरों के तटीय क्षेत्रों में दिनों-दिन प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। जहां तटीय क्षेत्र विशेष कर नदियों के मुहानों पर सूर्य के प्रकाश की पर्याप्तता के कारण अधिक जैव-विविधता वाले क्षेत्रों के रूप में पहचाने जाते थे। वहीं अब इन क्षेत्रों के समुद्री जल में भारी मात्रा में प्रदूषणकारी तत्वों के मिलने से वहां जीवन संकट में हैं। तेलवाहक जहाजों से तेल के रिसाव के कारण एवं समुद्री जल के मटमैला होने पर उसमें सूर्य का प्रकाश गहराई तक नहीं पहुंच पाता है। जिससे वहां जीवन को पनपने में परेशानी होती है और उन स्थानों पर जैव-विविधता भी प्रभावित होती है।

हर साल जून 8 को दुनिया भर में विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। 1987 में ब्रंटलैंड की एक रिपोर्ट में टिप्पणी की गयी थी की विश्व के जो महासागर हैं उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी रिपोर्ट से प्रेरित होकर कनाडा ने विश्व महासागर दिवस मानाने का प्रस्ताव रखा। 1992 में कनाडा के इंटरनेशनल सेंटर फॉर ओशन डेवलपमेंट ने इस दिवस को मानाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन अर्थ समिट में रखा था। 8 जून 2009 को पहला विश्व महासागर दिवस मनाया गया। इसके बाद से प्रतिवर्ष 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व महासागर दिवस के अवसर पर विश्व में महासागर से जुड़े विषयों पर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। जो महासागर के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के प्रति जागरूकता पैदा करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। महासागर हमारी पृथ्वी पर न सिर्फ जीवन के प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी प्रमुख भूमिका अदा करते है। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है। महासागरो में असीम जैव विविधता का भंडार समाया है। पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल महासागरों में समाया हुआ है। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। महासागर खाद्य पदार्थों का एक प्रमुख स्रोत होने के कारण हमारी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की मदद से महासागरों से पेट्रोलियम सहित अनेक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों को निकाला जा रहा है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन सहित अनेक मौसमी घटनाओं को समझने के लिए समुद्रों का अध्ययन भी महत्वपूर्ण है।

पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति महासागरों में ही हुई है। आज भी महासागर जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियों को बनाए रखने में सहायक हैं। महासागर पृथ्वी के एक तिहाई से अधिक क्षेत्र में फैले हैं। इसलिए महासागरीय पारितंत्र में थोड़ा सा परिवर्तन पृथ्वी के समूचे तंत्र को अव्यवस्थित करने का सामर्थ्य रखता है।

प्रशांत महासागर पृथ्वी पर सबसे बड़ा महासागर है। पृथ्वी की सतह का यह लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा है। इस महासागर की गहराई 35 हजार फुट और इसका आकार ट्राईगल यानि त्रिभुजाकार है। प्रशांत महासागर में करीब 25,000 द्वीप हैं। अटलांटिक महासागर क्षेत्रफल और विस्तार की दृष्टि से दुनिया का दूसरे सबसे बड़ा महासागर है। इसके पास पृथ्वी का 21 प्रतिशत से अधिक भाग है। अटलांटिक महासागर का आकार अंग्रेजी के 8 की संख्या के जैसा है। इस महासागर की कुछ वनस्पतियां खुद से चमकती हैं क्योंकि यहां सूर्य की रोशनी नहीं पहुंचती। हिंद महासागर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है। यह धरती का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है। हिंद महासागर को रत्नसागर नाम से भी जाना जाता है। हिन्द महासागर इकलौता ऐसा महासागर है जिसका नाम किसी देश के नाम पर रखा गया है। अंटार्कटिका महासागरों में चैथा सबसे बड़ा महासागर है। इस महासागर को ऑस्ट्रल महासागर के नाम से भी जाना जाता है। इस महासागर में आइसबर्ग तैरते हुए देखे जाते हैं। अंटार्कटिका की बफीर्ली जमीन के अंदर 400 से भी अधिक झीलें हैं। आर्कटिक महासागर पांच महासागरों में सबसे छोटा और उथला महासागर है। इसे उत्तरी ध्रुवीय महासागर भी कहते हैं। सर्दियों में यह महासागर पूर्णतः समुद्री बर्फ से ढका रहता है।

महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागरो में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है। विषैले रसायनों के रोजाना मिलने से समद्री जैव विविधता भी प्रभावित होती है। इन विषैले रसायनों के कारण समुद्री वनस्पति की वृद्धि पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने वाले परितंत्रों में महासागर की उपयोगिता को देखते हुए यह आवश्यक है कि हम महासागरीय पारितंत्र के संतुलन को बनाए रखें तभी हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ महासागर अपने अंदर व आस-पास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रो को पनाह देते हैं। जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव व वनस्पतियां पनपती हैं। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में स्थित मैन्ग्रोव जैसी वनस्पतियों से संपन्न वन समुद्र के अनेक जीवों के लिए नर्सरी का काम करते हुए विभिन्न जीवों को आश्रय प्रदान करते हैं। महासागरों में पृथ्वी का सबसे विशालकाय जीव व्हेल से लेकर सूक्ष्म जीव भी मिलते हैं।

एक अनुमान के अनुसार केवल महासागर के अंदर करीब दस लाख प्रजातियां उपस्थित हो सकती हैं। हम सांस लेने के लिए जिस ऑक्सीजन का प्रयोग करते हैं। उसकी दस फीसद मात्रा हमें समुद्र से ही प्राप्त होती है। समुद्र में मौजूद सूक्ष्म वैक्टीरिया ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं जो पृथ्वी पर मौजूद जीवन के लिए बेहद जरूरी है। समुद्र में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण की वजह से ये वैक्टीरिया पनप नहीं पा रहे हैं। जिसके कारण समुद्र में ऑक्सीजन की मात्रा भी लगातार घट रही है। यदि हम समय रहते नहीं चेते तो यह पशु-पक्षियों के साथ-साथ इंसानों के लिए भी बहुत बड़ा खतरा बन सकता है।



## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव
---------

## अंगना टूटा तो टिकट मिली, अब थप्पड़ पक्का बनाएगा मंत्री

सुशील कुमार 'नवीन'

**बॉलीवुड अ**भिनेत्री और मंडी से भाजपा की नई सांसद कंगना रनौत के साथ गुरुवार चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर जो हुआ,वह मौके पर चौका है। किसानों पर अमर्यादित टिप्पणी के नाम पर सीआईएसएफ जवान द्वारा कंगना को थप्पड़ मारने से आंदोलनकारियों को नया मुद्दा मिला है, वहीं कंगना को गर्म लोहे पर सीधी चोट मारने का अवसर। इस एक थप्पड़ से कंगना को कोई नुकसान नहीं होने वाला। इस तरह के हजारों थप्पड़ रीटेक के नाम पर इन्होंने अपनी फिल्मों की शूटिंग में खूब खाए हैं। जितना तेज थप्पड़ उतना बड़ा चेक। ऐसे में ये थप्पड़ भी उनके लिए ब्लैंक चेक है। अब इससे कंगना को क्या हासिल होना है और कितना मिल पाएगा। यह अब उनके विवेक पर निर्भर रहेगा। ' क्वीन' का एक फेमस डायलॉग तो आपने सुना ही होगा ' मेरा सेंस ऑफ ह्यूमर बहुत अच्छा है आपको धीरे धीरे पता चलेगा। हर समय अपने विवादित बयानों से चर्चा में रहने वाली 'पंगा क्वीन' को इससे फायदा ही फायदा है। मुंबई में बीएमसी ने इनका बंगला न तोड़ा होता तो उद्धव ठाकरे से इनका पंगा क्यों होता? पंगा नहीं होता तो मोदी जी तक उनकी मुखरता कैसे पहुंचती। इसी मुखरता ने भाजपा से उनको टिकट दिलाई और सांसद बन गई। इसी तरह देश की सबसे बड़ी कौम के खिलाफ उन्होंने जो टिप्पणी की थी वो बिना सोचे समझे थोड़े ही की होगी। उन्हें साफ पता होगा कि उनका यह बयान कितना चर्चा दिलाएगा।

चार वर्ष बाद कंगना को इसे कैश कराने का अब पूरा मौका मिला है। दिल्ली जाते ही सीधे मोदी जी के समक्ष एक्टिंग बढ़िया की तो मंत्री पद रूपी तोहफा मिलने का पूरा मौका रहेगा। एक्टिंग तो ' तनु वेड्स मनु ' में हम देख ही चुके हैं। मंत्री पद नहीं दिया तो मोदी जी को ' मनिकर्णिका' का ये डायलॉग थोड़े ही सुनना है ' ये राज महल, ये सिंहासन मुझे रानी नहीं बनाता है। झांसी के लोगों का प्यार, उनका विश्वास मुझे रानी बनाता है '। वैसे कंगना और विवाद एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। चाहे फिल्म क्षेत्र हो चाहे राजनीति। कंगना अपनी तीखी जुबानी तरकश से आग उगलते देर नहीं लगाती है किसान आंदोलन से पहले भी कंगना ने अपनी बयानबाजी में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी हुई थी । बॉलीवुड में नेपोटिज्म पर चर्चा हो या देश में राजनीति का मुद्दा अपनी ' मणिकर्णिका ' ने हर बार मुखर होकर बेबाक राय रखी। यहां तक कि हमारी इस गैंगस्टर ने मुंबई में रहते हुए शिवसेना के खिलाफ भी तीखी बयानबाजी करने से गुरेज नहीं किया। सोशल मीडिया की तो हमारी कंगना क्वीन रही है। उनके बयानों के भूकंप से ट्विटर भी थरा चुका है। एक बार तो अकाउंट तक सस्पेंड करना पड़ा था।

इनके श्री मुख से ' भारत को आजादी भीख में

## विचार

# कंगना को थप्पड़, खूनी दौर का संकेत

प्रियंका सौरभ

**वैचारिक मतभेदों को** व्यक्त करने का घृणित तरीका, खासकर जब आप वर्दी पहने हों।' शर्मिंदगी और हैरानी इस बात की है कि ये काम सीआईएसएफ की सुरक्षाकर्मी ने किया है जो लोगों की सुरक्षा के लिए होते हैं। क्या ये कंगना के खिलाफ चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर प्लान अटैक है। सांसद पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुआ हमला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर एक सुरक्षाकर्मी द्वारा, जिन पर सुरक्षा का जिम्मा होता है। अपनी शिकायत को रखने का और भी सभ्य तरीका होता है।ह्लह्ल भारतीय राजनीति और सामाजिक जीवन में हम अक्सर इस तरह की घटनाओं के बारे में सुनते हैं। ह्यथप्पड़ह्ल कहने से हिंसा की गंभीरता कम होती है और हिंसा के शिकार की कमजोरी ज्यादा उजागर होती है। थप्पड़ से किसी की जान नहीं जाती, उसकी निष्कवचता अधिक प्रकट होती है। उसमें किसी योजना की जगह एक प्रकार की स्वतःस्फूर्तता का तत्व होता है। कहा जा सकता है कि थप्पड़ मारने वाले की मंशा सिर्फ नाराजगी का इजहार होता है। राजनीति और सिस्टम (लोकतंत्र या तानाशाही) में विरोध जायज है और यही विरोध तरह तरह के स्वरूपों में हमारे सामने आता रहता है। थप्पड़ या स्याही हमला भारतीय राजनीति में कोई नया किस्सा नहीं है। पहले भी हमारे नेता इन हमलों का दंश झेलते रहे हैं। इतना ही नहीं कई नेताओं पर जूता उछाले जाने की घटनाएं भी हुई हैं। लोकतंत्र लोगों को विरोध प्रदर्शन की आजादी देता है और लोग विरोध के नए-नए तरीके खोज लाते हैं। कभी विरोध में अंडे, टमाटर फेंके जाते हैं, तो कभी जूते-चप्पल कंगना ने किसान आंदोलन के खिलाफ में कुछ बोला तो सीआईएसफ की कांस्टेबल ने आज कंगना पर हमला कर दिया। ये कहाँ तक उचित है? जो लोग इसे सही ठहरा रहे हैं वे ये समझ लें कि रक्षक को भक्षक नहीं बनना होता है। आपकी व्यक्तिगत सोच और विचारधारा आपकी ड्यूटी के बीच में नहीं आनी चाहिए। देशभर में दर्जनों नेता हैं जो सेना के खिलाफ बोलते आये हैं। कभी सिक्युरिटी के दौरान किसी सैनिक की भावना उसकी ड्यूटी के बीच आ गई तो ऐसे नेताओं का वहीं हिसाब हो जाएगा। धारा ३७०, राम मंदिर जैसे मुद्दों पर कई नेताओ और सेलिब्रिटीज के घटिया और भद्दे बयान सबके सामने हैं।ऐसे लोगों के खिलाफ अगर हर सुरक्षाकर्मी सिक्युरिटी के दौरान अपनी भवनाएँ दिखाने लगा तो बहुत बड़ी दिक्कत हो जायेगी। मुझे तो ये समझ नहीं आ रहा है कि लोग कैसे इस महिला के एक्ट को जस्टिफाय कर सकते हैं। क्या लोग ये भूल गए कि ऐसे ही दो सुरक्षाकर्मचारियों की भावनाएँ उनकी ड्यूटी के बीच आ गई थी जिसकी वजह से इंदिरा गांधी की हत्या हुई। हिंसा की भर्त्सना बिना शर्त जब तक न की जाएगी, जब तक उसके लिए कोई औचित्य तलाशा जाता रहेगा और जब तक वह विचारधारा के आधार पर सही या गलत मानी जाएगी, उसकी पुनरावृत्ति होती रहेगी। संचार माध्यमों द्वारा हिंसा को नयनाभिराम बनाकर अगर उपभोग्य बना दिया गया तो वह फिर बार-बार ह्यअदाह्ल की जाएगी और अपनी भयावहता भी खो बैठेगी। वह लोकतंत्र का सबसे सबसे खतरनाक क्षण होगा।देश का हर नेता किसी न किसी के बारे में आए दिन जहर उगलता रहता है। अगर हर नेता की बात पर सुरक्षा बलों के जवान इसी तरह रिएक्ट करना शुरू कर दें तो देश की व्यवस्था का क्या होगा? अपनी ड्यूटी निभाते हुए यह करना क्या उचित है? क्या इसको बढ़ावा देना उचित है? क्या कल को और कोई नहीं ऐसे किसी नेता या पब्लिक फिगर पर हाथ उठेगा? क्या गारंटी है कि कल को यही घूम कर सभी के पास आएगा। थप्पड़ मारने को उचित नहीं कहा जा सकता, साथ ही ऐसे गुस्से को भी सुनना तो पड़ेगा, सुनना चाहिए। राजनेताओं को समझना चाहिए कि पीड़ित जनता की भावनाओं के प्रति यदि वे न केवल संवेदनहीन बल्कि क्रूर व अमानवीय रवैया अपनायेंगे तो जनता अपनी हताशा किसी रूप में तो व्यक्त करेगी। किसी को थप्पड़ मारना अपराध है। इस तरह के मामलों में पुलिस इंडियन पीनल कोड के सेक्शन 323 के तहत केस दर्ज करती है। उन्होंने आगे कहा कि आईपीसी के सेक्शन 323 के तहत अगर कोई अपनी इच्छा से किसी को चोट या नुकसान पहुंचाता है, तो ऐसा करने पर उसे 1 साल की जेल हो सकती है। साथ ही 1 हजार रुपये का जुमार्ना या दोनों की सजा हो सकती है। लेकिन अगर ये बात सामने आती है कि किसी ने बदसलूकी की और फिर ये घटना हुई तो अदालत सजा को बदल भी सकती है या मामले को ही खारिज कर सकती है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# ऐसे हुआ चुनाव प्रचार का खेला

रामविलास जांगिड़

चुनाव का समय था और हर जगह राजनीतिक सरगर्मी थी। तेज तर्राट तिकड़ी को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई। स्टार प्रचारक प्यासा कौआ चतुरीलाल, लालची कुत्ता कुमार स्वार्थ और अंगूर खट्टे हैं कहने वाली लोमड़ी बदलीबाई ने अपनी कमर कस ली। चतुरीलाल ने कहा, "सुनो, हमें जनता को अपने पक्ष में करने के लिए कुछ नई चतुर तरकीबें लगानी होंगी।" कुमार स्वार्थ ने अपनी घुटी हुई आवाज में कहा, "हां, लेकिन ध्यान रखना होगा कि हम किसी भी कीमत पर अपनी जेबें ही भर सकें।" बदलीबाई ने हंसते हुए कहा, "सही कहा, हमें चालाकी से काम करना होगा ताकि लोग हमें ही वोट दें।" पानी की भारी कमी वाले क्षेत्र से चुनाव प्रचार शुरू हुआ। चतुरीलाल ने चतुराई का परिचय देते हुए लोगों से कहा, "एक समय की बात है, जब मैं बहुत प्यासा था, लेकिन अपनी चतुराई से मैंने अपनी प्यास बुझाई। आप हमें वोट देंगे तो हम आपकी भी उसी 'अंतरराष्ट्रीय कंकड़ योजना' से प्यास बुझा देंगे। हर घर, खेत, खलिहान में एसी लगवा देंगे।" तब कुमार स्वार्थ ने अपना दांव खेला, "हमारी सरकार आने पर हर घर के बाहर, हर 1 घंटे में एक-एक पानी का टैंकर होगा। हर घर में स्विमिंग पूल बना देंगे। साथ में मुफ्त का ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर भी मिलेगा।" बदलीबाई ने अपनी चालाकी दिखाते हुए कहा, "अगर आप हमें वोट देंगे तो हम यहां के अंगूरों के साथ-साथ नीम के सभी पेड़ों को मीठा कर देंगे। हर एक नीम और बबूल के पेड़ पर मनचाही मिठाइयां लटका देंगे। यह हमारी गारंटीड स्कीम है।" धीरे-धीरे तीनों की प्रचार तकनीक काम करने लगी। वोटर उनके वादों से प्रभावित होने लगे। उनकी चतुराई, लालच और चालाकी ने मिलकर एक ऐसा माहौल बना दिया कि लोग उन्हें अपने नेता के रूप में देखने लगे। चुनाव के दिन नजदीक आए। तीनों ने मिलकर कई बड़ी रैलियां व रोड शो किए। चतुरीलाल ने मंच से कहा, "हमारी जीत, आम जनता की जीत होगी।" कुमार स्वार्थ ने हंसते हुए कहा, "हम आपके हर सपने को सच करेंगे।" बदलीबाई ने मुस्कुराते हुए कहा, "आप हमें वोट दें और देखिए कैसे हम आपके जीवन को स्वर्ग से भी सुंदर बना देंगे।"

## जैसे-तैसे मैं मुफ्ताटैक से बच पाया

डॉ. सुरेश कुमार

**राजस्व** विभाग में मेरा काम मुफ्त में हो गया। इतनी खुशी मुझे जीवन में कभी नहीं मिली थी। एक बार के लिए मैं मूर्छित होने वाला था। वो तो मेरे परिजनों ने मुझे सही समय पर डॉक्टर के पास पहुँचाया। डॉक्टर ने मेरे परिजनों को बताया कि मुझे मुफ्ताटैक का दौरा पड़ा है। इन्हें ज्यादा खुश होने के अवसर मत दीजिए। नहीं तो आगे इन पर फिर से इस तरह का दौरा पड़ सकता है।

मुझे घर पर लाया गया। कुछ दिन बीते। एक दिन अचानक मेरी बंजर भूमि के लिए किसान फसल योजना के पैसे मेरे खाते में जमा होने लगे। मैं दिल्ली का किसान हूँ। यहाँ केवल राजनीति नहीं होती। कभी-कभी चमत्कार भी होते हैं। मैंने जीवन में कभी खेती नहीं की। इसलिए बिन उगाई फसल के लिए पैसे मिलने लगे तो किसे खुशी नहीं होगी। मुझे फिर से मुफ्ताटैक का दौरा पड़ने ही वाला था कि बेटे ने आकर बताया कि सरकार ने केवल आधे पैसे जमा किए हैं और आना बाकी है। जैसे-तैसे मैं मुफ्ताटैक से बच पाया। मैं आधार कार्ड से बूढ़ा हो चला हूँ। इसलिए वृद्ध पेंशन योजना का लाभार्थी हूँ। असलियत में मेरी उम्र कुछ और है। उम्र ऐसी कि मैं कहीं भी नौकरी कर सकता हूँ। लेकिन जब बैठे-बिठाए चार पैसे मिल रहे हों, तो भला कोई नौकरी क्यों करेगा। कभी-कभी मेरा ईमान जाग उठता था। चुल्लू भर पानी में डूब मरने की इच्छा भी होती थी। हाय मैं यह भी न कर सका, क्योंकि सरकार मुफ्त का पानी चुल्लू भर की मात्रा से अधिक देती थी।

मैं अपनी इकाई से कम सरकार की इकाई से ज्यादा चलता हूँ। सरकार ने फलाँ इकाई तक बिजली मुफ्त कर दी थी। इसलिए मैंने उस इकाई को कभी पार नहीं की जहाँ मुझे सरकार को एक रुपया भी देना पड़े। कहते हैं मुफ्त की आदत पड़ जाए तो कैंसर और एड्स की बीमारियाँ भी बौने लगने लगती हैं। कभी-कभी तो लगता है कि मुफ्त की फिनाइल पैसे देकर खरीदे गए दूध से भी अधिक मजा देता होगा। मैं जब भी टीवी चलाता हूँ तो एक नई उम्मीद जाग उठती है कि आज सरकार कौनसी मुफ्त योजना लाने जा रही है। अब मुझे मुफ्तखोरी की आदत पड़ गई है। बीवी-बच्चों को भी मुफ्तभोगी बनने की ट्रेनिंग देता रहता हूँ।



# हार्ट अटैक से बचाएगा टमाटर का जूस

## इससे शरीर को मिलते हैं कई फायदे

हाल में हुई रिसर्च बताती है कि रोजाना 1 कप टमाटर का जूस पीने से आप हार्ट अटैक के खतरे को दूर कर सकते हैं। इसके अलावा टोमैटो जूस के सेवन से हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की समस्या भी दूर हो जाती है।

टमाटर भारत ही नहीं, दुनिया के बहुत सारे देशों में खाया जाने वाला फल है। भारत में आमतौर पर सब्जियों की ग्रेवी बनाने और डिशेज में खट्टापन लाने के लिए टमाटर का प्रयोग किया जाता है। टोमैटो सॉस और केचअप तो आपने भी खूब खाया होगा, मगर क्या आपने टमाटर का जूस पिया है। रसीले टमाटरों का जूस शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। हाल में हुई एक रिसर्च बताती है कि टमाटर का जूस पीने से हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। ये रिसर्च 'जर्नल ऑफ फूड साइंस एंड न्यूट्रीशन' में छापी गई है।

### बिना नमक के पिएं टमाटर जूस

रिसर्च में बताया गया है कि अगर आप रोजाना 1 कप बिना नमक का टमाटर का जूस पीते हैं, तो आपको हार्ट अटैक आने के खतरे कम हो जाते हैं। दरअसल टमाटर का जूस हाई ब्लड प्रेशर और बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल की समस्या को कंट्रोल करने में मदद करता है। ये दोनों ही समस्याएं व्यक्ति के हार्ट (हृदय या दिल) को प्रभावित करती हैं और हार्ट अटैक का कारण बनती हैं।

### कैसे हुई रिसर्च

जापान स्थिति टोक्यो मेडिकल एंड डेंटल यूनिवर्सिटी में हुई इस रिसर्च में लगभग 500 लोगों को शामिल किया गया, जिनमें 184 पुरुष और 297 महिलाएं थीं। शोधकर्ताओं ने पाया कि रोजाना टमाटर का जूस पीने से हाई ब्लड प्रेशर के शिकार 94 लोगों का ब्लड प्रेशर कम हो गया। इनका सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 141.2 से 137mmHg और डाईस्टोलिक ब्लड प्रेशर 83.3 से 80.9 mmHg हो गया था। इसके अलावा 125 लोगों में बढ़े हुए बैड कोलेस्ट्रॉल (LDL) का स्तर भी घटकर 155 से 149.9 mg/dL हो गया।

### महिलाओं-पुरुषों दोनों के लिए फायदेमंद

रिसर्च में पाया गया कि टमाटर का जूस महिलाओं और पुरुषों, दोनों में फायदेमंद होता है। इसलिए कोई भी इसका सेवन कर सकता है। अगर आप जूस नहीं भी पीते हैं, तो अपने रोजाना के खान-पान में टमाटर को जरूर शामिल करें। सलाद में कच्चे टमाटर खाएं। इसके अलावा सब्जी, ग्रेवी आदि में इसका इस्तेमाल करें। ध्यान दें कि टोमैटो केचअप और सॉस में बहुत ज्यादा मात्रा में चीनी और प्रिजर्वेटिव्स मिलाए जाते हैं, इसलिए इसका सेवन आपके लिए फायदेमंद नहीं होगा।

### कई अन्य बीमारियों में भी फायदेमंद है टमाटर का जूस

टमाटर का जूस कई अन्य बीमारियों में भी फायदेमंद पाया गया है। टमाटर में फाइबर भरपूर होता है। इसके अलावा इसमें एक खास तत्व होता है, जिसे नियासिन कहते हैं। नियासिन वाले आहारों का सेवन हृदय के लिए बहुत अच्छा होता है, क्योंकि ये कोलेस्ट्रॉल को घटाता है। इसके अलावा टमाटर में कई एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जिनमें बीटा-कैरोटीन, लाइकोपीन और साइटोन्यूट्रिएंट मुख्य हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट्स कैंसर और हार्ट अटैक से बचाने में मदद करते हैं।

# माउथवॉश के प्रयोग से हृदय रोग का खतरा

आप हर रोज मुंह की दुर्गंध से बचने के लिए माउथवॉश का प्रयोग करते हैं? अगर हां, तो यह आपके दिल के लिए अच्छा नहीं है। हाल ही में हुए शोध में सामने आया है कि जो लोग हर रोज माउथवॉश का प्रयोग करते हैं उनमें हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। वशेष ब्रांड के एंटीसेप्टिक माउथवॉश पर अध्ययन किया गया था। रिसर्च में पाया गया कि माउथवॉश का दैनिक प्रयोग हार्ट अटैक का खतरा सात प्रतिशत, स्ट्रोक का खतरा 10 प्रतिशत और ब्लड प्रेशर का खतरा 3.5 यूनिट तक बढ़ा देता है। प्रमुख शोधकर्ता अमृता अहलूवालिया की मानें तो, माउथवॉश में मौजूद केमिकल बैड बैक्टीरिया के साथ-साथ गुड बैक्टीरिया को भी मार देते हैं, जिससे यह खतरा और बढ़ जाता है।



लोगों में माउथवॉश का चलन काफी बढ़ गया है। अकसर लोग बिना जरूरत के भी माउथवॉश को अपने रूटीन का हिस्सा बना लेते हैं। बिना आवश्यकता के माउथवॉश का प्रयोग कई बार हमारे लिए परेशानी भी बन सकता है।

बाजार में मुंह और दांत संबंधी कई बीमारी जैसे सांस की बदबू, दांतों में इंफेक्शन, दांतों में प्लाक की समस्या और दांतों की सेंसिटिविटी के लिए माउथवॉश उपलब्ध हैं। इसका इस्तेमाल करते समय हम इससे होने वाले नुकसान के प्रति अनजान ही रहते हैं।

माउथवॉश में कई प्रकार के रसायन होते हैं। यह रसायन हमारे मुंह में फायदे के साथ-साथ कई तरह के नुकसान भी पहुंचाते हैं। बिना वजह माउथवॉश का प्रयोग हमारे दांतों को नुकसान पहुंचाता है। इससे दांतों की सुंदरता पर भी असर पड़ता है और कई तरह की दिक्कत सामने आ सकती हैं।

## रेसिपी



### नवरतन दाल

**सामग्री**

■ अरहर दाल- 1/4 कप ■ चना दाल- 1/4 कप ■ धुली मूंग दाल- 1/4 कप ■ काली उड़द दाल- 1/4 कप ■ काली मसूर दाल- 1/4 कप ■ धुली मसूर दाल- 1/4 कप ■ राजमा- 1/4 कप ■ अदरक-लहसुन पेस्ट- 2 चम्मच ■ नमक- स्वादानुसार ■ हल्दी पाउडर- 1 चम्मच ■ कटी हुई धनिया पत्ती- 3 चम्मच ■ नीबू का रस- 2 चम्मच ■ घी- 3 चम्मच ■ दालचीनी- 1 टुकड़ा ■ जीरा- 1 चम्मच ■ बारीक कटा प्याज- 1 कप ■ कटी मिर्च- 4 ■ कटी हुई लहसुन की कलियां- 10 ■ कटा टमाटर- 1 कप ■ लाल मिर्च पाउडर- 2 चम्मच

**विधि**

राजमा को धोकर तीन-चार घंटे के लिए पानी में भिगो दें। सभी दालों को धोकर आधे घंटे के लिए पानी में भिगो दें। दाल और राजमा को पानी से निकालकर कुकर में डालें। कुकर में आठ कप पानी, अदरक-लहसुन पेस्ट, नमक और हल्दी पाउडर डालें। कुकर बंद करें और दाल को अच्छी तरह से पकाएं। कुकर का प्रेशर अपने-आप निकलने दें। दाल में नीबू का रस और धनिया पत्ती डालकर मिलाएं। तड़का लगाने के लिए पैन में घी गर्म करें और उसमें दालचीनी और जीरा डालें। कुछ सेकेंड बाद पैन में प्याज डालें। जब प्याज का रंग सुनहरा हो जाए तो पैन में हरी मिर्च, लहसुन और टमाटर डालें। तीन से चार मिनट तक पकाएं। गैस ऑफ करें और पैन में लाल मिर्च पाउडर डालकर मिलाएं। तड़के को दाल में डालकर मिलाएं। गर्मागर्म चावल या मटर पुलाव के साथ सर्व करें।



### बैंगन का रायता

**सामग्री**

■ बैंगन- 200 ग्राम ■ दही- 1 चौथाई टीस्पून ■ हींग – 1 चौथाई टीस्पून ■ काली मिर्च पाउडर- चुटकीभर ■ हरी मिर्च – दो ■ लाल मिर्च पाउडर – 1 चौथाई टीस्पून ■ हल्दी पाउडर- 1 चौथाई टीस्पून ■ चीनी- चुटकीभर ■ नमक – स्वादानुसार ■ करी पत्ता- 3-4 ■ तेल- 3 टीस्पून

**विधि**

बैंगन का रायता बनाने के लिए पैन में तेल गर्म करें। फिर इसमें राई डालकर चटकाएं। फिर इसमें सूखी लाल मिर्च और बैंगन डालकर एक मिनट तक फ्राई करें और थोड़ी देर ढककर पका लें। बैंगन के नर्म होने के बाद इसमें हल्दी, लाल मिर्च पाउडर डालकर अच्छे से मिला लें। दो मिनट और पकाएं बैंगन को बिल्कुल सॉफ्ट करने के लिए। ठंडा होने पर दही डालें और साथ ही चीनी, नमक, काली मिर्च, भुना जीरा पाउडर। तड़के के लिए पैन में तेल गर्म करें। फिर इसमें करी पत्ता डालें और इसे रायते के ऊपर डाल दें। लंच हो या डिनर कभी भी इसे खाएं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शुभांक-4-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-7-8-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-7-8

## लॉफिंग ज़ोन

राम- क्या तुम्हें पता है, मेरा कुत्ता दस तक गिनती जानता है।
श्याम- हां मालूम है।
राम- तुम्हें यह किसने बताया ?
श्याम- मेरे कुत्ते ने।

□ □ □

अध्यापक कक्षा में पढा रहे थे, तभी किसी शरारती छात्र ने सीटी बजा दी।
अध्यापक ने कडककर पूछा- कक्षा में सीटी बजाने की हिम्मत किसने की, रमेश कही तुमने तो नही बजाई ?
रमेश(हडबडाकर)- जी-जी, नही सर, मैं तो सो रहा था।


□ □ □

एक पागल( दूसरे से)- अरे तुमने सुना नही एक महिला आकाश में उड रहे वायुयान से नीचे गिर पडी।
दुसरा- हां हां घमाके की आवाज तो मैंने भी सुनी है।

□ □ □

डॉक्टर( मरीज से)- कहो, अब तबियत कैसी है ?
मरीज- अब कुछ आराम है, बुखार तो टूट गया बस टांग में दर्द है।
डॉक्टर- घबराओं मत टांग भी टूट जाएगी।

## काकुरो पहेली - 4078




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

**काकुरो - 4077 का हल**



## फिल्म वर्ग पहेली- 4078



**बायें से दायें:-**

१. 'बरसो रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२. राजेशखन्ना, धर्मेन्द्र, वहीदा की फिल्म-३
४. 'नींद कभी रहती थी आँखों में' गीत वाली फिल्म-३
६. राज सोलंकी, हिना रहमान, पायल की फिल्म-२
७. 'कहना है जो दिल से कहो' गीत वाली फिल्म-४
९. संजीवकुमार, नूतन की फिल्म-२
११. 'हम और तुम तुम और' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१४. 'कुछ लोग यहाँ पर ऐसे है' गीत वाली फिल्म-४
१५. मकरंद देशपांडे, शबाना, श्वेता की फिल्म-३
१६. 'जब आती होगी याद मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
१९. 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
२०. अनिल धवन, रेहाना की फिल्म-२,२
२२. 'पर्दे में रहने दो पर्दा ना' गीत वाली फिल्म-३
२४. सुनील दत्त, साधना की फिल्म-३
२५. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२६. अभिषेक, उदय, एशा की फिल्म-२
२७. 'शरमाए काहे घबराये' गीत वाली फिल्म-२
२९. आमिर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
३०. 'लगन लागी मन की लगन' गीत वाली फिल्म-२
३१. फिल्म 'मनोरंजन' में नायिका कौन थी-३
३२. शाहरूख, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. ऋषि, अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-४
२. 'नील गगन पे उड़ते बादल आ' गीत वाली फिल्म-४
३. फिल्म 'मि. बॉण्ड' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
४. जीतेंद्र, रीना राय, रामेश्वरी की 'धक धक से धड़कना' गीत वाली फिल्म-२
५. 'सपनों का शहर हो' गीत वाली अरशद वारसी, महिमा चौधरी की फिल्म-३
८. सुष्मिता की पहली फिल्म ?-३
१०. 'चूड़े वाली छमिया मिला नैन रे' गीत वाली सनी, जयाप्रदा की फिल्म-३
१३. विनोद खन्ना, बिन्दू की 'दिल करने लगा है प्यार तुम्हे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'जीना तेरी बाहों' गीत वाली सुनील शेट्टी, इंद्रकुमार, नम्रता की फिल्म-३
१७. प्रदीपकुमार, नर्गिस की 'दिल की गिरह खोल दो' गीत वाली फिल्म-२,२,२
१८. 'नजर के सामने जिगर' गीत वाली राहुल राय, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
१९. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'ढपली वाले ढपली बजा' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'गोरी जो मटके बालों' गीत वाली सुनील, रवीना, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
२३. राजेंद्र कुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'हर एक घर में दिया' गीत वाली संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की फिल्म-२
२८. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'अभी साँस लेने की' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 4077**



## सूडोकु -4078


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -4077 हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

## शब्द पहेली - 4078



**बाएँ से दाएँ**

1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**

1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्टीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

**शब्द पहेली 4077 का हल**



## कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर





एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य उछलकर 79 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इस हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 77.52 डॉलर प्रति बैरल और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.03 डॉलर यानी 0.04 फीसदी लुढ़ककर 73.22 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## रुपया आठ पैसे लुढ़का

**मुंबई।** अमेरिका में मई में सेवा क्षेत्र में जबरदस्त मजबूती आने से दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में आई तेजी के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आठ पैसे लुढ़ककर 83.53 रुपये प्रति डॉलर रह गया।वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.45 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया तीन पैसे बढ़कर 83.42 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की बिकवाली से समर्थन पाकर 83.42 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, लिवाली के दबाव में यह 83.53 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया और इसी स्तर पर बंद भी हुआ।



## 1.60 लाख रुपये वाला नया स्मार्टफोन वीवो एक्स फोल्ड 3 प्रो लाँच

**नई दिल्ली ।** स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी वीवो ने भारतीय बाजार में अपना नया इन्नोवेशन 'मेक इन इंडिया' वीवो एक्स फोल्ड 3 प्रो को आज लाँच करने की घोषणा की जिसकी कीमत 159999 रुपये है। इस नये स्मार्टफोन से वनप्लस ओपन और सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड 5 को टक्कर मिल सकती है। वीवो एक्स फोल्ड 3 प्रो में 8.03 इंच का 2के ई7 एमोलेड डिस्प्ले है। एक्स फोल्ड3 प्रो में उद्योग-प्रथम कार्बन-फाइबर अल्ट्रा-टिकाऊ लाइटवेट हिंज है। स्क्रीन में पीक ब्राइटनेस, डॉल्बी विजन और एचडीआर 10 का सपोर्ट है। इसमें 6.53 इंच का एमोलेड कवर डिस्प्ले भी है, दोनों ही 120हर्ट्ज रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करते हैं। इसमें एलटीवीओ पैनल है, इसलिए कंटेंट के आधार पर रिफ्रेश रेट को 1हर्ट्ज से 120 हर्ट्ज के बीच एडजस्ट किया जाता है। अल्ट्रा-थिन ग्लास प्रोटेक्शन और आर्मर ग्लास कोटिंग के साथ, डिवाइस टिकाऊपन सुनिश्चित करता है। यह ऑक्टा-कोर स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 एसओसी द्वारा संचालित है, जो 16जीबी तक एलपीडीडीआर5एक्स रैम और एक टीबी तक यूएफएस 4.0 स्टोरेज द्वारा समर्थित है। इसके अतिरिक्त, इसमें वीवो की कस्टम वी3 इमेजिंग चिप भी शामिल है। इसमें 5700 एमएएच की बैटरी है जो 100 वॉट वायर्ड और 50 वॉट वायरलेस चार्जिंग को सपोर्ट करती है।



## जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 80 रिंगिट उबलकर 3948 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.65 सेंट की बढ़त के साथ 43.77 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



# शेयर बाजार में दो दिनों की उछाल से निवेशकों की संपत्ति 21 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

एजेंसी


**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद आई गिरावट से शेयर बाजार उबर रहा है। शेयर बाजार में दो दिनों की मजबूती के बाद निवेशकों की पूंजी में 13.22 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का इजाफा हुआ है। शेयर बाजार में जारी सकारात्मक रुख के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप दो दिनों में 21,05,298.11 करोड़ रुपये बढ़ कर 4,15,89,003.38 करोड़ रुपये (4.98 लाख करोड़ डॉलर) हो गया है। इससे पहले लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना के रुझान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 'एग्जिट पोल' में अनुमान से कम सीट मिलने की खबरों के बीच शेयर बाजार में आई गिरावट से निवेशकों के 31 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की पूंजी डूब गई थी।उल्लेखनीय है कि बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के अंत में 692.27 अंक उछल कर 75,074.51 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, कारोबार के दौरान एक समय यह 915.49 अंक बढ़ कर 75,297.73 अंक पर पहुंच गया था। इस तरह मंगलवार की भारी गिरावट के बाद दो दिनों में बीएसई का सेंसेक्स 2,995.46 अंक बढ़ गया है।



## इस साल बिक सकते हैं रिकॉर्ड 1.4 करोड़ एयर कंडीशनर, 40 फीसदी तक की वृद्धि

एजेंसी

**अहमदाबाद।** भीषण गर्मी के कारण इस साल देशभर में रिकॉर्ड 1.4 करोड़ एयर कंडीशनर (एसी) बिक सकते हैं। कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं अप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सिएमा) के अध्यक्ष सुनील वाचानी ने कहा, मई में एसी की रिकॉर्ड बिक्री हुई है। गर्मी में बिक्री में 30-40 फीसदी बढ़ सकती है। वाचानी ने कहा, बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं ने अब शहरी क्षेत्रों में घरेलू एसी को अनिवार्य जरूरत बना दिया है। बाजार विकसित होने के साथ उम्मीद है कि देश में सालाना बिक्री करीब 1.4 करोड़ इकाई होगी, जो क्षेत्र के मजबूत विस्तार को बताती है। भारतीय रिहायशी एयर कंडीशनर की बिक्री बढ़कर लगभग एक से 1.11 करोड़ इकाई तक पहुंचने की उम्मीद है। आइसक्रीम-शीतल पेय पदार्थों की बिक्री में तेजी देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी के बीच कोला, पेय पदार्थ, आइसक्रीम और ठंडक प्रदान करने वाले अन्य उत्पादों की बिक्री में जोरदार तेजी आई है। पेप्सिको इंडिया और कोका कोला जैसी कंपनियों का कहना है कि मांग में भारी बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए हमने अपना भंडार (इन्वेंट्री) तैयार कर रखा है।



## एप्पल को पछाड़कर दुनिया की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बनी एनवीडिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका की सेमीकडक्टर चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया एप्पल को पछाड़कर दुनिया की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है। शेयर में आई तेजी से एनवीडिया का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) उछलकर 3.011 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 251 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गया है। वहीं, एप्पल का मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 250 लाख करोड़) है।

सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली कंपनी की एनवीडिया कॉर्प और दुनिया की सबसे वैल्युएबल कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के बाजार पूंजीकरण में सिर्फ 3.15 ट्रिलियन डॉलर का अंतर है। दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी माइक्रोसॉफ्ट 3.151 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप के साथ पहले नंबर है, जबकि 3.011 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप के साथ एनवीडिया कॉर्प दूसरे स्थान पर है। एप्पल 3.003 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप के साथ तीसरे स्थान पर, अल्फाबेट (गूगल) 2.179 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप के साथ चौथे पायदान पर है, जबकि पांचवें स्थान पर अमेजन है, जिसका मार्केट कैप 1.886 ट्रिलियन डॉलर है। उल्लेखनीय है कि एनवीडिया पहले से ही दुनिया की सबसे मूल्यवान सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली फर्म है। इसके भारत में 4 इंजीनियरिंग डेवलपमेंट सेंटर हैं। ये सेंटर हैदराबाद, पुणे, गुरुग्राम और बेंगलुरु में स्थित हैं। अमेरिकी चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया कॉर्प का शेयर 5 जून, बुधवार को 60.03 डॉलर यानी 5.16 फीसदी की तेजी के साथ 1,224.40 डॉलर (लगभग 1,86,958 रुपये) पर बंद हुआ। एपल का शेयर 0.78 फीसदी की तेजी के साथ 195.87 डॉलर पर बंद हुआ है।




## गिरनार एलीवेट समिट 2024 में हुयी कंपनियों को सशक्त बनाने पर चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गिरनार एलिवेट समिट 2023 की शानदार सफलता के बाद, कारदेखो ग्रुप ने अपना दूसरा संस्करण - गिरनार एलिवेट समिट 2024 आयोजित किया। जून के पहले सप्ताह में जयपुर स्थित कंपनी मुख्यालय में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य शार्क टैंक इंडिया और उसके माध्यम से 30 से अधिक कंपनियों को सशक्त बनाना था, जिनमें अमित जैन ने निवेश किया था। इस समिट में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विविध सत्र शामिल थे, जो भारत 2.0 के निर्माण के लिए संस्थापकों से व्यक्तिगत रूप से जुड़ने और उनका मार्गदर्शन करने के लिए जैन की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। निवेश के बाद, मार्गदर्शन और सलाह कंपनियों को विकास और सफलता प्राप्त करने के लिए खाका तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गिरनार एलिवेट समिट इन कंपनियों को अपने ज्ञान को गहरा करने और सफल उद्यम बनाने के लिए अपनी रणनीतियों को परिष्कृत करने में सशक्त बनाने के लिए एक बेहतरीन मंच के रूप में कार्य करता है। कार्यक्रम के पहले दिन उद्यमियों को व्यवसाय बनाने और उसे बढ़ाने की बारीकियों को समझने में मदद करने के लिए कई तरह के सत्रों से शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत कारदेखो ग्रुप के सीईओ और सह-संस्थापक अमित जैन के एक ज्ञानवर्धक सत्र से हुई, जिसमें उन्होंने व्यवसायों को बढ़ाने के बारे में बताया। जैन ने सही अवसरों की पहचान करने, एक प्रभावी रणनीति तैयार करने और व्यवसाय विकास के लिए उन्नत तकनीक का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद कारदेखो ग्रुप के सीओओ और सह-संस्थापक अनुराग जैन ने एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाने पर एक प्रेरक सत्र में अपनी उद्यमशीलता की यात्रा साझा की। दिन ऊर्जावान सत्रों के साथ आगे बढ़ा, जिसमें एक पुरस्कार विजेता वायरल वीडियो मार्केटर द्वारा 'वायरल मार्केटिंग की कला', एक्सिस बैंक के नेताओं से स्टार्टअप वित्तपोषण की अंतर्दृष्टि, ब्लूस्टोन ज्वेलरी के संस्थापक और सीईओ द्वारा एक ऑम्नीचैनल डी2सी ब्रांड बनाने के लिए एक गाइड, और इन्फ्लेक्शन प्वाइंट वेंचर्स के नेताओं द्वारा साझा की गई धन उगाहने की रणनीतियां शामिल थीं ।




## शेयर बाजार की हलचल से गौतम अडाणी को झटका, मुकेश अंबानी आगे निकले

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एग्जिट पोल के रुझानों और मतगणना के नतीजे के कारण इस सप्ताह पहले दिन से ही शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। इस उतार-चढ़ाव के कारण भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी काफी प्रभावित हुए हैं। पहले 3 दिन में ही गौतम अडाणी की संपत्ति में 8 अरब डॉलर की कमी आ गई है। इसके साथ ही दुनिया के सबसे रईस कारोबारियों की सूची में गौतम अडाणी खिसक कर 14वें स्थान पर आ गए हैं। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी इस सूची में 11वें स्थान पर हैं।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स द्वारा आज जारी आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को बाजार में आई जोरदार गिरावट के कारण गौतम अडाणी की व्यक्तिगत संपत्ति 111 अरब डॉलर से घट कर 97.41 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गई थी। हालांकि बुधवार को बाजार में तेजी आने की वजह से अडाणी की संपत्ति 5.59 अरब डॉलर बढ़ कर 103 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गई। इसी तरह मुकेश अंबानी की संपत्ति भी मंगलवार को 109 अरब डॉलर से घट कर 106.80 अरब डॉलर के स्तर पर आ गई थी। लेकिन बुधवार को बाजार में आई तेजी के कारण मुकेश अंबानी की संपत्ति एक बार फिर 109 अरब डॉलर के स्तर पर आ गई। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के आंकड़ों के मुताबिक दुनिया के सबसे रईस कारोबारी की सूची में फ्रांसीसी कारोबारी और लुई वीटो (एलवीएमएच) के संस्थापक बर्नार्ड अरनॉल्ट 212 अरब की संपत्ति के साथ शिखर पर काबिज हैं। वहीं, अमेजन के जेफ बेजॉस 204 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे और टेस्ला के संस्थापक एलॉन मस्क 201 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। दुनिया के सबसे रईस कारोबारी की सूची में मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी के अलावा टॉप 100 में 10 और भारतीय उद्योगपति अपना स्थान बनाने में सफल रहे हैं। इन भारतीय उद्योगपतियों में शापूरजी मिस्त्री 36.8 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 44वें स्थान पर, शिव नाडर 32.21 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 50वें स्थान पर, सावित्री जिंदल 32.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 51वें स्थान पर, अजीम प्रेमजी 26.3 अरब डॉलर के साथ 67वें स्थान पर, दिलीप सांघवी 24.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 77वें स्थान पर, राधाकृष्ण दमानी 23.32 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 83वें स्थान पर, सुनील मित्तल 21.2 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 89वें स्थान पर, कुमार मंगलम बिरला 20.71 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 94वें स्थान पर, लक्ष्मी मित्तल 20.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 99वें स्थान पर और साइरस पूनावाला 20.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 100वें स्थान पर बने हुए हैं।



## ले ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी का आईपीओ 10 जून को खुलेगा

एजेंसी

**अहमदाबाद।** ले ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड ('आईएक्सआईजीओ') का आईपीओ 10 जून को खुलेगा। कंपनी की ओर से यहां जारी बयान में कहा है कि ले ट्रैवेन्यूज़ टेक्नोलॉजी लिमिटेड (इक्सिगो) का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिये 10 जून को खुलेगा और 12 जून को बंद होगा। एंकर निवेशक बोली की तारीख सात जून शुक्रवार है। प्राइस बैंड 88 प्रति इक्विटी शेयर से 93 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 161 इक्विटी शेयरों के लिये और उसके बाद 161 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं।कुल ऑफर साइज़ में एक रुपया मूल्य के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम शामिल है, जो कुल 120 करोड़ रुपये तक है। इसमें विक्रय शेयरधारकों द्वारा एक रुपया अंकित मूल्य के 66,677,674 इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिये ऑफर फॉर सेल भी शामिल है।




## ट्राई ने किसी तीसरे पक्ष को कॉल कर कनेक्शन काटने के लिए अधिकृत नहीं किया

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने आज कहा कि किसी भी उपभोक्ता के मोबाइल कलेक्शन काटने या सेवा समाप्त करने का संदेश देने के लिए उसने किसी भी तीसरे पक्ष की एजेंसी को ग्राहकों से संपर्क करने के लिए अधिकृत नहीं किया है। ट्राई ने यहां जारी बयान में कहा कि ट्राई से होने का दावा कर इस तरह के कॉल करने और मोबाइल नंबर डिस्कनेक्शन की धमकी देने वाले किसी भी प्रकार के संचार (कॉल, संदेश या नोटिस) को संभावित धोखाधड़ी का प्रयास माना जाना चाहिए।

उसने कहा कि उसके संज्ञान में लाया गया है कि नागरिकों को धोखाधड़ी वाले व्हाट्सएप संदेश, एसएमएस और वॉयस कॉल किए जा रहे हैं, जिसमें दावा किया जा रहा है कि वे भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण से हैं। अपराधी जाली नोटिस का उपयोग कर रहे हैं, जो भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के वरिष्ठ अधिकारियों के आधिकारिक संचार जैसा दिखता है। इन नोटिसों में प्राप्तकर्ता के मोबाइल नंबर से जुड़ी अवैध गतिविधि का झूठा आरोप लगाया जाता है और उन्हें कानून प्रवर्तन से संपर्क करने या सेवा समाप्ति का सामना करने के लिए दबाव डाला जाता है। नागरिकों को यह भी धमकी दी जाती है कि अगर वे जवाब नहीं देते हैं तो उनके मोबाइल नंबर काट दिए जाएंगे। कई बार, दुर्भावनापूर्ण अभिनेता व्यक्तियों को मैलवेयर इंस्टॉल करने या फ़िशिंग लिंक पर क्लिक करने के लिए धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं। ट्राई मोबाइल नंबर डिस्कनेक्शन के बारे में संदेशों या आधिकारिक नोटिस के माध्यम से संचार शुरू नहीं करता है।

ट्राई ने किसी भी तीसरे पक्ष की एजेंसी को ऐसे उद्देश्यों के लिए ग्राहकों से संपर्क करने के लिए अधिकृत नहीं किया है। इसलिए, ट्राई से होने का दावा करने वाले और मोबाइल नंबर डिस्कनेक्शन की धमकी देने वाले किसी भी प्रकार के संचार (कॉल, संदेश या नोटिस) को संभावित धोखाधड़ी का प्रयास माना जाना चाहिए।

साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए, नागरिकों को दूरसंचार विभाग के संचार साथी मंच पर चक्षु सुविधा के माध्यम से संदिग्ध धोखाधड़ी वाले संचार की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।




## सर्राफा बाजार में कमजोरी, सस्ता हुआ सोना और चांदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एक दिन की बढ़त के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर गिरावट का रुख बन गया है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी सस्ता हुआ हैं। सोना आज 220 रुपये से 250 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। सर्राफा बाजार में आज आई इस गिरावट के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये से लेकर 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये से लेकर 67,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज कमजोरी दर्ज की गई है। इस गिरवाट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी करीब 2,500 रुपये टूट कर 91,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,690 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,690 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



## 17 देशों का प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने के लिए गठबंधन का आह्वान

एजेंसी

**बेंगलूरू।** इंडिया ग्लोबल इन्नोवेशन कनेक्ट (आईजीआईसी) 2024 का तीसरा संस्करण जबरदस्त आगाज के साथ बेंगलूरू में शुरू हुआ जिसमें 17 देशों से वैश्विक उद्योग नेताओं समेत 500 से अधिक हस्तियां शामिल हुईं। अमेरिका, जापान, कोरिया, जर्मनी, सिंगापुर, इस्रायल, स्विट्जरलैंड, फ्रांस, यूएई एवं अन्य देशों से निवेशक, वेंचर कैपिटलिस्ट, उद्यमी शामिल रहे जिन्होंने भारत में अपने समकक्ष लोगों के साथ प्रौद्योगिकी और कारोबार से जुड़ी परिचर्चा की। आईजीआईसी 2024 के उद्घाटन सत्र में भारतीय एवं वैश्विक स्टार्टअप के संस्थापक, वीसी एवं निवेशक, कॉरपोरेट एवं सरकारी अधिकारी, प्रौद्योगिकी एवं लोक नीति के विशेषज्ञ एक साझा मंच पर एकत्रित हुए। इन नेताओं और उद्योग विशेषज्ञों ने स्टार्टअप में निवेश के लिए भारत एक पसंदीदा स्थल, डिजिटल उपभोक्ता क्रांति की लहर का दोहन, जीसीसी डायनामिक और कॉरपोरेट इन्नोवेशन को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप सॉल्यूशन, भारत का अनूठा इन्नोवेशन मॉजल, विश्व के सेमीकंडक्टर की शीर्ष कंपनियों की फेरहिस्त में भारत के शामिल होने की रूपरेखा, अगले पांच वर्षों के लिए भारत के टेक्नोलॉजी भविष्य के लिए विजन समेत कई विषयों पर चर्चा परिचर्चा की। मादजा एंड मादजा स्ट्रैटेजिक एडवाइजरी के अध्यक्ष क्लॉड मादजा ने कहा, भारत ने डीप टेक, हेल्थ टेक, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी में महत्वपूर्ण पैठ बनाई है और यह नवप्रवर्तन पर पहले से ही बहुत अधिक ध्यान दे रहा है एवं 21वीं सदी के स्टार्टअप्स को सहयोग कर रहा है। केंद्र में नयी सरकार को नई नीतियों की जरूरत नहीं है, बल्कि इस चरण में इसे विकास में तेजी लाने और पहले से जो हो रहा है, उसका विस्तार करना चाहिए। हम एक मोड़ पर हैं और हमारे सामने इसे पार करने और इसे और ऊंचे स्तर पर ले जाने की चुनौती है। कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन (केडीईएम), इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव गुप्ता ने कहा, ÷बेंगलूरू ने स्वयं को एक वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में स्थापित किया है। आज भारत के 25 प्रतिशत पंजीकृत स्टार्टअप्स कर्नाटक के बेंगलूरू में स्थित हैं और आईजीआईसी, ब्रांड बेंगलूरू के निर्माण में एक स्वभाविक साझीदार है और यह प्रौद्योगिकी, निवेश, जीटीएम, मेंटर्स और स्टार्टअप वैल्यू चेन में इसकी स्थिति मजबूत करता है। यूनिकॉर्न में सबसे बड़ी हिस्सेदारी और इस पारितंत्र में सबसे अधिक प्रतिभाओं के साथ कर्नाटक इस देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अग्रणी स्थिति में है। इस वैश्विक आईजीआईसी प्लेटफॉर्म के साथ हम हमारे उभरते प्रौद्योगिकी क्लस्टरों (मैसूरू, मंगलूरू, हुबली, धारवाड़ बेलगावी) से स्टार्टअप्स को मुख्य धारा में ला रहे हैं और उनके लिए निवेशकों, मार्गदर्शकों और वैश्विक कारोबारी साझीदारों तक पहुंच बेहतर और आसान बना रहे हैं। कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन (केडीईएम) के अध्यक्ष बी.वी. नायडू ने कहा, बेंगलूरू स्टार्टअप पारितंत्र तेजी से फल फूल रहा है जहां 25,000 से अधिक स्टार्टअप्स परिपक्व आईटी सेवा क्षेत्र के बल पर उल्लेखनीय निवेश आकर्षित कर रहे हैं। यदि आपको भारत में अभी निवेश करना है तो आप एक तेजी से बढ़ते बाजार को भूल रहे हैं।

# द्विपक्षीय बैठक में भाग लेंगे ज़ेलेंस्की से मिलेंगे बाइडेन



एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 07 जून को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक में भाग लेंगे। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी है। व्हाइट हाउस के अनुसार इंटरकांटिनेंटल पेरिस ले ग्रांड होटल में द्विपक्षीय बैठक में शहर के बाहर पूल स्प्रे की सुविधा होगी। गौरतलब है कि श्री बाइडेन पांच से नौ जून तक फ्रांस के दौरे पर हैं, जहां वे नॉरमैंडी में मित्र देशों की सेना के उतरने की वर्षगांठ के कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

## पुर्तगाल में विमान दुर्घटना, 02 लोग घायल

**लिस्बन।** पुर्तगाल में लीरिया हवाई क्षेत्र के पास गुरुवार को एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लीरिया क्षेत्र के आपातकालीन एवं नागरिक सुरक्षा के उप-क्षेत्रीय कमांड ने बताया कि विमान राष्ट्रीय सड़क 109 पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सड़क को मरम्मत कार्य के लिए बंद कर दिया गया है। स्थानीय मीडिया ने कहा कि अल्ट्रालाइट विमान की दुर्घटना में 32 और 39 वर्ष की आयु के दो पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पुर्तगाली नागरिक हैं। रिपोर्टों के अनुसार, अल्ट्रालाइट विमान में 'समस्याएँ थीं' और रनवे पर लौटने की कोशिश के दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



## राफा के निकट सुरंग में पांच इजरायली सैनिक मारे गए: हमास

**गाजा।** हमास के सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने कहा है कि उसने राफा के पास इजरायली बलों की ओर जाल के रूप में स्थापित एक सुरंग के प्रवेश द्वार को उड़ा दिया और अंदर घात लगाए बैठे पांच इजरायली सैनिकों को मार डाला है। अल-क़स्साम ने कहा कि दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा के पश्चिम में ताल जुरोब के पास एक भूमिगत सुरंग का प्रवेश द्वार स्थापित किया गया था। अल-क़स्साम ने हालांकि अभियान के बारे में और जानकारी नहीं दी गई। इजरायली पक्ष की ओर से अभी तक इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की गयी है। टेलीग्राम पर एक अन्य बयान में अल-क़स्साम ब्रिगेड ने राफा शहर में संचालित इजरायली सेना डिवीजन के मुख्यालय पर हमला करने का दावा किया, लेकिन इसका विवरण नहीं दिया। इससे पहले गुरुवार को इजरायली सेना ने राफा के पूर्व में गाजा-इजरायल सीमा की बाड़ को पार करने का प्रयास करने वाले तीन फिलिस्तीनियों को मार गिराने की घोषणा की थी।



## इजरायल के हमले में करीब 35 फिलिस्तीनी मारे गये

**गाजा।** इजरायल ने एक बार फिर फिलिस्तीनी नागरिकों पर हवाई हमला किया है। इस हवाई हमले में 35 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हुए हैं। यह सभी नागरिक इजरायली हमले की वजह से विस्थापित होकर मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात शिविर में एक स्कूल में रह रहे थे जि इजरायल ने निशाना बनाया। फिलिस्तीनी सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने बताया कि एक इज़रायली लड़ाकू विमान ने स्कूल की तीन कक्षाओं पर कई मिसाइल हमले किये। गाजा में हमास द्वारा संचालित मीडिया कार्यालय ने एक बयान में स्कूल पर इजरायल के हमले की निंदा की और इसे 'खौफनाक नरसंहार' बताया।



# गाजा के मेयर अल-मुगारी की इजरायली हमले में मौत

एजेंसी

**गाजा।** मध्य गाजा के नुसेरत शरणार्थी शिविर के फिलिस्तीनी मेयर इयाद अल-मुगारी की गुरुवार को इजरायली हवाई हमले में मौत हो गई।

यह जानकारी फिलिस्तीनी चिकित्सा और सुरक्षा सूत्रों ने दी है। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी बताया कि श्री अल-मुगारी के साथ उनके परिवार के कई अन्य सदस्य भी इजरायली हमले में मारे गए हैं। चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि श्री अल-मुगारी के शव को मध्य गाजा के डेर अल-बलाह शहर के अल-अक्सा अस्पताल में रखा गया है। सूत्रों ने बताया कि हमास आंदोलन के कार्यकर्ताओं में से एक श्री अल-मुगारी को सर्वसम्मति से मेयर नियुक्त किया गया था। श्री अल-मुगारी की मौत नुसेरत शिविर में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी से संबद्ध एक स्कूल पर इजरायली हमले में लगभग 35 फिलिस्तीनियों की हत्या के कुछ घंटों बाद हुई।



उधर, इजराइल ने कहा कि हमास और इस्लामिक जिहाद के 'आतंकवादी' स्कूल के अंदर घुस गए हैं। आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने के लिए इजरायल की ओर से कई कदम उठाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष सात अक्टूबर को हमास ने इजरायल की सीमा में घुसकर और गाजा पट्टी से बड़े पैमाने पर रॉकेट दागकर हमला किया था, जिसमें 12 सौ से अधिक लोग मारे गए थे। इस दौरान हमास के लड़ाकों ने 240 लोगों को बंधक बना लिया था। इसके बाद से इजरायल जवाबी कार्रवाई में हमास के खिलाफ गाजा में हमले कर रहा है।

# पीएम मोदी ने ताइवान के राष्ट्रपति के बधाई संदेश पर दी प्रतिक्रिया, बौखलाए चीन ने जताया विरोध

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने ताइवान को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के संबंध में बृहस्पतिवार को भारत के समक्ष विरोध जताते हुए कहा कि नई दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों की 'राजनीतिक चालों' का विरोध करना चाहिए। चीन के मुताबिक ताइवान उसका एक विद्रोही और अभिन्न प्रांत है तथा इसे मुख्य भूमि के साथ पुनः एकीकृत किया जाना चाहिए, भले ही बलपूर्वक ही क्यों न किया जाए। मोदी ने अपने बयान में कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। मोदी ने यह टिप्पणी लोकसभा चुनाव में मिली जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति के बधाई संदेश में की थी। पिछले महीने निर्वाचित हुए ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने मोदी को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनाव में जीत पर मेरी हार्दिक बधाई। हम तेजी से बढ़ती 'ताइवान-भारत साझेदारी' को और आगे ले जाने, व्यापार, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में



अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए उत्सुक हैं, ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए योगदान दिया जा सके।

मोदी ने इस बधाई संदेश का जवाब देते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, लाई चिंग-ते, आपके गर्मजोशी भरे संदेश के लिए धन्यवाद। मैं ताइवान के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक तथा तकनीकी साझेदारी की दिशा में काम करते हुए और अधिक घनिष्ठ संबंधों की आशा करता हूं। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने इन संदेशों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चीन ने इस पर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में जब माओ से उनकी टिप्पणी मांगी गई तो उन्होंने कहा, सबसे पहले तो यह कि ताइवान क्षेत्र में कोई राष्ट्रपति नहीं है।'' उन्होंने कहा, '' चीन ताइवान के अधिकारियों और चीन के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले देशों के बीच सभी प्रकार की आधिकारिक बातचीत का विरोध करता है। '' उन्होंने कहा कि विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान, चीनी गणराज्य का अविभाज्य हिस्सा है।

# फिलीपींस में 20 लाख बच्चे भुखमरी की गिरफ्त में: यूनीसेफ

एजेंसी

**मनीला।** फिलीपींस में लगभग 20 लाख बच्चे भुखमरी की गिरफ्त में हैं। यह जानकारी गुरुवार को यूनीसेफ की जारी नयी रिपोर्ट में दी गयी। वैश्विक रिपोर्ट बाल खाद्य गरीबीः प्रारंभिक बचपन में पोषण की कमी में कहा गया है कि दुनिया भर में पांच साल से कम उम्र के लगभग एक करोड़ 81 लाख बच्चे या चार में से एक गंभीर भोजन की कमी का सामना कर रहे हैं, जिससे उनमें 50 प्रतिशत तक कुपोषण का जीवन-घातक रूप तक बर्बादी का अनुभव होने की संभावना है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलीपींस में लगभग 18 प्रतिशत या 20 लाख बच्चे गंभीर रूप से भोजन की कमी से जूझ रहे हैं। इस स्थिति में पांच में से चार बच्चों को केवल मां का दूध और चावल, मक्का या गेहूं जैसे स्टार्चयुक्त भोजन दिया जाता है। इनमें से 10 प्रतिशत से भी कम बच्चों को फल और सब्जियाँ खिलाई जाती हैं और 5 प्रतिशत से भी कम को अंडे, मछली, मुर्गी या मांस जैसे पोषक तत्व-सघन खाद्य पदार्थ खिलाए जाते हैं।रिपोर्ट से यह भी पता चला कि फिलीपींस अभी भी उन देशों में से एक है जहां गंभीर बाल खाद्य गरीबी में रहने वाले बच्चों की कुल संख्या का 65 प्रतिशत हिस्सा है।





रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलीपींस में अस्वास्थ्यकर उत्पादों की खपत असाधारण रूप से अधिक थी जहां पांच में से एक से अधिक बच्चे अस्वास्थ्यकर भोजन और मीठे पेय पदार्थों का सेवन करते थे, इसके बावजूद ये बच्चे प्रतिदिन दो या उससे कम खाद्य समूहों का सेवन करते है।

फिलीपींस में यूनिसेफ के प्रतिनिधि ओयुनसाईखान डेंडेवनोरोव ने चेतावनी देते हुए कहा, 'गंभीर खाद्य गरीबी में रहने वाले बच्चे कगार पर रहने वाले बच्चे हैं। इससे उनके अस्तित्व, विकास और मस्तिष्क के विकास पर अपरिवर्तनीय नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।' उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सब्जी का सूप पीने से कुपोषण के गंभीर रूप का अनुभव होने की संभावना 50 प्रतिशत तक अधिक होती है।

रिपोर्ट के अनुसार गंभीर बाल खाद्य गरीबी के सभी मामलों में से लगभग आधे या 46 प्रतिशत गरीब परिवारों में से हैं जहां आय गरीबी एक महत्वपूर्ण चालक होने की संभावना है। इसकी तुलना में 54 प्रतिशत या 970 लाख बच्चे अपेक्षाकृत अमीर घरों में रहते हैं जिनके बीच खराब भोजन वातावरण और भोजन पद्धतियां बचपन में खाद्य गरीबी के मुख्य चालक हैं।

इस संकट को बढ़ाने वाले कारकों में खाद्य प्रणालियाँ शामिल हैं जो बच्चों को पौष्टिक, सुरक्षित और सुलभ विकल्प प्रदान करने में विफल रहती हैं, परिवारों की स्वस्थ भोजन खरीदने में असमर्थता और माता-पिता की बच्चों के लिए सकारात्मक आहार प्रथाओं को अपनाने और बनाए रखने में विफलता है।

अध्ययन में कहा गया है कि कई जगहों पर सस्ते, पोषक तत्वों की कमी वाले, अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और चीनी-मीठे पेय पदार्थों का माता-पिता और परिवारों के लिए आक्रामक रूप से विपणन किया जाता है और यह बच्चों को खिलाने के लिए नई सामान्य बात है।

रिपोर्ट में दुनिया के लगभग 100 देशों और विभिन्न आय समूहों में सबसे कम उम्र के लोगों के बीच आहार की कमी के प्रभावों और कारणों का विश्लेषण किया गया है।

## अंतरिक्ष में पहुंच खुशी से झूमीं सुनीता विलियम्स

एजेंसी

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर सुरक्षित अंतरिक्ष पहुंच गए। इस दौरान विलियम्स खुशी से झूमती दिखीं। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। बता दें, बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर सवार होकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के रास्ते में अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर ने उड़ान क्षमता (मैनुअल पायलटिंग) का परीक्षण भी किया। दोनों ने अंतरिक्ष यान के सदस्यों के तौर पर अपने हाथों में इसका नियंत्रण लेकर इतिहास रच दिया। ऐसा करने वाली सुनीता पहली महिला बन गई हैं। बता दें, अंतरिक्ष यान आमतौर पर ऑटो होता है, लेकिन चालक दल ने करीब दो घंटे की ऑटो उड़ान के दौरान यान को खुद से नियंत्रण में लिया। उन्होंने स्टारलाइनर को पृथ्वी की ओर किया ताकि सेवा मॉड्यूल के पीछे इसका संचार एंटीना ट्रैकिंग और डाटा रिले उपग्रहों की ओर हो सके।

## कतर ने यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के प्रयासों पर चर्चा की

एजेंसी

**दोहा।** कतर के शासक शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों पर यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के साथ चर्चा की है। बिन हमद अल थानी के कार्यालय की ओर से



जारी बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि बातचीत के दौरान यूक्रेन के इर्द-गिर्द हाल के घटनाक्रमों, खासकर शत्रुता को रोकने, नागरिक आबादी की रक्षा करने, संवाद और कूटनीतिक माध्यमों से संकट को हल करने जैसे अन्य मुद्दों को लेकर बातचीत बनाए रखने के लिये अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने 'द्विपक्षीय सहयोग के विकास' पर भी चर्चा की।

# 'बधाई संदेश देना राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा है', चीन की आपत्ति पर अमेरिका का बयान

एजेंसी

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग ते के बीच बधाई संदेशों के अदान प्रदान पर चीन की आपत्ति पर अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दो विदेशी नेताओं का एक दूसरे को इस प्रकार के बधाई संदेश देना राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा है।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, ''मैं कहूंगा कि इस तरह के बधाई संदेश राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा हैं।'' मिलर ने चीन की आपत्ति के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। दरअसल लोकसभा चुनाव में मोदी की जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति ने उन्हें बधाई संदेश भेजा था जिसके प्रत्युत्तर में मोदी ने बुधवार को कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। लाई पिछले महीने ही ताइवान के राष्ट्रपति



निर्वाचित हुए हैं।

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था,'' चुनाव में जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मेरी हार्दिक बधाई। हम तेजी से बढ़ती ताइवान-भारत साझेदारी को बढ़ाने, व्यापार, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए तत्पर हैं ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि में योगदान दिया जा सके।'' इस पर मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''चिंग ते लाई आपके गर्मजोशी भरे संदेश के लिए धन्यवाद। मैं पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक और तकनीकी साझेदारी की दिशा में काम करते हुए और भी घनिष्ठ संबंधों की आशा करता हूं।''

दोनों नेताओं के बीच इस प्रकार के वार्तालाप पर चीन ने बृहस्पतिवार को आपत्ति जताई और कहा कि भारत को ताइवान के अधिकारियों की ''राजनीतिक चालों'' का विरोध करना चाहिए। चीन के मुताबिक ताइवान उसका एक विद्रोही किंतु अभिन्न प्रांत है तथा वह कहता है कि इसे मुख्य भूमि (चीन) के साथ पुनः एकीकृत किया जाना चाहिए भले ही इसके लिए बल प्रयोग क्यों न करना पड़े। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने इन संदेशों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था कि चीन ने इस पर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है।

# दुनियाभार में पांच साल से कम उम्र के 25 प्रतिशत बच्चे गंभीर खाद्य संकट से जूझ रहे : संरा

एजेंसी

**कलटुंगो।** दुनिया भर में पांच साल से कम उम्र के करीब 25 प्रतिशत बच्चे खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनीसेफ ने एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया। बच्चों के लिए काम करने वाली संस्था यूनीसेफ द्वारा गुरुवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में पांच वर्ष से कम आयु के 18 करोड़ 10 लाख बच्चे इस आयुवर्ग के बच्चों का 27 प्रतिशत) गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। लगभग 100 निम्न और मध्यम आय वाले देशों पर केंद्रित रिपोर्ट गंभीर खाद्य संकट को एक दिन में कुछ भी नहीं खाने या एजेंसी द्वारा मान्यता प्राप्त आठ खाद्य समूहों में से दो का उपभोग करने के रूप में परिभाषित करती है। अफ्रीका की 130 करोड़ से अधिक की आबादी मुख्य रूप से संघर्ष, जलवायु संकट और बढ़ती खाद्य कीमतों के कारण सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है। रिपोर्ट में कहा गया



है कि लेकिन इसने कुछ प्रगति भी हुई है। पिछले दशक में पश्चिमी और मध्य अफ्रीका में गंभीर खाद्य संकट से गुजर रहे बच्चों की संख्या में कमी आई है और यह 42 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत रह गया है। संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (यूनीसेफ) ने कहा कि महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी,'बेहद खराब' आहार पर रहने वाले बच्चों का वजन सामान्य से कम होने की आशंका अधिक होती है।

# बीजिंग पहुंचे शहबाज शरीफ, निवेश बढ़ाने और संबंध मजबूत करने पर शी जिनपिंग से चर्चा करेंगे

एजेंसी

**बीजिंग।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, देश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए और सहायता के अनुरोध तथा निवेश की संभावनाओं चर्चा करने के लिए बीजिंग पहुंच चुके हैं और उपरोक्त मुद्दों को लेकर वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। चार जून से चीन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आए शरीफ ने बुधवार को अत्याधुनिक शहर शेनझेन का दौरा किया और निवेशकों की बैठक को संबोधित किया। पाकिस्तान की सरकारी समाचार एजेंसी 'एपीपी' की खबर के अनुसार यहां अपने प्रवास के दौरान शरीफ शी चिनफिंग, प्रधानमंत्री ली क्यांग और अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे। वह पाकिस्तान-चीन संबंध और व्यापार कार्यक्रम में भी भाग लेंगे और चीन-



पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं पर काम कर रही प्रमुख चीनी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। खबर में बताया गया कि दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को लेकर कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है।

नकदी की कमी से जूझ रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट का सामना कर रही है और उसने औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से छह अरब से आठ अरब अमेरिकी डॉलर के बीच राहत राशि मुहैया कराने का अनुरोध किया है। शेनझेन में निवेशकों की बैठक को संबोधित करते हुए शरीफ ने चीन के कर्मचारियों को उन पर बार-बार हो रहे आतंकी हमलों से पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शरीफ (72) मार्च में पार्टी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार बनने पर दूसरी बार प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के बाद पहली विदेश यात्रा के लिए चीन में हैं। 'पाकिस्तान-चीन बिजनेस फोरम' को संबोधित करते हुए शरीफ ने चीनी निवेशकों को हरसंभव सुविधा प्रदान करने तथा पाकिस्तान में चीन के नागरिकों, परियोजनाओं और निवेशों की सुरक्षा का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पाकिस्तान में चीन के श्रमिकों की रक्षा के खातिर पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं।

## नेपाल सरकार ने 11 देशों से अपने राजदूत वापस बुलाए, इनमें भारत और अमेरिका भी शामिल

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने 11 देशों से अपने राजदूत वापस बुला लिए हैं। इनमें भारत और अमेरिका में 'नेपाली कांग्रेस' कोटे के तहत तैनात राजदूत भी शामिल हैं। ये फैसला नेपाली प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने पार्टी से गठबंधन तोड़ने और केपी शर्मा ओली से हाथ मिलाने के तीन महीने बाद लिया है। द काठमांडू पोस्ट अखबार के मुताबिक उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों के मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ की आपत्तियों के बावजूद, नेपाल सरकार ने गुरुवार को राजदूतों को वापस बुला लिया। इनमें भारत में तैनात नेपाल के राजदूत शंकर शर्मा भी शामिल हैं। नेपाल सरकार ने यह कदम नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड की भारत की संभावित यात्रा से पहले उठाया है।

# पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में अहम बदलाव, सदन में सांसद कम से कम चार स्वदेशी भाषा में रख सकेंगे बात

एजेंसी

**टोक्यो।** पाकिस्तान की पंजाब असेंबली में संशोधन किए जाने के बाद सांसद अब सदन में अंग्रेजी और उर्दू के अलावा पंजाबी समेत कम से कम चार स्वदेशी भाषाओं में अपनी बात रख सकेंगे।

**इन बोलियों की मिली अनुमति**

स्पीकर मलिक मोहम्मद अहमद खान की अगुवाई वाली पंजाब विधानसभा की एक विशेष समिति ने सांसदों को अंग्रेजी और उर्दू के अलावा पंजाबी, सरायकी, पोटोहारी और मेवाती में सांसदों को संबोधित करने की अनुमति देने वाले संशोधनों को गुरुवार को मंजूरी दे दी।

**पहले लेनी होती थी अनुमति**

पहले एक सांसद को अंग्रेजी और उर्दू के अलावा किसी और



भाषा का इस्तेमाल करने के लिए स्पीकर से अनुमति लेनी पड़ती थी। कई बार होता था, जब स्पीकर अनुमति नहीं देते थे। हालांकि, अब सांसदों को बड़ी राहत मिली है।

विधानसभा नियमों में संशोधन का उद्देश्य इन भाषाओं को बोलने वाले लोगों के लिए पहुंच को बढ़ाना, एक अधिक प्रतिनिधि और उत्तरदायी विधायी निकाय को बढ़ावा देना है, जबकि यह बदलाव प्रांत की बहुभाषी प्रकृति को दर्शाता है, जिससे विधायकों को संवाद करने और विधायी चर्चाओं में प्रभावी रूप से भाग लेने में सक्षम बनाया जा सके।

**विधानसभा और लोगों के बीच संबंध मजबूत**

अध्यक्ष ने कहा कि आधिकारिक कार्यवाही में क्षेत्रीय भाषाओं को मान्यता देना और शामिल करना पंजाब की भाषाई विरासत के सांस्कृतिक सम्मान और स्वीकृति को भी दिखाता है, जिससे विधानसभा और लोगों के बीच संबंध मजबूत होते हैं। इस बात पर विवाद है कि क्या सरायकी, पोटोहारी और मेवाती सिर्फ पंजाबी और अलग-अलग भाषाओं की बोलियां हैं। उनका उपयोग करने वालों का मानना है कि ये अलग-अलग भाषाएं थीं, लेकिन कट्टर पंजाबी इन्हें बोलियां कहते हैं।

## यूरो कप 2024 से पहले फ्रांस ने मैत्री मैच में लक्जमबर्ग को 3-0 से हराया

**मेट्ज़।** फ्रांस ने एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में लक्जमबर्ग को 3-0 से हराकर यूरोपीय चैम्पियनशिप के लिए अपनी तैयारियों को मजबूती प्रदान की। मैच के 43वें मिनट में रैंडल कोलो मुआनी ने किलियन एमबाप्पे के पास पर हेडर के जरिये गोल कर फ्रांस को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद दूसरे हाफ में मार्सिले के डिफेंडर जोनाथन क्लॉस ने 70वें मिनट में एक तेज गोल करके अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। एमबाप्पे, जिनके मैड्रिड में शामिल होने की पुष्टि सोमवार को हुई, लक्जमबर्ग के कड़ी मेहनत करने वाले डिफेंडरों के लिए लगातार खतरा बने हुए थे, लेकिन फ्रांस के कप्तान को अपने प्रदर्शन को गोल में बदलने के लिए 85वें मिनट तक इंतजार करना पड़ा। एमबाप्पे ने ब्रैडली बारकोला के पास पर बाएं ओर से गेंद पोस्ट में डालकर फ्रांस की बढ़त 3-0 कर दी और यही स्कोर अंत में निर्णायक साबित हुआ। फ्रांस की टीम रविवार को बोर्डो में कनाडा से भिड़ेगी और इसके बाद 17 जून को डसेलडोर्फ में ऑस्ट्रिया के खिलाफ यूरो 2024 का अपना पहला मैच खेलेगी।

## भारत के पास न्यूयॉर्क की चुनौतीपूर्ण पिच से निपटने का अनुभव और कौशल: विक्रम राठौर

**न्यूयॉर्क।** बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने कहा कि भारत के पास नासाउ काउंटी मैदान की चुनौतीपूर्ण पिच से निपटने के लिए पर्याप्त अनुभव और कौशल है, जिसकी असमान उछाल ने चिंता पैदा कर दी है। हालांकि, राठौर ने यह भी माना कि ऐसी परिस्थितियों में टॉस महत्वपूर्ण हो जाता है। टी20 विश्व कप के पहले मैच में आयरलैंड के खिलाफ भारत की आठ विकेट की जीत के दौरान जोश लिटिल की गेंद पर कप्तान रोहित शर्मा के दाएं हाथ की बाइसेप पर चोट लगी, जिसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। ऋषभ पंत को भी अपनी नाबाद 36 रन की पारी के दौरान बायीं कोहनी पर चोट लगी थी, जो इस बात का एक और संकेत था कि पिच में असमान उछाल और परिवर्तनशील गति है।

राठौर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम नियंत्रण में रहने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण विकेट था और हम ऐसे विकेट की उम्मीद कर रहे थे क्योंकि हमने यहां अभ्यास मैच खेला था, इसलिए हमें पता था कि क्या उम्मीद करनी है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, हमें इससे निपटने का तरीका खोजने की जरूरत है और हमारी टीम में इससे निपटने के लिए पर्याप्त कौशल और पर्याप्त अनुभव है।

## टी-20 अंतरराष्ट्रीय में आस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने वार्नर

**ब्रिजटाउन।** सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर पूर्व कप्तान आरोन फिंच को पीछे छोड़ते हुए टी-20 अंतरराष्ट्रीय में आस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। अपना आखिरी टी20 विश्व कप खेल रहे वार्नर ने गुरुवार को केंसिंग्टन ओवल में ओमान के खिलाफ अपने पहले मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 51 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रनों की पारी खेली और अपने पूर्व बल्लेबाजी साथी को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए 104 मैचों में वार्नर ने 33.92 की औसत से 3,155 रन बनाए हैं। उन्होंने अब तक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 27 अर्धशतक और एक शतक भी लगाया है। दूसरी ओर, फिंच ने 103 मैचों में 19 अर्द्धशतक और दो शतकों की मदद से 3120 रन बनाए हैं। ऑलराउंडर मैक्सवेल ऑस्ट्रेलिया के लिए 107 मैचों में 2,468 टी20आई रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन 1,462 रनों के साथ चौथे और कप्तान मार्श 55 मैचों में 1,446 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं। ओमान के खिलाफ अपनी शानदार पारी में उन्होंने मार्कस स्टोइनिस के साथ 102 रन की साझेदारी भी की, जिन्होंने 36 गेंदों पर छह छक्कों और दो चौकों की मदद से 67 रन की नाबाद तेज पारी खेली, जिससे टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 164 रन बनाने में सफल रही। जवाब में ओमान की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट पर 125 रन ही बना सकी।

## डोडा में आयोजित किया गया दोस्ताना वॉलीबॉल मैच

**डोडा।** डोडा के गेई के निवासियों की लोकप्रिय मांग पर भारतीय सेना ने खेलो इंडिया के तहत दो स्थानीय टीमों के बीच एक दोस्ताना वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया। दोनों टीमों में विभिन्न जाति, पंथ और धर्म के खिलाड़ी शामिल थे और उन्होंने बहुत ही उच्च स्तर की खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन किया। यह अंत तक एक रोमांचक मैच था। मैच देखने के लिए 40 से अधिक लोग एकत्रित हुए। वॉलीबॉल मैच का उद्देश्य युवाओं में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना था। इस मैच को सभी ने बड़ी दिलचस्पी से देखा और इस तरह खिलाड़ियों के साथ-साथ निवासियों के बीच भी सौहार्दपूर्ण माहौल बना। भारतीय सेना ने दोनों टीमों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और दोनों टीमों को पुरस्कार वितरित किए। टीम के सदस्यों और निवासियों ने इस आयोजन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और भविष्य में इस तरह के और अधिक खेल आयोजनों का अनुरोध किया।

## भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने शानदार अंदाज में ली विदाई, मीडिया को दिया आखिरी संदेश

**एजेंसी**

**कोलकाता** कुवैत के खिलाफ अपने आखिरी मैच के बाद भारत के सबसे चमकते सितारे भावुक सुनील छेत्री पोस्ट-गेम प्रेस कॉन्फ्रेंस में नज़र नहीं आए। भारतीय कप्तान आखिरी बार एक ऐसे अंदाज़ में विदा लेने में कामयाब रहे, जो सिर्फ़ वही कर सकते थे, जो क्लास से भरा हुआ था। सुनील छेत्री ने मीडिया को एक पत्र के जरिये अपना आखिरी संदेश दिया।

मीडिया को दिये अपने पत्र में उन्होंने लिखा, पिछले 19 सालों में मुझे आपमें से बहुत से लोगों से कई मौकों पर बातचीत करने का मौका मिला है। कई बार ऐसा हुआ जब मुझे अपनी इच्छा से बहुत कम बोलना पड़ा और कई बार ऐसा हुआ जब मैंने आपके सवालों का जवाब लंबे मोनोलॉग के साथ दिया। छेत्री ने अपने पत्र में लिखा, कुछ जवाब निराशा से भरे थे, कुछ जवाब ऐसे थे जो आपकी झुंझलाहट के लिए बहुत ज़्यादा गैर-प्रतिबद्ध थे और फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस जो जल्दबाजी में खत्म हो गई। लेकिन इन सबके बावजूद,



मैं यह मानना चाहता हूं कि मैं हमेशा आपके साथ ईमानदार रहा हूं। और मैंने हमेशा आपसे बातचीत करना चुना, भले ही इसके लिए मुझे उन कारणों से सुर्खियों में आने का जोखिम उठाना पड़ा जो मुझे पसंद नहीं थे। भारत और कुवैत के बीच गोल रहित ड्रॉ की निराशा के बावजूद, छेत्री को वह विदाई मिली जिसके वे हकदार थे, साल्ट लेक की भीड़ ने तालियाँ बजाई और उस व्यक्ति को नमन किया जिसने भारतीय फुटबॉल को बदल दिया। उन्होंने स्टेडियम में प्रशंसकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अपने साथियों से गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया, जिसके बाद पिच से बाहर निकलने से पहले नंबर 11 के खिलाड़ी की आँखों में आँसू आ गए।

उन्होंने कहा, मैं इस पत्र और इस अवसर के माध्यम से आपको धन्यवाद देना चाहता हूँ - मेरी कहानी बताने में आपने जो भूमिका निभाई है, उसके लिए धन्यवाद। आपने अपनी गद्य और तस्वीरों के माध्यम से मुझे जो प्यार और प्रशंसा दिखाई है, उसके लिए धन्यवाद। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात, उन समयों के लिए धन्यवाद जब आपने मेरे खेलने के तरीके या खुद को प्रस्तुत करने के तरीके का ईमानदारी से आकलन किया है। कुवैत के खिलाफ मैच 39 वर्षीय खिलाड़ी के शानदार राष्ट्रीय करियर का 151वां और अंतिम मैच था और इसे हमेशा प्यार से याद किया जाएगा। अपने पत्र का समापन करते हुए उन्होंने लिखा, आपके पास घर में सबसे अच्छी सीटें थीं और हमेशा रहेंगी। मुझे बस उम्मीद है कि इन 19 सालों में, मैंने उस अनुभव को थोड़ा और खास बना दिया है। शायद मैं एक या दो गेम के लिए आपके डगआउट में शामिल हो जाऊँ। आभार के साथ विदा लेते हुए, सुनील छेत्री।

## गाल प्रो टी20 लीग: प्रियंका बाला संभालेंगी सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की कमान

**एजेंसी**

**कोलकाता (पश्चिम बंगाल)।** कोलकाता में 12 जून से शुरू हो रही बंगाल प्रो टी20 लीग में प्रियंका बाला सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की कप्तानी को लेकर काफी उत्साहित हैं। 11 जून से 28 तक चलने वाली इस रोमांचकारी लीग का महिला चरण 12 जून को साल्ट लेक के जादवपुर विश्वविद्यालय में शुरू होगा। कप्तानी को लेकर प्रियंका बाला कहती हैं, हालांकि मैं पहले भी टीमों की कप्तानी कर चुकी हूं पर बंगाल प्रो टी 20 लीग एक बड़ा मंच है और सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की कप्तानी करना मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मुकाबलों की तैयारी को लेकर प्रियंका ने कहा कि हम अपनी रणनीति के हिसाब से चल रहे हैं और इसके लिए टीम नेट्स में खूब पसीना भी बहा रही है। टीम अपना पहला मुकाबला 12 जून को हार्बर डायमंड्स के खिलाफ खेलेगी।

महिला प्रीमियर लीग 2024 में मुंबई इंडियंस का हिस्सा रहीं प्रियंका कहती हैं, महिला प्रीमियर लीग में मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है, वहां मैंने देशी खिलाड़ियों से लेकर विदेशी खिलाड़ियों तक के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया और उनसे बहुत कुछ सीखा। जिसका फायदा बंगाल प्रो टी 20 लीग में हमें जरूर मिलेगा वह आगे बताती हैं, हम घरेलू टूर्नामेंट में बंगाल के लिए खेलते हैं, लेकिन बंगाल प्रो टी20 लीग एक बड़ा प्लेटफार्म है, जो नए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देगा। अरीवा स्पोर्ट्स की देखरेख में आयोजित बंगाल प्रो टी 20 लीग की नींव आईपीएल की तर्ज पर रखी गई है जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में 8 फ्रेंचाइजी टीमें शामिल हैं और इसकी शुरुआत 11 जून से ईडन गार्डन में होगी।

प्रियंका बाला (मार्की खिलाड़ी), बृष्टि माझी, प्रीति मोंडल, जाह्नवी राज पासवान, दिपिता घोष, पम्पा सरकार, समयिता अधिकारी, मल्लिका रॉय, प्रिया पांडे, अभिश्रुति धर, सोहिनी यादव, अंजलि बर्मन, चंद्रिमा घोषाल, मुस्कान सिन्हा, स्निग्धा बैग, श्रीतामा माली।

## भारतीय पहलवान अमन सेहरावत ने बुडापेस्ट कुश्ती रैंकिंग सीरीज में जीता रजत पदक

**एजेंसी**

**बुडापेस्ट।** भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवान अमन सेहरावत ने गुरुवार को हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित पोलाक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2024 कुश्ती टूर्नामेंट में रजत पदक जीता। 2023 एशियाई चैंपियन, बुडापेस्ट कुश्ती रैंकिंग सीरीज़ में पुरुषों के 57 किग्रा के फाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन और रियो 2016 ओलंपिक रजत पदक विजेता जापान के री हिगुची से 11-1 से हार गए।

हिगुची पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में भी रजत पदक विजेता थे। सहरावत ने क्वार्टर फ़ाइनल में जॉर्जिया के रॉबर्टी डिंगशविली पर 11-1 से जीत के साथ शुरुआत की। उन्होंने 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आर्यन त्सुत्रिन को 14-4 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सहरावत इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान थे। पिछले महीने, 20 वर्षीय भारतीय पहलवान ने तुर्की के इस्तांबुल में विश्व ओलंपिक कुश्ती क्वालीफायर के माध्यम से भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा



हासिल किया। महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप से पेरिस 2024 के लिए कुश्ती में भारत का पहला कोटा हासिल किया था। 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगट (50 किग्रा) और अंशु मलिक (57 किग्रा), अगले दो दिनों में बुडापेस्ट रैंकिंग श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा करेंगी। चल रहा टूर्नामेंट पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले अंतिम कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला है। पहलवान इस मीट में अंक अर्जित करेंगे, जो उनकी रैंकिंग निर्धारित करेगा। रैंकिंग अंततः उन पहलवानों की वरीयता तय करेगी जिन्होंने आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए ओलंपिक कोटा हासिल किया है।

## टी20 विश्वकप: फिर उलटफेर का शिकार हुई पाकिस्तान, इस बार यूएसए ने दी पटखनी

**एजेंसी**

**टेक्सास (अमेरिका)।** टी20 विश्व कप में एक बार फिर पाकिस्तान की टीम उलटफेर का शिकार हुई है। इस बार मेजबान टीम यूएसए ने सुपर ओवर में 5 रन से पाकिस्तान को मात दी है। पाकिस्तान की ओर से बनाए 159 रन के स्कोर की बराबरी करने के बाद यूएसए ने सुपर ओवर में 17 रन बनाए। जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम एक विकेट के नुकसान पर 13 रन ही बना सकी। इस तरह यूएसए ने पांच रन से मैच अपने नाम किया।

इससे पहले, पाकिस्तान ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 159 रन बनाए। पाक टीम के लिए कप्तान बाबर आजम ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। हालांकि बाबर की यह पारी काफी धीमी रही। इसके बाद शादाब खान (25 गेंद में 40 रन) और शाहिन शाह आफरीदी (16 गेंद में 23 रन) ने तेज गति से रन बनाते हुए टीम को 159 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। यूएसए के लिए नेस्तुश कनिग्जे ने 3 और सौरभ नेत्रवल्कर ने 2 विकेट झटके। जबकि अली खान और जसदीप सिंह को एक-एक सफलता




मिली वहीं, पाकिस्तान के दिए 160 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएसए टीम के बल्लेबाजों ने सधी शुरुआत की। यूएसए को पहला झटका 36 के योग पर लगा जब ओपनर स्टीवन टेलर 12 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए कप्तान मोनांक पटेल (50 रन) ने एंड्रयू गस (35 रन) के साथ मिलकर 68 रन की साझेदारी की और टीम को जीत की राह पर ला दिया।। तभी गस और मोनांक एक के बाद एक ओवर में आउट हो गए। तब टीम को जीत के लिए 49 रनों की जरूरत थी। हालांकि एरोन जोंस (36 रन) और नीतीश कुमार (14 रन) के ने दमदार बल्लेबाजी की लेकर टीम के लिए जरूरी 160 रन से एक कदम पीछे रह गए। स्कोर बराबरी पर रहने के बाद सुपर ओवर खेला गया, जिससे यूएसए ने जीत दर्ज की। पाकिस्तान के लिए मो. आमिर, हरीश राउफ और नसीम शाह को एक-एक विकेट मिला।

## न्यूयॉर्क पिचों की गुणवत्ता सुधारने के लिए काम कर रहा है आईसीसी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने स्वीकार किया है कि न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी क्रिकेट ग्राउंड पर अब तक उपयोग की गई दो पिचें घटिया स्तर की हैं और वे इस स्थल पर शेष टी-20 विश्व कप मैचों के लिए इस समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं।

भारत और आयरलैंड के बीच अत्यंत कठिन विकेट पर ग्रुप मैच खेले जाने के एक दिन बाद गुरुवार को आईसीसी ने एक बयान में कहा, नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अब तक उपयोग की गई पिचें उतनी निरंतरता से नहीं खेली गई हैं, जितनी हम चाहते थे। विश्व स्तरीय मैदानों की टीम भारत-



आयरलैंड मैच के समापन के बाद से स्थिति को सुधारने और शेष मैचों के लिए सर्वोत्तम संभव सतह प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। न्यूयॉर्क के नए स्थल पर पहला मैच - जो पार्क की भूमि पर पांच महीने की अवधि में बनाया गया एक पॉप-अप क्रिकेट स्टेडियम है, जिसमें फ्लोरिडा में ड्रॉप-इन पिचें बनाई गई थीं और वहां लाई गई थीं - 3 जून को दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेला गया था। श्रीलंका की टीम पिच नंबर 1 पर 77 रन पर आउट हो गई, और दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य 16.2 ओवर में हासिल कर लिया।

5 जून को भारत ने पिच नंबर 4 पर आयरलैंड को 96 रनों पर आउट कर दिया, और हालांकि उन्होंने आठ विकेट से जीत हासिल की, लेकिन उनके दो बल्लेबाजों - रोहित शर्मा और ऋषभ पंत - को शरीर पर चोटें आईं। रोहित को हाथ पर चोट लगने के कारण रिटायर हर्ट होना पड़ा। आयरलैंड के हैरी टेक्टर को भी जसप्रीत बुमराह की तेज बाउंसर से उंगली पर चोट लगी। भारत-आयरलैंड मैच के बाद, कई पूर्व क्रिकेटरों ने पिच की कड़ी आलोचना की। पिच नंबर 2 और 3 का अभी तक खेलों के लिए इस्तेमाल नहीं किया गया है और यह देखा गया है कि इनमें से एक सतह से घास काट दी गई है। न्यूयॉर्क के इस मैदान पर छह और ग्रुप गेम होने हैं, जिसमें 9 जून को भारत बनाम पाकिस्तान का मैच भी शामिल है।

## मशहूर खिलाड़ी नबी ने कहा- सुनील छेत्री का रिकॉर्ड तोड़ पाना मुश्किल

**एजेंसी**

**कोलकाता।** भारत के पूर्व मिडफील्डर सैयद रहीम नबी ने गुरुवार को कोलकाता में सुनील छेत्री की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस स्टार फुटबॉलर ने जो रिकॉर्ड बनाए हैं, उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा। नबी ने यहां कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच से पहले कहा कि उन्होंने (छेत्री) जो रिकॉर्ड बनाए हैं उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा।

उन्होंने कहा कि आईएम विजयन की जगह बाईचुंग भूटिया ने ली थी एवं भूटिया की जगह छेत्री ने ली थी। छेत्री की जगह भी कोई खिलाड़ी ले लेगा लेकिन उनका रिकॉर्ड क्या शानदार है। छेत्री और नबी ने भारत की तरफ से कई मैच एक साथ खेले हैं। कोलकाता में हुए



कुवैत के खिलाफ मैच सुनील छेत्री का अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच रहा है। सुनील छेत्री ने सन्यास की घोषणा पहले ही कर दी थी।

## भारत के लिए अंतिम मैच खेलने के बाद खेल जगत ने सुनील छेत्री को दीं शुभकामनाएं

**एजेंसी**

**कोलकाता।** विश्व कप क्वालिफिकेशन मैच में भारत के लिए सुनील छेत्री के अंतिम मैच के बाद, भारतीय खेल जगत ने उन्हें उनके शानदार करियर और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत ने ब्लू टाइगर्स के कप्तान की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह खेल के सच्चे दिग्गज हैं। छेत्री ने 2002 में मोहन बागान में अपने पेशेवर फुटबॉल सफर की शुरुआत की। छेत्री ने भारत को 2007, 2009 और 2012 नेहरू कप, साथ ही 2011, 2015, 2021 और 2023 सैफ चैंपियनशिप जीतने में मदद की। उन्होंने 2008 एएफसी चैलेंज कप में भी भारत को जीत दिलाई, जिसने भारत को 27 वर्षों में अपने पहले एएफसी एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने में मदद की। 39 वर्षीय छेत्री द्वारा ब्लू टाइगर्स के लिए अपना आखिरी मैच खेलने के बाद ऋषभ पंत ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर जाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। पंत ने एक्स पर लिखा, खेल के सच्चे दिग्गज! आपको शुभकामनाएं सुनील छेत्री



भाई। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि छेत्री ने भारतीय ध्वज को ऊंचा रखा और 39 वर्षीय खिलाड़ी को उनके शानदार करियर के लिए बधाई भी दी। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, कोई भी लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं है। 94 अंतरराष्ट्रीय लक्ष्यों को तो छोड़ ही दीजिए। आपने झंडा ऊंचा रखा है, सुनील छेत्री। शानदार करियर के लिए बधाई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कहा कि सुनील छेत्री देश के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं और एक अविस्मरणीय विरासत छोड़ गए हैं। केकेआर ने एक्स पर पोस्ट किया, 19 साल। 94 गोल। 151 मैच। देश को प्रेरित करने और मैदान पर एक अविस्मरणीय विरासत छोड़ने के लिए सुनील छेत्री को धन्यवाद। कोलकाता में आपके अंतिम मैच की मेजबानी करना सम्मान की बात थी। आप हमेशा हमारे हीरो रहेंगे! एक अविश्वसनीय करियर के लिए शुभकामनाएं।

कुवैत के खिलाफ मैच की बात करें तो इस मुकाबले में ब्लू टाइगर्स ने खेल के पहले हाफ में कई मौके बनाए लेकिन कप्तान सुनील छेत्री के अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत हासिल करने के लिए गोल करने में विफल रहे। इस बीच, दूसरे हाफ में कुवैत की टीम ने खेल में वापसी की लेकिन भारतीय गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू गोलपोस्ट के नीचे खड़े होकर उन्हें रोकने में सफल रहे। दूसरे हाफ में भारतीय कप्तान सुनील छेत्री हेडर से भारत को बढ़त दिलाने के करीब पहुंचे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। कई मौके बनाने के बाद भी ब्लू टाइगर्स गोल करने में विफल रहे और सुनील छेत्री का विदाई मैच गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ।

## भारतीय घरेलू क्रिकेट सत्र 2024-25 सितंबर से होगा शुरु, महिला चैलेंजर ट्रॉफी की वापसी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय घरेलू क्रिकेट सत्र 2024-25 के लिए कैलेंडर की घोषणा कर दी है, जिसमें दलीप ट्रॉफी सबसे पहले 5 सितंबर से अनंतपुर में शुरु होगी। जैसा कि पहले बताया गया था, रणजी ट्रॉफी अब दो चरणों में खेली जाएगी, जिसमें सफेद गेंद की प्रतियोगिताओं के लिए एक विंडो दी गई है।

बीसीसीआई की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, रणजी ट्रॉफी का फाइनल मार्च 2025 में होना तय है। इसके अलावा, बीसीसीआई ने यह भी खुलासा किया है कि वे सीके नायडू ट्रॉफी (अंडर-23 क्रिकेट) में एक नई अंक प्रणाली का परीक्षण करेंगे। इसमें पहली पारी में बल्लेबाजी और गेंदबाजी कौशल के लिए अंक दिए जाएंगे, साथ ही पहली पारी में बढ़त हासिल करने या पूरी जीत हासिल करने के लिए अंक दिए जाएंगे। बीसीसीआई ने यह भी कहा कि मूल्यांकन के बाद इसे रणजी ट्रॉफी में




भी शामिल किया जा सकता है। टूर्नामेंट में टॉस की व्यवस्था भी समाप्त कर दी जाएगी और मेहमान टीम को यह चुनने का मौका मिलेगा कि वे क्या करना चाहते हैं।

सैयद मुश्ताक अली (टी20 टूर्नामेंट) अब नवंबर और दिसंबर के बीच खेला जाएगा, जिसके ठीक बाद विजय हजारे ट्रॉफी होगी जो दिसंबर में शुरू होगी और रणजी ट्रॉफी के फिर से शुरू होने से पहले जनवरी में समाप्त होगी।

बयान में कहा गया है, खिलाड़ियों के कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए मैचों के बीच एक लंबा अंतराल शामिल किया गया है, जिससे रिकवरी और निरंतर शीर्ष प्रदर्शन के लिए पर्याप्त समय सुनिश्चित हो सके।

**महिलाओं के लिए चैलेंजर ट्रॉफी की वापसी**

महिला क्रिकेट के लिए, चैलेंजर ट्रॉफी, जिसमें चयनकर्ताओं द्वारा टीमों का चयन किया जाता है, एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त है। चैलेंजर ट्रॉफी आखिरी बार 2021-22 में वनडे प्रारूप में और 2022-23 में टी20 प्रारूप में खेली गई थी। 2023-24 में क्षेत्रीय प्रारूप में फिर से शुरू किया गया बहु-दिवसीय टूर्नामेंट अब चैलेंजर ट्रॉफी के रूप में खेला जाएगा।

बीसीसीआई ने कहा, वन-डे, टी20 और बहु-दिवसीय प्रारूपों में फैले सभी महिला चैलेंजर टूर्नामेंट में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा चुनी गई टीमें शामिल होंगी।

## 'हमारे कोर ग्रुप में...', पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले हार्दिक ने भारतीय गेंदबाजों की तारीफ की

**न्यूयार्क।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण में काफी अनुभव और ईमानदारी है तथा उन्हें विश्वास है कि टी20 विश्व कप में वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। भारत ने बुधवार को आयरलैंड को 8 विकेट से हराकर विश्व कप में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

**हार्दिक ने कही यह बात**

हार्दिक ने बीसीसीआई टीवी से कहा- हमें आज बताया गया कि हमारी टीम के पास कुल 892 टी20 मैच खेलने का अनुभव है जो बहुत अधिक है। हमारे गेंदबाजी कोर ग्रुप में काफी अनुभव और काफी ईमानदारी है। हमें आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान विकेट से भी काफी मदद मिली।

**सकारात्मक शुरुआत से खुश हैं हार्दिक**

हार्दिक ने कहा कि टीम टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करके काफी खुश है। उन्होंने कहा, 'हमने जिस तरह से शुरुआत की है उससे हम बहुत खुश हैं। लय हासिल करना बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि एक बार टूर्नामेंट शुरू होने के बाद यह आगे बनी रहती है। जब आप कड़ी मेहनत करते हैं और आपको उसके कारण सफलता मिलती है तो बहुत अच्छा लगता है। इसके अलावा यहां खेलना भी काफी रोमांचक है।

**हार्दिक ने मेहनत पर दिया यह बयान**

मैच के बाद टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा की हार्दिक मैच में चार ओवर करने के लिए तैयार था तथा लगातार चोटों से परेशान रहे इस 30 वर्षीय ऑलराउंडर ने कहा कि वह अपने काम पर ध्यान दे रहे हैं। हार्दिक ने कहा, जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं उनके लिए सब कुछ अनुकूल हो जाता है। खुद पर भरोसा रखना और अपनी क्षमता की पहचान करना महत्वपूर्ण है क्योंकि आप जानते हैं कि 30 वर्ष के हार्दिक का काम 60 वर्ष के हार्दिक से कहीं ज्यादा आसान है। हार्दिक का ध्यान पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले महत्वपूर्ण मैच पर टिका है। हार्दिक ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच मैच बेहद रोमांचक होता है। इसमें बहुत सारा उत्साह और भावनाएं जुड़ी होती हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 08 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

**फास्ट न्यूज**

## नीट में गड़बड़ियों के आरोपों की जांच कराए केंद्रः गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) के परिणाम में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से इस मामले की गंभीरता से जांच करने की मांग की है।

गहलोत ने नीट परीक्षा के परिणाम में गड़बड़ियों के आरोपों को लेकर सरकार से सवाल किया है। गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में लिखा कि पहले नीट परीक्षा और अब इसके रिजल्ट को लेकर अभ्यर्थियों ने गड़बड़ी की आशंकाएं जताई है। रिजल्ट में आसपास रोल नंबर वाले अभ्यर्थियों के टॉप करने समेत ऐसे कई पहलू सामने आ रहे हैं, जिससे परीक्षा में गड़बड़ी की आशंकाओं को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि यह लाखों बच्चों के भविष्य एवं मेडिकल प्रोफेशन की क्रेडिबिलिटी का सवाल है इसलिए केंद्र सरकार और एनटीए इसे गंभीरता से लेकर जांच करे एवं सभी के साथ न्याय सुनिश्चित करे।

**नवनिर्वाचित सांसदों ने की मुलाकात:** प्रदेश की लोकसभा सीटों पर जीतकर आए कांग्रेस के तीन नवनिर्वाचित सांसदों ने गहलोत के घर जाकर उनसे मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ये जानकारी देते हुए लिखा कि आज निवास पर झुंझुनू से नवनिर्वाचित सांसद बृजेन्द्र ओला, दौसा से नवनिर्वाचित सांसद मुरारी लाल मीणा एवं डूंगरपुर-बांसवाड़ा से नवनिर्वाचित युवा सांसद राजकुमार रौत से मुलाकात कर जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं उल्लेखनीय है कि पंजाब में प्रचार के दौरान स्लिप डिस्क की समस्या होने के बाद से गहलोत को डॉक्टर ने आराम की सलाह दी है। इसके बाद से अपने निवास पर रेस्ट पर हैं।

## गोपाल ठाकुर एवं देवेश को मंत्रिमंडल में शामिल करें: मंच

**टीम एक्शन इंडिया**

**मधुबनी:** भाजपा बुद्धिजीवी मंच के सदस्यों ने लोकसभा चुनाव में विजयी दो मैथिल ब्राह्मणों की भागीदारी मंत्रिमंडल में होने की मांग शुक्रवार को केन्द्रीय एनडीए नेतृत्व से दोहराया शहर के बुद्धिजीवियों व भाजपा के जमीनी कार्यकताओं ने कहा कि इस चुनाव में दरभंगा से भाजपा उम्मीदवार गोपाल जी ठाकुर दूसरी बार अपार बहुमत से विजयी हुए हैं। सीतामढ़ी संसदीय क्षेत्र से मैथिल ब्राह्मण वर्ग से कद्दावर नेता पूर्व मंत्री देवेश चन्द्र ठाकुर ने विपरीत परिस्थित में जीत हासिल किया।

# आकांक्षात्मक जिलों में योजनाओं को लगे पंख

## वित्तीय संस्थाओं तथा केन्द्र व राज्य सरकार के मध्य सेतु का काम करने वाला फोरम है

**समीक्षा**

▸▸ फोरम में त्रैमासिक बैठकों के माध्यम से विभिन्न विकास कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जाती है



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** प्रदेश के आठ आकांक्षात्मक जिलों में केंद्र सरकार की वित्तीय योजनाओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। प्रदेश की योगी सरकार की देखरेख में राज्य में चल रही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) ने लक्ष्य के सापेक्ष 332 प्रतिशत अधिक उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के सामने प्रस्तुत की गई राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है। गौरतलब है कि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति विभिन्न बैंको, अन्य वित्तीय संस्थाओं तथा केन्द्र व राज्य सरकार के मध्य सेतु का काम करने वाला फोरम है। इस फोरम में त्रैमासिक बैठकों के माध्यम से विभिन्न विकास कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जाती है तथा विभिन्न मानकों में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए रणनीति तैयार की जाती है। उत्तर प्रदेश में इस फोरम का संयोजन बैंक ऑफ बड़ौदा करता है।

**अटल पेंशन योजना में फतेहपुर ने रचा कीर्तिमान:** प्रदेश में आठ आकांक्षात्मक जिले हैं, जहां विकासपरक योजनाओं की स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने स्तर पर मॉनिटरिंग करते हैं। इनमें बहराइच, बलरामपुर, चंदौली, चित्रकूट, फतेहपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर और सोनभद्र जिले शामिल हैं। यहां विकास की योजनाओं को तेज और पारदर्शी ढंग से धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश सरकार और राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा कई वित्तीय सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इनमें पीएमजेजेवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के मामले में इन जिलों ने बेहतरीन परफॉर्मेंस किया है। वहीं फतेहपुर ने एपीवाई के नेशनल बेंचमार्क (प्रति लाख की आबादी पर 2886 लाभार्थी) से भी अधिक 9578 यानी 332 प्रतिशत अधिक लक्ष्य की प्राप्ति हुई है।

**एपीवाई में सभी आकांक्षात्मक जिले 100 प्रतिशत लक्ष्य के पार:** अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के मामले में 2886 लाभार्थी प्रति लाख आबादी के लक्ष्य के सापेक्ष बहराइच ने 4399 लाभार्थी यानी 152 प्रतिशत, बलरामपुर ने 4559 यानी 158 प्रतिशत, चंदौली ने 5013 यानी 174 प्रतिशत, चित्रकूट ने 6717 यानी 233 प्रतिशत, फतेहपुर ने 9578 यानी 332 प्रतिशत, श्रावस्ती ने 3182 यानी 110 प्रतिशत, सिद्धार्थनगर ने 4563 यानी 158 प्रतिशत और सोनभद्र ने 4251 यानी 147 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति की है।

### जीवन ज्योति बीमा योजना में चित्रकूट अव्वल

**आकांक्षात्मक** जनपदों के परफॉर्मेंस पर एक नजर डालें तो प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेवाई) में बहराइच ने प्रति लाख की आबादी पर 9772 लाभार्थी के लक्ष्य के सापेक्ष 13977 का लक्ष्य प्राप्त किया है, जोकि 143 प्रतिशत है। ऐसे ही बलरामपुर 8183 यानी 84 प्रतिशत, चंदौली 7980 यानी 82 प्रतिशत, चित्रकूट 14681 यानी 150 प्रतिशत, फतेहपुर 13537 यानी 130 प्रतिशत, श्रावस्ती 11955 यानी 122 प्रतिशत, सिद्धार्थनगर 8854 यानी 91 प्रतिशत और सोनभद्र ने 12663 लाभार्थी प्रति लाख की आबादी के हिसाब से 130 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त किया है। (पीएमएसबीवाई) के मामले में 30303 लाभार्थी प्रति लाख आबादी के लक्ष्य के सापेक्ष बहराइच ने 25866 लाभार्थी यानी 85 प्रतिशत है।

## खाटू बाबा का दरबार 10 जून को दिनभर बंद रहेगा



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** सीकर के खाटू बाबा का दरबार 10 जून को दिनभर बंद रहेगा। उनके तिलक व विशेष सेवा पूजा के कारण पट को बंद रखने का ऐलान किया गया है। नौ जून की रात 10 बजे से ही आम लोगों के दर्शन पर पाबंदी लगा दी जाएगी। इसके बाद करीब 20 घंटे बाद ही मंदिर के दर्शन आमजन कर सकेंगे। इस दौरान बाबा श्याम की विशेष पूजा और तिलक की जाएगी। विशेष पूजा 10 जून को शाम तक खत्म हो जाएगी। इसके बाद शाम के पांच बजे से आम लोगों के लिए पट खोल दिए जाएंगे व भक्तगण बाबा श्याम के दर्शन कर सकेंगे। खाटू नरेश की एक दिन में पांच बार आरती होती है। इस साल 2024 में मंदिर कमेटी द्वारा बाबा श्याम की आरती का ग्रीष्मकालीन समय इस प्रकार है। मंगला आरती- सुबह 4:30 बजे, श्रृंगार आरती- सुबह 7:00 बजे, भोग आरती- दोपहरः 12:30 बजे, संध्या आरती- शामः 7:30 बजे, शयन आरती- रात्रिः 10:00 बजे है।

**विशेष सेवा**

▸▸ मंदिर के दर्शन आमजन कर सकेंगे। इस दौरान बाबा श्याम की विशेष पूजा और तिलक की जाएगी

## भाजपा के मुद्दों के विरोध में हुआ मतदानः पायलट

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर: पूर्व उप मुख्यमंत्री** और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव ने यह दिखाया है कि देश के लोग किस प्रकार की राजनीति को पसन्द करते है। दस साल के भाजपा के शासन में लोगों ने देखा कि भाषण, बैनर, पोस्टर, टेलीविजन की राजनीति थी और देश में अमीर गरीब की खाई बढी है। दस साल में अप्रत्याशित बेरोजगारी बढ़ गई। लोगों ने इसके विरोध में मतदान किया। आर्थिक स्थिति से चंद लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार ने काम किया। जनता ने कांग्रेस और आईएनडीआईए के पक्ष में और भाजपा-एनडीए के विरोध में मतदान किया है। पूर्व उप मुख्यमंत्री पायलट जयपुर से जालोर जाते समय अजमेर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश में महंगाई और अमीर-गरीब के बीच की खाई को मोदी सरकार ने बढ़ाने का काम किया।



**निशाने पर**

▸▸ इस लोकसभा चुनाव ने यह दिखाया है कि देश के लोग किस प्रकार की राजनीति को पसन्द करते है: सचिन

## मोदी के पीएम बनने की खुशी में जश्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुर:** बरौंधा कचार स्थित भाजपा कार्यालय पर तीसरी बार बनने जा रही मोदी सरकार के जश्न में कार्यकताओं ने शुक्रवार को हर्षोल्लास पूर्वक एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर उत्सव मनाया।

## हेल्थ सेक्टरः 35 हेल्थ यूनिट्स को मिला 'एनक्वास'

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के योगी सरकार के प्रयास का ही नतीजा है कि प्रदेश की 35 और स्वास्थ्य इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) सर्टिफिकेट मिला है। इसके साथ ही प्रदेश में एनक्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाइयों की संख्या बढ़कर 217 पहुंच गई है। यह प्रमाण पत्र प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों को गुणवत्तापूर्ण इलाज, स्वास्थ्य के मानकों को पूरा करने एवं उस पर खरा उतरने पर मिला है। गौरतलब है कि एनक्वास के तहत स्वास्थ्य इकाइयों की सेवा गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिए किए गए ठोस प्रयासों से प्रेरित होकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक डा. पिंकी जोवल ने हाल ही में प्रदेश के सभी अपर निदेशकों व सीएमओ को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि वर्ष 2025 तक 50 प्रतिशत और वर्ष 2026 तक सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास प्रमाणित कराने के निर्धारित लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में अपने कार्य को गति दें।



**सर्टिफिकेट**

▸▸ स्वास्थ्य इकाइयों को गुणवत्तापूर्ण इलाज, स्वास्थ्य के मानकों को पूरा करने एवं उस पर खरा उतरने पर मिला

**32 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और 03 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला प्रमाण पत्र:** एनएचएम की मिशन निदेशक ने बताया कि सीएम योगी की नीतियों का असर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में दिखने लगा है। इसके तहत प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों में प्रदेशवासियों को सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज दिया जा रहा है। यही वजह है कि पिछले पांच माह में 35 स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास प्रमाण पत्र मिला है, जिसमें 32 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं।

## भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि से स्टार्टअप इकाइयों की 'घर' वापसी हुई तेज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: वाणिज्य** सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा है कि भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि के चलते पूंजी तक पहुंच और कर लाभ के लिए विदेश जाने वाले स्टार्टअप अब घर लौट रहे हैं। बर्थवाल ने बताया कि भारत की विकास दर अन्य उभरती हुई बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में लगभग दोगुनी है। सिंगापुर में भारत-प्रशांत आर्थिक ढांचे (आईपीईएफ) स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ ही कृत्रिम मेधा (एआई) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां और डेटा सेंटर भविष्य में भारत की वृद्धि की कुंजी हैं। बर्थवाल ने बताया कि कैसे यह मजबूत वृद्धि 'रिवर्स फि्लपिंग' की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा दे रही है, जहां भारतीय स्टार्टअप जो कभी पूंजी तक पहुंच और कर लाभों के लिए विदेश चले गए थे, अब स्वदेश लौट रहे हैं। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि कैसे डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ-साथ एआई जैसी उभरती हुई तकनीकें और डेटा सेंटर का उदय भविष्य के भारतीय विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। बैठक में वैश्विक निवेशकों और वित्तीय संस्थानों से 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए 15 से ज्यादा भारतीय फर्मों ने व्यक्तिगत तौर पर भाग लिया। इनमें अमेरिका, सिंगापुर, जापान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और अन्य देशों के वैश्विक निवेशकों साथ ही भारत के निजी क्षेत्र और सरकारी अधिकारी शामिल थे।

**आर्थिक वृद्धि**

▸▸ भारत की विकास दर अन्य उभरती हुई बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में लगभग दोगुनी है

## ओली के फिर बिगड़े बोल, राम जन्मभूमि नेपाल में होने का किया दावा

**टीम एक्शन इंडिया**

**काठमांडू:** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। प्रधानमंत्री रहते हुए श्रीराम जन्मभूमि नेपाल में होने का दावा करने वाले ओली ने एक बार फिर यह विवादित बात कही है। चितवन में अपनी पार्टी के एक कार्यक्रम में ओली ने कहा कि राम का जन्म नेपाल के चितवन में रहे माडी में ही हुआ था। ओली यहीं नहीं रुके। उन्होंने तर्क दिया कि कई शास्त्रों में भगवान राम का जन्म चितवन के माडी में होने की बात का उल्लेख है। ओली ने कहा कि माडी में रहे अयोध्यापुरी में ही राम का जन्म हुआ था लेकिन नेपाल में कोई भी यह बात बोलने की हिम्मत नहीं करता है। ओली ने शिकायत की है कि ना तो नेपाल की सरकार और ना ही नेपाल की जनता इस बात को बोलती है। उन्होंने कहा कि नेपाल के पंडित भी इस बारे में नहीं बोलते हैं। ओली ने पार्टी की सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब वो प्रधानमंत्री थे तो उन्होंने इस मुद्दे को उठाया तो लोगों ने उनका मजाक बनाया था। इसके बावजूद उन्होंने इस पर कभी भी अपना दावा नहीं छोड़ा। ओली का कहना है कि माडी के अयोध्यापुरी में उन्होंने श्रीराम मंदिर का निर्माण करवाया है।

## केरल सरकार ने रेबीज संक्रमण को रोकने के लिए जारी किए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**तिरुवनंतपुरम:** केरल सरकार ने स्कूली बच्चों में रेबीज संक्रमण की रोकथाम के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। आदेश में छात्रों को रेबीज संक्रमण से बचाने के लिए स्कूल परिसरों में आवारा कुत्तों के रहने और उनके प्रजनन पर रोक लगाना भी शामिल है। यह दिशानिर्देश सामान्य शिक्षा विभाग ने जारी किया है। बयान में कहा गया है कि स्कूल परिसर में आवारा कुत्तों के रहने और प्रजनन को रोकने के अलावा, छात्रों को रेबीज और इसकी रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए।

**जानवर ने खरोंच मारी हो तो फौरन शिक्षकों को सूचित करें:** साथ ही दिशा-निदेर्शों में यह भी सिफारिश की गई है कि छात्रों से कहा जाए कि अगर उन्हें किसी जानवर ने खरोंच मारी हो या काट लिया हो तो वे तुरंत अपने शिक्षकों या अभिभावकों को सूचित करें। इसके अलावा निर्देश में कहा गया है कि रेबीज संक्रमण के खिलाफ सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 13 जून को स्कूलों में एक विशेष सभा आयोजित की जाए।

## सुरजेवाला की गद्दारी के कारण चुनाव हारे सुशील:ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल: आम आदमी** पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा है कि कांग्रेस के विधायकों और नेताओं के भीतर घाट के कारण कुरुक्षेत्र के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सुशील गुप्ता को हर का सामना करना पड़ा। कैथल में सुरजेवाला की गद्दारी के कारण सुशील गुप्ता 17 हजार वोटों से हारे। वे शुक्रवार को यहां पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। कैथल में रणदीप सुरजेवाला कांग्रेस के इतने बड़े और राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं और कहते हैं कि कैथल में उनका सिक्का चलता है। ये समझ आता है कि पिछले विधानसभा चुनाव में वो मुश्किल परिस्थितियों में 500, 700 वोटों से रह गए थे। लेकिन ये समझ नहीं आता कि बीजेपी के खिलाफ विरोधी लहर होने के बावजूद, कैथल के कैंपेन का प्रतिनिधित्व करने वाले रणदीप सुरजेवाला के क्षेत्र में गठबंधन 17 हजार वोट पीछे कैसे रह गया। सुरजेवाला अपना बूथ भी नहीं बचा पाए।





**आरोप**

▸▸ जहां कांग्रेस के कद्दावर नेता और विधायक वहीं पर गठबंधन का हारना इत्तेफाक नहीं

दूसरी तरफ थानेसर में अशोक अरोड़ा पिछले विधानसभा चुनाव में 500 वोट से हारे थे। यदि उनके क्षेत्र में गठबंधन 18 हजार वोट से हार जाए तो ये सब इत्तेफाक नहीं हो सकता। रादौर में और लाडवा में कांग्रेस के विधायक हैं।

## झारखंड विधानसभा चुनाव की कवायद शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची:** लोकसभा चुनाव के बाद चुनाव आयोग साल के अंत में होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को बैठक हुई, जिसमें बीते लोकसभा चुनाव की समीक्षा की गई। साथ ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने के निर्देश दिए गए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की मौजूदगी में हुई इस बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी के अलावा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से निर्वाचन कार्य से जुड़े जिलास्तर के पदाधिकारी शामिल हुए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिन बूथों पर कम वोटिंग हुई है, उसके कारणों को जानने के लिए चुनाव आयोग की टीम जिलों का दौरा करेगी। इन जगहों में मतदान क्यों कम हुए हैं, इसे जानने के लिए संत जेवियर्स के रिसर्च टीम को भी जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा जुलाई के पहले सप्ताह से फील्ड विजिट भी होगा। इस साल होने वाले झारखंड विधानसभा के चुनाव को ध्यान में रखते हुए आयोग ने तैयारी शुरू करते हुए सभी उप निर्वाचन पदाधिकारी को मतदाता सूची में लोकसभा चुनाव के दौरान आई शिकायतों को दूर करने का निर्देश दिया है। साथ ही मतदाताओं से अपील की है कि समय रहते मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने का काम करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आम लोगों से अपील किया कि मतदाता सूची से संबंधित जो कुछ भी शिकायतें हैं, उसे दूर करने के लिए वोटर को समय पर पहल करनी होगी। अभी वक्त है। विधानसभा चुनाव से पहले ही बीएलओ के माध्यम से इस दिशा में कदम उठाएं।

**तैयारी शुरू**

▸▸ कम वोटिंग प्रतिशत के कारणों को जानने के लिए फील्ड विजिट करेगी आयोग की टीम: रवि कुमार

**नोटिस** कंपनी बाग में लप्टन क्लब के पास आवास 1995 में उनके महापौर रहते हुए आवंटित हुआ था। हुमायूं कदीर की मृत्यु 2017 में हो चुकी है, जबकि पत्नी दो साल से बेटे के पास अमेरिका में रह रही

## यूपी में निगम ने ताला तोड़कर खाली कराया पूर्व महापौर का सरकारी आवास

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद।** नगर निगम ने पूर्व महापौर स्व. हुमायूं कदीर को आवंटित सरकारी आवास गुरुवार को कब्जा मुक्त कराया। कंपनी बाग में लप्टन क्लब के पास आवास 1995 में उनके महापौर रहते हुए आवंटित हुआ था। हुमायूं कदीर की मृत्यु 2017 में हो चुकी है, जबकि पत्नी फिरदौस दो साल से बेटे के पास अमेरिका में रह रही हैं। तब से इस आवास पर ताला लटका हुआ था। सरकारी आवास खाली कराने को कई बार नगर निगम की ओर से नोटिस दिए जाते रहे हैं। आठ मई को भी नोटिस दिया गया था। लेकिन, स्वजन आवास खाली करने नहीं आए तो सरकारी आवास पर नोटिस चस्पा कर दिया गया। महापौर का कार्यकाल खत्म होने के बाद 24 सालों से स्वजन का आवास पर कब्जा था। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल द्वारा गठित टीम गुरुवार को हुमायूं कदीर को आवंटित आवास खाली कराने टीम पहुंच गई। ताले तोड़कर सिविल लाइंस पुलिस की मौजूदगी में पूरे आवास की वीडियोग्राफी कराई गई। आवास कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार के निर्देशन में चली। हुमायूं कदीर का पैतृक आवास तहसील स्कूल के पास है। आवास में रखे सामान की सूची मुख्य सुरक्षा अधिकारी अविनाश गौतम, संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, सहायक अभियंता रईस अहमद, विजेंद्र पाल, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एसके शाही, सिविल पुलिस इंस्पेक्टर अवध बिहारी की देखरेख में चली।

इस दौरान सूचना पाकर हुमायूं कदीर की बेटी अनम अपने पति के साथ और भाई मकी दोपहर तीन बजे मौके पर पहुंच गए। उन्होंने अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार से बात की। अपर नगर आयुक्त ने पूर्व में दिए गए नोटिस की अवधि पूरी होने के बाद भी आवास खाली नहीं करने का हवाला दिया। नोटिस की अवहेलना के बाद ही सरकारी आवास खाली कराया। वर्तमान में बाजार कीमत आकलन छह से साढ़े छह करोड़ रुपये आंकी गई है। हुमायूं कदीर के भाई मकी ने कोर्ट में पैरवी की बात कही।



**कब्जा हटा**

▸▸ ताले तोड़कर सिविल लाइंस पुलिस की मौजूदगी में पूरे आवास की वीडियोग्राफी कराई गई